kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-97 ❑ गुरुवार, 08 मई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



दुनिया को आतंकवाद पूरी तरह अस्वीकार करने की नीति पर काम करना चाहिए। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक लाइन में विदेश मंत्री ने कहा, ल्दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति दिखानी चाहिए।

विदेश मंत्री

कैबिनेट ने पांच आईआईटी की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की क्षमता विस्तार को मंजूरी दी 11

बठिंडा: अज्ञात विमान दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत, नौ घायल 12

# ऑपरेशन सिंदूर से सहमा पाकिस्तान

## भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के नौ आंतकी अड्डों को बनाया निशाना, सैकड़ों आतकी ढेर



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए मंगलवार को आधी रात के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए हैं। इस सैन्य कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने इसे एक सुनियोजित, संतुलित और सीमित जवाबी कार्रवाई बताया है, जिसका मकसद आतंकवाद के केंद्रों को खत्म करना है, न कि किसी देश की सेना को निशाना बनाना। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पूरी तरह उन ठिकानों पर केंद्रित था, जहां से भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों की योजना बनाई जाती थी। हमला सावधानीपूर्वक चुने गए लक्ष्यों पर किया गया और इस दौरान पाकिस्तानी सेना के किसी भी अड्डे को निशाना नहीं बनाया गया। यह कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई, जिसमें 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। भारत सरकार ने इस हमले के जिम्मेदारों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि ऐसे हर हमले का जवाब कड़ा और निर्णायक होगा। भारत की इस सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष 'शांति' की दुहाई दी है। इंटर-सर्विसेज ● शेष पेज 11 पर

## हमारे रॉकेट 140 करोड़ भारतीयों के सपनों को लेकर चलते हैं : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारतीय रॉकेट 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के लेकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष विजन वसुधैव कुटुम्बकम के प्राचीन दर्शन में निहित है।प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन स्पेस एक्सप्लोरेशन (जीएलईएक्स) 2025 को संबोधित किया। दुनिया भर से आए प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष यात्रियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने जीएलईएक्स 2025 में भारत की उल्लेखनीय अंतरिक्ष यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा कि अंतरिक्ष केवल एक गंतव्य नहीं है, बल्कि यह जिज्ञासा, साहस और सामूहिक प्रगति की घोषणा है। 1963 में एक छोटे रॉकेट को लॉन्च करने से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनने तक, हमारी यात्रा उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय



रॉकेट पेलोड से कहीं अधिक ले जाते हैं। वे 140 करोड़ भारतीयों के सपनों के लेकर जाते हैं। भारत की अंतरिक्ष प्रगति महत्वपूर्ण वैज्ञानिक मील का पत्थर है और यह इस बात का प्रमाण है कि मानवीय भावना गुरुत्वाकर्षण को चुनौती दे सकती है। उन्होंने 2014 में अपने पहले प्रयास में मंगल पर पहुंचने की भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि को याद किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी की खोज में मदद की, चंद्रयान-2 ने चंद्र सतह की उच्चतम-रिज़ॉल्यूशन वाली तस्वीरें ● शेष पेज 11 पर

## सीमावर्ती गांवों में पाकिस्तानी सेना की भारी गोलाबारी, 12 लोगों की मौत

एजेंसी

जम्मू। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को जम्मू एवं कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास अग्रिम गांवों को निशाना बनाकर भारी तोपखाने और मोर्टार से गोलाबारी की, जिसमें चार बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हो गए हैं। भारतीय सेना गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है, जिसमें पाकिस्तान के कई लोग हताहत हुए हैं और उनकी कई चौकियां नष्ट हो गई हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए मंगलवार-बुधवार की



रात को हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना ने सुबह एलओसी के पास अग्रिम गांवों को निशाना बनाकर भारी तोपखाने और मोर्टार से गोलाबारी की। हालांकि भारतीय सेना गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है, लेकिन दुश्मन पक्ष के कई लोग हताहत हुए हैं और गोलीबारी में शामिल उनकी कई चौकियां नष्ट हो गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी गोलाबारी से सबसे ज्यादा नुकसान पुंछ जिले में हुआ है, जहां 12 नागरिक मारे गए हैं और 42 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। पाकिस्तान की ओर से की गई अंधाधुंध गोलाबारी से सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई है जिन्हें मजबूरन भूमिगत बंकरों में शरण लेनी पड़ी है या अपने गांवों के अंदर या बाहर ● शेष पेज 11 पर

## जैश-ए-मोहम्मद का 15 एकड़ क्षेत्र में फैला मुख्यालय, मरकज सुभान अल्लाह तबाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 सैलानियों में विधवा हुई महिलाओं की मांग से उजड़े सिंदूर का बदला लेने के लिए मंगलवार आधी रात को महज 25 मिनट के 'ऑपरेशन सिंदूर' में नौ आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए। भारत ने बिना सीमा पार किए हैमर, स्कल्प और मिसाइलों से पाकिस्तान और पीओके में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकाने बर्बाद कर दिए। इसमें सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बहावलपुर में स्थित जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय मरकज सुभान अल्लाह रहा।

मरकज सुभान अल्लाह जैश-ए-

**तबाह**

❑ पुलवामा हमले के लिए प्रशिक्षण केंद्र था, जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे

मोहम्मद का सबसे महत्वपूर्ण आतंकी केंद्र था, जो बहावलपुर में 15 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। यह केंद्र पुलवामा हमले जैसे आतंकी हमलों की योजना और प्रशिक्षण का गढ़ रहा है। मरकज सुभान अल्लाह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बहावलपुर के बाहरी इलाके में एनएच-5 कराची-तोर्क हम राजमार्ग पर कराची मोड़ के पास स्थित है। यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्य ● शेष पेज 11 पर

## भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व : नीतीश कुमार

पटना । भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की चौतरफा प्रशंसा हो रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया आयी है। उन्होंने भी कहा है कि भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर आज पूरा देश गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास है। सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर नीतीश कुमार ने लिखा ''जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में आतंकवादियों के 09 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। आतंकवाद ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### विश्व आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर काम करे : विदेश मंत्री

नई दिल्ली। विदेशमंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर पर भारत के हमलों के संदर्भ में कहा है कि दुनिया को आतंकवाद पूरी तरह अस्वीकार करने की नीति पर काम करना चाहिए। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक लाइन में विदेश मंत्री ने कहा, ल्दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति दिखानी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत ने सीमित और सटीक कार्रवाई करते हुए आज पाकिस्तान और उसके अधिकृत कश्मीरी क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों को निशाना बनाया। वक्तव्य के अनुसार इन हमलों में किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ढांचे को क्षति नहीं पहुंचाई गई। इस बयान में कहा गया कि उम्मीद थी कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। दो सप्ताह बीतने के बाद पाकिस्तान ने इनकार और झूठे दावों के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### अहमदाबाद के नमो स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद । अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम (नमो स्टेडियम) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पाकिस्तान जेके के नाम से गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) के ई-मेल पर मेल किया गया है। आगामी दिनों में आईपीएल मैच को लेकर पुलिस और बम स्क्वॉड ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्टेडियम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। हालांकि अभी तक किसी आपत्तिजनक वस्तु के नहीं मिलने की जानकारी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान जेके के नाम से भेजे गए ई-मेल में एक लाइन की धमकी है। इसमें लिखा है कि वी विल ब्लास्ट योर स्टेडियम। इस ई-मेल के बाद पुलिस, साइबर पुलिस समेत बम स्क्वॉड स्टेडिम के चप्पे-चप्पे पर जांच कर रहा है।

## पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या का है जवाब है ऑपरेशन सिंदूर : शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आज कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, विश्व को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी होगी।ङ्क उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आंतकवादियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी।



### अमित शाह ने सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नई दिल्ली में पाकिस्तान और नेपाल से सटे सीमावर्ती राज्यों के उपराज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की ● शेष पेज 11 पर

भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकवादी ● शेष पेज 11 पर

## अमित शाह से मुलाकात के बाद बोलीं ममता बनर्जी- आतंक के खिलाफ जंग में हम साथ

कोलकाता। भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बैठक के बाद देशवासियों को संयम और एकता का संदेश दिया है। उन्होंने साफ कहा कि यह समय कंधे से कंधा मिलाकर देश के लिए काम करने का है और किसी भी तरह की अफवाह या भय की कोई ज़रूरत नहीं है। ममता बनर्जी ने कहा, ''हम सबने मिलकर काम करने का फैसला लिया है। लोगों को अनावश्यक रूप से भयभीत होने की कोई जरूरत नहीं है।'' उन्होंने पुलिस और प्रशासन के सभी स्तरों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है और बताया कि सभी जिलों के डीएम, एसपी और थाना अधिकारियों को निगरानी बढ़ाने को कहा गया है। यह बैठक उस वक्त हुई है जब 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के नौ ठिकानों पर हमला किया है। इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने भी सीमा पर गोलाबारी तेज कर दी है, जिससे हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। इन्हीं हालातों को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नेपाल ● शेष पेज 11 पर

## भारतीय सेनाओं का 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तान को करारा जवाब : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने कल रात 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च करके आतंकियों को प्रशिक्षण देने वाले शिविरों को तबाह कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत ने अपनी सरजमीं पर हुए हमले का जवाब देने के लिए अपने अधिकारों का इस्तेमाल किया है। हमारी यह कार्रवाई बेहद सोच-समझकर सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई महज उनके शिविरों और अन्य ढांचों तक ही सीमित रखी गई है।

पाकिस्तान के आतंकी शिविरों को नष्ट किये जाने के बाद रक्षा मंत्री शाम को नई दिल्ली में 66वें बीआरओ दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से 50 प्रमुख बीआरओ परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें 6 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों में 17 सड़कें, 30 पुल और 3 अन्य कार्य शामिल हैं, जिनका



❑ वर्चुअल माध्यम से 50 प्रमुख बीआरओ परियोजनाओं का उद्घाटन किया

निर्माण 1879 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। आज जम्मू कश्मीर, लद्दाख, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कई परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है। हमें जो सड़कें दिखती हैं, जो पुल दिखते हैं, वह सिर्फ दो स्थानों को जोड़ने वाले नहीं होते हैं, बल्कि वह लोगों के दिलों को जोड़ने वाले होते हैं।

उन्होंने समारोह में कहा कि सेना ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ करवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है। सेना ने किसी भी नागरिक ठिकाने को जरा भी प्रभावित न होने देने की संवेदनशीलता दिखाई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सेनाओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च करके पहले की तरह ही इस बार भी आतंकियों को प्रशिक्षण देने वाले शिविरों को तबाह करके करारा जवाब दिया है। हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था ''जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे''अर्थात केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में ही बीआरओ का बजट लगभग दोगुना हो गया है, जिससे सीमा पर बुनियादी ढांचों के विकास में रिकॉर्ड तोड़ प्रगति हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में बीआरओ ने 16,600 करोड़ ● शेष पेज 11 पर

## लखनऊ समेत प्रदेश के 19 जिलों में मॉकड्रिल के बाद किया ब्लैक आउट

### जिन लोगों ने भारत की बेटियों का सिंदूर छीनने का दुस्साहस किया था, कल की स्ट्राइक में उन्हें अपना खानदान खोना पड़ा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने पर एयर स्ट्राइक के बाद भारत सरकार के निर्देश पर बुधवार को देशभर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश में लखनऊ समेत 19 जिलों में मॉक ड्रिल की गई। राजधानी में मॉक ड्रिल के साथ पुलिस और जांच एजेंसियां हाई अलर्ट पर रहीं। वहीं प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस ने सक्रियता बढ़ाते हुए संदिग्धों और वांछनीय तत्वों पर निगरानी बढ़ा दी है। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों जैसे कि हवाई हमलों या आतंकी हमलों के लिए तैयार करना है। गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देशों के क्रम में आज नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन प्रदेश के 19 जिलों में किया गया। अलग-अलग समय में



इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी एवं पु?लिस कप्तानों ने अन्य विभागों के साथ तैयारियां कराई और तय समयानुसार मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल के बाद पूरी तरह से सभी जिलों में 30 मिनट का ब्लैक आउट (पूरी तरह से घरों में अंधेरा) रखने की जनता से अपील की गई थी। जनता ने भी इसमें उप्र शासन और प्रशासन का पूरा सहयोग करते हुए ब्लैक आउट के साथ आतंकवाद को हराने के लिए देश के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रिजर्व पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में पुलिस के जवानों ने मॉकड्रिल किया। इसमें आतंकी समेत किसी भी नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों, जैसे हवाई हमलों या आतंकी हमलों के लिए तैयार और बचाव करने की स्थिति को लेकर जागरूक करना था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर उन बहन और बेटियों के प्रति प्रधान मंत्री मोदी और देश की सेना की एक संवेदना है। जिन लोगों ने भारत की बेटियों का सिंदूर छीनने का दुस्साहस किया था, कल की स्ट्राइक में उन्हें अपना खानदान खोना पड़ा है।दुश्मन के कायराना हरकतों का जवाब यह नया भारत इसी प्रकार से देगा। यह प्रधानमंत्री ने पहले दिन ही देश को आश्वस्त किया था। कल की घटना ने एक फिर इसे साबित किया है।

### देश के मुस्लिम संगठनों ने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर सरकार और सेना को दी बधाई

नई दिल्ली। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न पूरा देश मना रहा है। देश के मुसलमान भी इस ऑपरेशन को लेकर खुशी का इजहार रहे हैं। देश के मुस्लिम संगठनों ने इस ऑपरेशन की कामयाबी पर सरकार और सेना को बधाई दी है। यह ऑपरेशन पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सेना के जरिए किया गया है, जिसमें पाक अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकवादी शिविर को नष्ट किया गया है और बड़ी संख्या में आतंकवादियों के मारे जाने की भी खबरें मिली हैं। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की सैन्य कार्रवाई पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जमीअत देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के मुद्दे पर ● शेष पेज 11 पर

## कर्रेगुट्टा मुठभेड़ में 22 नक्सली ढेर

एजेंसी

बीजापुर । जिले में तेलंगाना की सीमा से लगी कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर जारी नक्सल विरोध अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने बुधवार को मुठभेड़ में 22 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मारे गए नक्सलियों में बड़े कैडर के नक्सली भी हो सकते हैं। अभी नक्सलियों के साथ भीषण मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में मारे जाने वाले नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है।

मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि बीजापुर जिले के कर्रेगुटा पहाड़ी में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में हमारे सुरक्षाबलों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। मुठभेड़ में अब तक 22 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। लाल आतंक के विरुद्ध चल रही निर्णायक लड़ाई में हमारे

❑ मुख्यमंत्री साय बोले- सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल की

वीर जवानों के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान को शत-शत नमन करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया है कि 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करना है और हम इस लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर हैं। तेलंगाना राज्य की सीमा से लगी कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर अब तक का सबसे लंबा नक्सल विरोधी अभियान 15 दिन से चल रहा है। फिलहाल यहां मुठभेड़ के जारी है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ कर्रेगुटा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबलों के जवान चौतरफा घेरे हुए हैं। बड़े कैडर के नक्सलियों के घिरने से नक्सलियों ने विगत दिनों एक पर्चा जारी कर युद्ध विराम एवं शांति वार्ता के लिए प्रयास ● शेष पेज 11 पर

# शीघ्र तय की जाए जातिगत जनगणना कार्य की समय सीमा: अनुज कुशवाहा

## जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर राष्ट्रपति को संबोधित सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा शिवकन्या कुशवाहा के निर्देशानुसार पूरे उत्तर प्रदेश में सभी जिलों में जातिगत जनगणना कराए जाने की समय सीमा तय करने को लेकर बुधवार को दोपहर बाद 3 बजे के करीब तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।तहसील मुख्यालय कोरांव पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह की अनुपस्थिति में तहसील के किसी अन्य कर्मचारी के द्वारा ज्ञापन लिया गया और जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं को आस्वस्थ किया गया कि संबंधित को आपका ज्ञापन भेज दिया जाएगा। प्रयागराज के पार्टी जिलाध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्त्ता लॉकडाउन से लेकर अब तक प्रत्येक सोमवार को जाति जनगणना करवाने हेतु राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाता रहा है। अब सरकार द्वारा मांग मान ली गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी को जिलाध्यक्ष सतीश कुमार के नेतृत्व में तो कोरांव तहसील में अनुज कुमार मंडल मिडिया प्रभारी के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। मंडल मीडिया प्रभारी अनुज कुशवाहा ने कहा कि सरकार जातिगत जनगणना करने के लिए तो तैयार हो गई है। लेकिन शीघ्र उसकी समय सीमा तय कर जनगणना का कार्य पूरा किया जाए। जिससे जातीय आधार पर सबकी भागीदारी और हिस्सेदारी सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन कार्यक्रम में प्रयाग लाल कुशवाहा प्रभारी विधि प्रकोष्ठ, आशीष कुशवाहा संगठन मंत्री, संजीव कुमार उपाध्यक्ष, सुरेशचंद, ब्लॉक महासचिव, मुनीब मौर्य कोरांव विधानसभा अध्यक्ष, अरविंद कुशवाहा, डा. महेश कुशवाहा समेत कई समर्थक उपस्थित रहे।

# हत्या पीड़ितों से मिले पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, परिजनों को बंधाया ढांढस

## घटना की निंदा कर आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी से की बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के पियरी गांव में गत शुक्रवार की रात 9 बजे के करीब बाजार से घर लौट रहे युवक की पीट पीट कर की गई युवक को हत्या मामले को लेकर पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा बुधवार को दोपहर बाद 2 बजे के करीब मृतक परिजनों के घर पहुंच कर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया। पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने जघन्य अपराध को कारित करने वाले आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई व उनकी गिरफ्तारी करने को लेकर थाना प्रभारी कोरांव राकेश वर्मा से फोन पर बात कर घटना की पूरी जानकारी ली और ग्रामीणों की जानकारी के अनुसार उन्हें कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि आरोपी कोई भी हो उसे बचना नहीं चाहिए।

उन्होंने मृतक परिजनों को आर्थिक मदद दिलाए जाने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य हो कि पियरी गांव निवासी अनंतजीत विश्वकर्मा पुत्र जवाहरलाल (25) की बाजार से घर लौटते समय घर से 100 मीटर पहले गांव के ही युवकों के द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर गांव में तनाव का माहौल भी है। पूर्व मंत्री के साथ प्रतिनिधि मंडल में पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता रामदेव निडर, इंजीनियर जगदीश यादव, धर्मराज विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, चंद्रमणि विश्वकर्मा, समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष पवन सिंघाल पटेल, दिनेश पटेल, विधानसभा उपाध्यक्ष पवन सोनकर, गौरव, पंचम लाल विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, सीमा शर्मा, ज्ञान चंद्र विश्वकर्मा, आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आपरेशन सिदूंर पर गरजे सांसद रवि किशन शुक्ला, बोले ये नया भारत है, अब आतंक को करारा जवाब मिलता है

गोरखपुर। पाकिस्तान की सरज़मीं पर आतंक के अड्डों को ध्वस्त कर भारतीय सेना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब बात देश की सुरक्षा की हो, तो भारत पीछे नहीं हटता। इस ऐतिहासिक कार्रवाई आपरेशन सिदूंर पर गोरखपुर के सांसद और प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन शुक्ला ने सेना को सलामी दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रणनीतिक नीतियों की खुलकर सराहना की।रवि किशन ने कहा कि भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, वह हर भारतवासी के लिए गौरव की बात है। आपरेशन सिदूंर ने साबित कर दिया कि भारत अब सिर्फ बात नहीं करता, सीधा एक्शन लेता है। मैं सेना के हर जवान को दिल से सलाम करता हूँ। प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका पर उन्होंने कहा ऐसे सटीक और साहसिक फैसले केवल एक दूरदर्शी और दृढ़ नेता ही ले सकता है। पीएम मोदी की अगुवाई में देश की सीमाएं न सिर्फ सुरक्षित हैं, बल्कि अब जवाब भी घातक मिलते हैं। यह नया भारत है, जो आतंक के हर चेहरे को पहचानता भी है और मिटाता भी है। उन्होंने आगे जोड़ा ये सिर्फ एक सैन्य ऑपरेशन नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आत्मा से निकली हुंकार है।

## नवनियुक्त मांडलिक मंत्री का अध्यापक भवन पर किया गया स्वागत

गोरखपुर । अध्यापक भवन में नवनिर्वाचित मांडलिक मंत्री श्री ज्ञानेंद्र कुमार ओझा का स्वागत समारोह आयोजित किया गया,जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री राजेश धर दूबे ने किया तथा संचालन जिला मंत्री श्री श्री धर मिश्र जी ने किया,संगठन के जिला पदाधिकारियों और सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री ज्ञानेंद्र कुमार ओझा जी ने कहा कि अब ये पद पाने के बाद मेरी संगठन में जिम्मेदारी और बढ़ गई है लेकिन इस चुनौती के क्षणों में मैं मंडल गोरखपुर के सभी जनपदों में संगठन के अलख को जगाता रहूंगा ,चाहे जो भी कीमत क्यों न उठानी पड़े ।मैं सदैव शिक्षकों के हित में सदैव काम करता रहूंगा ।स्वागत समारोह में सुधांशु मोहन, हरेंद्र राय, अनिल कुमार पाण्डेय,अजय सिंह, नरेन्द्र सिंह, जितेंद्र मिश्र, महेंद्र चतुर्वेदी, योगेश कुमार शुक्ला, सन्तोष कुमार तिवारी,महेश शुक्ला, अरविन्द चंद,अशोक योगी, राजेश पांडे, अरविन्द पाण्डेय सहित जिले के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के साथ आरपीएफ जवानों ने की माकड्रिल

उन्नाव । जीआरपी थाना प्रभारी ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अपने उच्चाधिकारियों के आदेश पर आदेश पर थानाध्यक्ष अपने हमराही फोर्स व आर0पी0एफ0 पोस्ट उन्नाव के साथ संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन उन्नाव पर आपदा की स्थिति से निपटने के सम्बन्ध में माकड्रिल की गयी तथा स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियो को आपदा से निपटने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

## जिला महिला चिकित्सालय गोरखपुर में भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद

गोरखपुर। आमजन छोड़िए अब तो खासम खास लोगों से भी इलाज के बदले डंके की चोट पर वसूली की जा रही है । मामला गोरखपुर के साहित्यकार व शायर इंजीनियर मिन्नत गोरखपुरी से जुड़ा हुआ है । मिन्नत गोरखपुरी ने अपर निदेशक को दिए गए अपने प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनकी पत्नी का प्रसव कराने तथा मरहम पट्टी की एवज में पिछले आठ दिनों में लगभग 12 हजार रुपये जिला महिला चिकित्सालय गोरखपुर में वसूल लिए गए । यहाँ तक कि रुपये देने में आनाकानी करने पर मिन्नत गोरखपुरी को जच्चा बच्चा की सलामती को लेकर भी हड़काया गया । इस मामले से व्यथित साहित्यकार ने डी एम से लेकर मंडलायुक्त गोरखपुर एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी जी तक को अवगत करा दिया है।

## फर्जी टिकट देकर पीड़ित को भेज दिया विदेश, मुकदमा दर्ज

राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सरिसवा निवासी एक एजेंट के खिलाफ विदेश जाने की फर्जी हवाई टिकट देकर एयरपोर्ट लखनऊ भेजने वाले एजेंट के विरुद्ध पीड़ितों के तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित अनिल यादव पुत्र स्व.जगरनाथ यादव,राहुल गौड़ पुत्र रामसागर गौड़ निवासी दोघरा अवरहीव गयासुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी पिपरासी थाना कुबेरस्थान ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि विदेश जाने के लिये क्रमश अनिल यादव,76000,व राहुल गोंड,76000 और गयासुद्दीन से 76000,और 95000 हजार रुपया उसके ऑफिस में बैठती थी जिसका नाम अंजलि सिह है उसको दिया कुल ?-3.23 लाख व पासपोर्ट जमा माँ अंबे इंटरप्राइजेज सरिसवा थाना तुर्कपट्टी के स्वामी को दिया।उन्होंने कहा कि वह टिकट फ्लाइट के पूर्व दे देंगे।

# टैंपो पलटने से नाती की मौत बाबा घायल

## मौसी के घर निमंत्रण कर बाबा के साथ घर लौट रहा था मृतक डाबर गांव में हुआ हादसा, सवार मां और बेटा भी हुए हैं घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। क्षेत्र के डाबर गांव में बुधवार को सायं 5:30 बजे के करीब एक टेंपो खुद अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। हादसे में टेंपो पर सवार बाबा और नाती में नाती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाबा घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक अमीन चंद्र पुत्र झोंगूर निवासी ढेढ़रा थाना मांडा प्रयागराज अपने नाती दुर्गेश पुत्र मोलई (16) की मौसी के घर कोहड़ार निमंत्रण में गया हुआ था। बुधवार को टेंपो से घर जाने के लिए निकले थे कि कोहरा बाजार से आगे डाबर में टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई हादसे में नाती दुर्गेश की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दुर्गेश दो भाई व एक बहन में बड़ा था। मृतक के पिता मोलई व माता अंजू गुजरात में रहकर नौकरी करते हैं। कुछ दिन पहले विवाह कार्यक्रम में घर आए थे। लेकिन सप्ताह भर पहले माता और पिता दोनों गुजरात चले गए हैं। हादसे को लेकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। इसी तरह टेंपो पर सवार मां और बेटा भी घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक मंजू देवी पत्नी प्रेम शंकर निवासी समलीपुर थाना कोरांव अपने बेटे बालकृष्ण गौड़ के साथ अपनी बहन के घर से गई थी जहां से वापस घर आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टेंपो सवार कुल आठ लोग घायल हुए हुए थे। घायलों में चार को सीएचसी कोरांव लगाया गया तो चार लोग कहीं अन्य निजी अस्पतालों में उपचार हेतु ले जाया गया।

# जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उन्नाव में कराई गई मॉकड्रिल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव । जहां, जम्मू कश्मीर के पहलगाम हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बनते युद्ध के आसार के चलते आज 7 मई को प्रदेश में युद्ध रिहर्सल मॉकड्रिल का आयोजन किया गया । इसी कड़ी में उन्नाव शहर के जीआईसी मैदान में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया । इस दौरान डीएम गौरांग राठी , एसपी दीपक भूकर, सीडीओ कृतिराज समेत अन्य प्रशासनिक अफ़सर मौजूद रहे । अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य टीम व आपदा प्रबंधन की टीम ने प्रैक्टिकल रिहर्सल के माध्यम से हमला होने की स्थिति में कैसे खुद को बचाना है और लोगों की मदद करना है। इसके बारे में महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए गए । डीएम ने भी छात्रों से बातचीत कर उन्हें महत्वपूर्ण टिप्स साझा करते हुए हौसला बढ़ाया। डीएम गौरांग राठी ने कहा कि जनपद स्तर पर मॉडल का आयोजन किया गया है इस मॉडल के माध्यम से हमला होने की स्थिति में कैसे लोगों की मदद करना है और किस तरीके से खुद को बचाना है जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर टीमों के द्वारा जानकारी साझा की गई है । हम लोग भी पूरी तरीके से किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

# आपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर नगर में निकाला गया विजय जुलूस, फूटे पटाखे

## भारत माता की जय और हिन्दुस्तान जिंदाबाद के जयघोष से गूंजायमान हुआ जनपद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। पहलगाम हमले के विरोध मे आतंकवाद के खात्मा के लिए भारतीय सेना द्वारा चलाया गया '' आपरेशन सिंदूर '' के ऐतिहासिक सफलता पर कुशीनगर मे जश्न का माहौल रहा। पडरौना नगर में नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल के अगुवाई मे तो जिले के अन्य क्षेत्रो में अलग-अलग युवाओं के नेतृत्व मे विजय जुलूस निकालकर भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिंदाबाद के जयघोष के साथ पटाखे फोडे गये।जनपद के पड़रौना नगर मे नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल हाथ मे तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जयकारे के साथ विजय जुलूस की अगुवाई कर रहे थे। इस दौरान युवाओ में गजब का उत्साह देखने का मिला। पालिकाध्यक्ष ने भारतीय सेना के शौर्य की बखान करते हुए कहा कि एक बार फिर भारतीय सेना ने यह साबित कर दिया कि जब बात भारत की सुरक्षा की आती है तो हमारी सेना किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होने कहा कि आपरेशन सिंदूर पाकिस्तान को खुला चेतावनी है कि भारत के तरफ आंख तरेरेगो तो दुनिया के नक्शा से तुम्हारा अस्तित्व मिटा दिया जायेगा। नपाध्यक्ष ने कहा भारतीय सेना ने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि हमारी तरफ आंख उठाने वाले को हम मिट्टी में मिलाने का सामर्थ्य रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित तीनों सेनाओं के सेनानायकों और वीर भारतीय सैनिकों को इस बड़ी कार्यवाही का सूत्रधार बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारा भारत देश आज सुरक्षित हाथों में है। श्री जायसवाल ने बीते दिनों पहलगाम मे इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा हिन्दू पर्यटकों को धार्मिक आधार पर चुनचुन कर हत्या करने के बदले की कार्यवाही में 9 ठिकानों पर हमला व 100 से अधिक जिहादियों को मिट्टी में मिलाने को संतोषजनक बताया। इसके पूर्व पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल विजय जुलूस के साथ हाथ मे तिरंगा लेकर साहबगंज मुहल्ले से धर्मशाला रोड होते हुए तिलक चौक, कोतवाली रोड, कसेरा टोली चौक, जलकल भवन, सुभाष चौक, रामकोला रोड, बावली चौक होते हुए पूरे नगर का भ्रमण कर साहबगंज मुहल्ले मे आकर समाप्त हुआ। इस दौरान कुंदन सिंह, आकाश वर्मा, मंथन सिंह, दिव्यांश शर्मा, रामु पाण्डेय, रितेश जायसवाल,संजय साहा, भोलू यादव,विनय गौड़,अमन मोदनवाल,संतोष यादव,दीनदयाल मद्धेशिया, अजय जायसवाल, रवि शर्मा, भोला साहा, सन्नी सिंह,आशीष गुप्ता,अरुण सिंह, विनय मद्धेशिया,अनूप गौड़,अजय शर्मा, अभय मारोदिया,जय वर्मा, अंशु जायसवाल,अमर शर्मा, मनीष सिंह, सुगंध सिंह, सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक व आमजन उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन तार गिरने से एक की मौत, कई झुलसे, नाराज व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। मंगलवार रात को गुरवलिया बाजार में तिलकोत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। कार्यक्रम स्थल के ऊपर से गुजरा 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार अचानक टूटकर गिर गया, जिससे करंट की चपेट में आकर एक बुजुर्ग पंडित की मौत हो गई और कई लोग झुलस गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरवलिया निवासी शिवशंकर मद्देशिया के पुत्र राजकिशोर मद्देशिया का तिलक कार्यक्रम आयोजित था।

इसी दौरान पंडित चंदेश्वर पाठक (75) तिलक की पूजा विधि संपन्न करा रहे थे। वर-वधु पक्ष के लोग पूजा में सम्मिलित हो ही रहे थे कि स्टेज के ऊपर से गुजर रहा हाईटेंशन तार गिर गया। करंट लगते ही अफरा-तफरी मच गई। लोहे के टेंट और स्टेज में करंट दौड़ गया जिससे वहां मौजूद कई लोग झटके से गिर पड़े। पंडित चंदेश्वर पाठक बुरी तरह झुलस गए। उन्हें स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।इस दर्दनाक हादसे से आक्रोशित व्यापारियों ने मंगलवार को उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद उर्फ गुड्डू यादव व जिला पंचायत सदस्य राजन शुक्ला के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी तमकुहीराज को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मृतक आश्रित को 10 लाख रुपये मुआवजा, लापरवाह विद्युतकर्मियों के निलंबन, जर्जर तारों व विद्युत पोल को हटाकर अंडरग्राउंड केबलिंग की मांग प्रमुख रूप से की गई।एसडीओ विद्युत विभाग ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि दोषियों के विरुद्ध विभागीय जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और विद्युत व्यवस्था को जल्द सुधारने का प्रयास किया जाएगा।इस मौके पर पारसनाथ गुप्ता, बबलू जायसवाल, शिवशंकर मद्देशिया, डॉ. पृथ्वी सिंह, अखिलेश जायसवाल, मनीष सोनी, सोनू यादव, बलीराम पटेल, अमरजीत यादव सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

# जाति जनगणना के सदैव विरोध में रहे कांग्रेस-सपा सहित इंडी गठबंधन के घटक दल: डॉ. के. लक्ष्मण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जातीय जनगणना कराये जाने का फैसला लेकर भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम किया है। इससे अन्य पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी संख्या के अनुपात में संवैधानिक अधिकारों को पाने का अवसर मिलेगा। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण बुधवार को राजधानी लखनऊ के सहकारिता भवन में संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-सपा सहित इंडी गठबंधन के तमाम घटक दल जाति आधारित जनगणना के सदैव विरोध में रहे। अधिकांश समय में कांग्रेस पार्टी या गैर भाजपा दलों की सरकारें देश में रही हैं, लेकिन अफसोस कि गैर भाजपाई किसी भी सरकार ने जातीय जनगणना कराने का कभी साहस नहीं जुटाया। लक्ष्मण ने कहा कि देश इस बात को जानता है कि अन्तिम रूप से जातीय जनगणना आजादी के पूर्व वर्ष 1931 में हुई थी। इसके बाद जातीय जनगणना नहीं हुई। आज राहुल गांधी, अखिलेश यादव तथा तेजस्वी यादव जैसे अनेक पिछड़ा वर्ग विरोधी सोच रखने वाले मोदी के जातीय जनगणना कराने के फैसले का श्रेय लेने की होड़ में खड़े हो गये हैं। अच्छा होता कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल जैसे सभी गैर भाजपाई दलों के नेता भारत के पिछड़े वर्ग के लोगों से माफी मांगते।

कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जातीय जनगणना के फैसले से आज पिछड़े वर्ग के लोगों में जश्न का माहौल है, लोग खुशियां मना रहे हैं, लड्डू बांट रहे हैं तथा ढोल-बैण्ड बाजे बजाकर प्रधानमंत्री के फैसले का स्वागत कर रहे हैं। क्योंकि जातीय जनगणना होने से सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक अधिकारों को पाने के नये अवसर मिलने वाले हैं।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता ने जातिगत जनगणना कराने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि ओबीसी मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी देशभर में स्वागत समारोह जनसभा तथा अन्य समारोह व रैली का आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जातिगत जनगणना कराने के फैसले के बाद कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं को बेचैन कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा फैसला लिया है कि विपक्ष देखता रह गया और उसके पास इसका स्वागत करने और समर्थन देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। संगोष्ठी का संचालन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान ने किया।

# मुख्यमंत्री के सपनों को पूरा कर रही इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड कंपनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। कंपनी ने सीएसआर फंड से मिल्कीपुर के पांच गांव में लगाया सोलर लाइट। अयोध्या । उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में निजी संस्थाओं , व उद्योगपतियों ने भी बढ़-चढ़कर योगदान देना शुरू कर दिया है । राजधानी लखनऊ की कंपनी इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड ने हाल ही में हुए उपचुनाव में मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठापूर्ण सीट मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में स्ट्रीट सोलर लाइट देकर विकास कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के निदेशक विश्वास स्वरूप अग्रवाल ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के कुमारगंज नगर पंचायत के पांच गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित कराई हैं। यह सोलर लाइट कुमारगंज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला द्वारा चिह्नित स्थानों पर लगाई गई है। आईपीएल संस्था के सीएसआर फंड के निदेशक रामकृष्ण सुब्रमण्यम ने बताया कि स्थान चयन का काम कुमारगंज नगर पंचायत के अधिकारियों द्वारा किया गया है, और स्ट्रीट सोलर लाइट का स्थापन इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड द्वारा कराया गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला ने संस्था का आभार व्यक्त किया है , साथ ही यह भी कहा है कि इस तरह की लाइट लगने से नगर पंचायत से लगे गांव में बिजली की समस्या के चलते रात में होने वाली घटनाओं को रोका जा सकता है । उल्लेखनीय है कि इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड ने इससे पूर्व राजधानी लखनऊ के सरकारी अस्पताल लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में कई महत्वपूर्ण उपकरण देकर गरीब मरीजों के लिए बड़ा काम किया है । उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय शंकर त्रिपाठी को हृदय रोग की जांच करने वाली इको 2 कमशीन भेंट की है। कुमारगंज क्षेत्र में रहने वाली समाजसेविका श्रीमती बबिता तिवारी ने भी लाइटों के स्थापन कार्य में अभूतपूर्व सहयोग किया है । कुमारगंज की जनता ने इस कार्य के लिए सभी लोगों का धन्यवाद किया है।

# पूरा हुआ बेटियों के सिन्दूर का बदला ऑपरेशन सिन्दूर पर : डॉ. राजेश्वर सिंह

## अर्जुनगंज मंडल पदाधिकारी सम्मेलन सम्पन्न,राष्ट्रनिर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका सर्वोपरि: डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर-लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा बुधवार को अंसल स्थित आनंदा रिजोर्ट में 'अर्गंजुनगंज मंडल पदाधिकारी सम्मेलन' का याओजना किया गया। इस सम्मेलन में अर्जुनगंज मंडल के बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, मंडल मोर्चों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के साथ लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या ने मंडल पदाधिकारियों को संबोधित किया।

आज का दिन बहुत गौरवशाली है, आज हमरे देश की सेना ने गौरवपूर्ण ढंग से ऑपरेशन सिन्दूर का संचालन कर आतंकियों को मिट्टी में मिलाया है। पहलगाम हमले में आतंकियों द्वारा देश की बेटियों का सिन्दूर छीना गया आज उसका बदला चुकाया है। मोदी जी ने धारा 370 हटाई, कश्मीर में शान्ति - समृद्धि आई, पिछले साल 2.25 करोड़ लोग कश्मीर घूमने गए, ये बात आतंक परस्त पकिस्तान सहन नहीं कर सका। आज भारत के पास सशक्त नेतृत्व है, विश्व की चौथी सबसे बड़ी सेना है, हमारी सेना में 4,600 से अधिक आधुनिक टैंक, 2,229 विमान, 600 से अधिक अत्याधुनिक फाइटर जेट - जैसे राफ़ेल और सुखोई हैं, सरोजनी नगर में विश्व की फास्टेस्ट मिसाइल ब्रह्मोस बनने जा रही है।2025-26 के केंद्रीय बजट में भारत ने अपने रक्षा मंत्रालय को ?6.81 लाख करोड़ का बजट दिया है, जो दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रक्षा बजट है।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, सुशील गुप्ता, राज कुमार रोहित, भारत मौर्या, संजय लोधी, कर्नल द?याशंकर दुबे, शंकरी सिंह, रमाशंकर त्रिपाठी, बसंती लोधी, के. एन. सिंह, अरुण द्विवेदी, अरविन्द दीक्षित, राजन सिंह, अजय अवस्थी, अमन सिंह चौहान, सतगुरु रावत, पी. के. मिश्रा, प्रियंका सिंह, रीना उपाध्याय, कुमकुम निगम, सुमन सिहं राठौर, अन्नू त्रिपाठी, मीना सिंह व अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# चौक में अवैध व्यावसायिक निर्माण हुआ सील




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है बुधवार को भी प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने चौक क्षेत्र में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि गोपाल दास, राजकुमार, किशन कुमार व अनूप कुमार द्वारा चौक में खुन खुन जी रोड पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस अवैध निर्माण को विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता संजय शुक्ला व अवर अभियंता इम्तियाज अहमद द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से इस अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

# ताया की पत्नी की हत्या करने वाले पति ने की पत्नी की हत्या, 48 घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

### मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सरथुआ गांमिट्टी-सीमेंट के पत्थर से सिर कुचलकर की गई थी हत्या, अवैध संबंध बना वजह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कुमार रावत को गिरफ्तार कर लिया है मृतका की पहचान 28 वर्षीय सविता देवी के रूप में हुई है, जिसकी हत्या उसके पति संजय कुमार रावत ने की थी। किसान पथ के किनारे एक महिला की हत्या के मामले ुलासा करते हुए आरोपी पति संजज पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त मिट्टी-सीमेंट का पत्थर भी बरामद कर लिया है पुलिस के अनुसार बीते पांच मई को किसान पथ सरथुआ गांव के पास एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव की पहचान सविता देवी के रूप में की जांच में सामने आया कि मृतका का पति संजय कुमार रावत किसी अन्य महिला से संबंध रखता था जिसको लेकर सविता से अक्सर विवाद होता था आरोप है कि इसी विवाद से तंग आकर संजय ने पत्नी की हत्या की साजिश रची बीते पांच मई को वह सविता को बहाने से किसान पथ के पास एक सुनसान इलाके में ले गया जहां धक्का देकर उसे एक गड्ढे में गिरा दिया फिर सीमेंट के पत्थर और हाथों से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

## जानलेवा हमला करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गुडम्बा पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। को थाना गुडम्बा मे वादी द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था कि वादी के पुत्र और उसके दोस्तों के साथ अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करना और जानमाल का खतरा होने का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था इसी मुकदमे से जुड़े एक अभियुक्त शाहिबे आलम के साथ एक बाल अपचारी को गुडम्बा पुलिस पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है उसी कड़ी मे एक अन्य अभियुक्त मोहम्मद अरस्लान उर्फ़ बोदा उर्फ़ अब्दुल हसन को अपनी गिरफ्त मे लेते हुए उस पर विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

## जानकीपुरम पुलिस ने धरा शातिर अभियुक्त,अवैध तमंचा भी बरामद

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। को जानकीपुरम पुलिस के हाथ उस वक़्त एक कामयाबी हासिल हुई जब पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी मुखबिर खास से ये सूचना प्राप्त हुई कि एक कार जिस पर प्रेस लिखा है उसमे एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध तमचे के साथ बैठा हुआ है जो अपराधी सा प्रतीत हो रहा है इसी खबर पर ईदगाह सेक्टर दो के पास से पुलिस ने उस ऑलटो कार को रोक कर उस अभियुक्त को 315 बोर के अवैध तमचे और एक ज़िंदा करतूस के साथ अपनी गिरफ्त मे ले लिया अभियुक्त का नाम राहुल पांडेय पुत्र रामलाल पाण्डेय बताया जा रहा है जो मूलतः लखीमपुर खीरी का रहने वाला है अभियुक्त पर बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही कर दी गई है।

## वार्षिकोत्सव प्रज्ञान-2025 के तीसरे दिन आयोजित हुए खेल

बीकेटी,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। एकेटीयू से संबद्ध बख्शी का तालाब स्थित आर0आर0 ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन,लखनऊ के वार्षिकोत्सव प्रज्ञान-2025 के तीसरे दिन में क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में फाइटर इलेवन बनाम गाँधी वारियर्स के बीच हुए मुकाबले में गाँधी वारियर्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया ऋगाँधी वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 6 विकेट खोकर 53 रन बनाए। जवाब में फाइटर इलेवन की टीम ने 4.5 ओवर में 02 विकेट खोकर 54 रन बनाये ऋइस तरह फाइटर इलेवन ने 08 विकेट से जीत हासिल कीऋफाइटर इलेवन की तरफ से नन्द किशोर ने 27 रन बनाए व 3 विकेट लिए ऋ नन्द किशोर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गयाऋगर्ल्स क्रिकेट प्रतियोगिता में विंड ब्रेकर बनाम लिगेसी लीडर के बीच मुकाबला हुआ जिसमे विंड ब्रेकर टीम विजयी रही।विंड ब्रेकर टीम की तरफ से श्रुति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वीमेन ऑफ़ द मैच चुना गया।भालाफ़ेक प्रतियोगिता में आकाश यादव (बीटेक द्वितीय वर्ष) विजयी रहें।खो-खो बॉयज प्रतियोगिता में शुभम बिन्द (बीटेक) विजयी रहें।डार्टबोर्ड प्रतियोगिता में नितीश यादव (बीटेक) विजयी रहें।सेवेंटाइल प्रतियोगिता में प्रखर शुक्ला विजयी रहे।आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में ओम पाण्डेय (डिप्लोमा) विजयी रहे।गैलरी प्रतियोगिता में ब्रम्ह दुबे (बीटेक) विजयी रहे।गर्ल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में अनिशा सिंह (बीटेक), हिमांशी सिंह (बीटेक) विजयी रहीं।बॉयज बैडमिंटन प्रतियोगिता में मृदुल पांडेय (बीटेक), कुमार निशांत (बीटेक)और शुभम बिन्द (बीटेक) विजयी रहे।बॉयज रस्साकसी प्रतियोगिता में अभय प्रताप सिंह की टीम विजयी रही।गर्ल्स प्रतियोगिता में अदिति की टीम विजयी रही।लॉन्ग जम्प प्रतियोगिता में अभय सिंह (बीटेक) विजयी रहे।कंटेंट राइटिंग प्रतियोगिता में तारुशी विश्वकर्मा (बीटेक) विजयी रही।कोडिंग प्रतियोगिता में अनुराग सिंह, सचिन सिंह,आदित्य (बीटेक) विजयी रहे।म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में राजन कुमार प्रजापति (बीटेक) विजयी रहे।

## एनएचएआई की लापरवाही से बड़ा हादसा होते होते टला,कार पर गिरा आरसीसी का बड़ा टुकड़ा

मलिहाबाद/लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की लापरवाही के चलते बुधवार को एक बड़ा हादसा मलिहाबाद क्षेत्र में होते-होते टल गया। निर्माणाधीन फ्लाईओवर के किनारे लगे आरसीसी सुरक्षा पैनल का एक भारी टुकड़ा अचानक एक चलती कार पर गिर गया। घटना दोपहर क़रीब 3:15 बजे की है, जब प्रमोद कुमार उर्फ़ पिंटू निवासी मोहम्मद नगर तालुक़ेदारी मलिहाबाद, काकोरी से इंडिका कार यूपी 32 केएच 5582 से संडीला की ओर जा रहे थे। फ्लाईओवर के पास से गुजरते समय आरसीसी का यह पत्थर अचानक ढह गया और उनकी कार के अगले हिस्से पर आ गिरा। गनीमत रही कि यह टुकड़ा कार की छत पर नहीं गिरा, वरना जानमाल की बड़ी क्षति हो सकती थी। हादसे में कार का अगला और किनारे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके चलते कार चालक समेत दो लोगों के चोटें आई है लेकिन दोनों सुरक्षित हैं। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने एनएचएआई 731 पर निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माणाधीन स्थानों पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा, जिससे आमजन की जान खतरे में पड़ रही है। किसी भी वक़्त बड़ी अनहोनी हो सकती है। हादसे के बाद चालक ने मलिहाबाद कोतवाली पहुँचकर एनएचआई की लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।

# भारत की निर्णायक एयर स्ट्राइक: रक्षा मंत्री के नेतृत्व में आतंकवाद को करारा जवाब : जाफर नकवी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जाफर नकवी ने कहा भारत एक बार फिर अपनी शांति-प्रिय लेकिन दृढ़ राष्ट्रीय नीति के साथ विश्व मंच पर मुखर हुआ है। आतंक के गढ़ में घुसकर भारतीय सेना द्वारा की गई सफल और सटीक एयर स्ट्राइक ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब भारत सहन नहीं, सशक्त प्रतिक्रिया का पर्याय है। इस गौरवशाली अभियान के पीछे जिनका साहसी और राष्ट्रवादी नेतृत्व रहा—वह हैं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

**राजनाथ सिंह: नेतृत्व की मिसाल, संकल्प का प्रतीक**

जाफर नक़्वी ने कहा कि लखनऊ के लोकप्रिय सांसद और भारत के यशस्वी रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह न केवल सैन्य शक्ति के सजग मार्गदर्शक हैं, बल्कि वे भारतीय संस्कृति, गरिमा और रणनीति के अद्वितीय संगम हैं। उनके मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने न केवल अपनी आक्रामक रणनीतिक क्षमता को सशक्त किया है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत को एक आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया है।

जाफर ने कहा इस बार भी, जब सीमा पार आतंकवाद ने भारत की सहनशीलता को परखा, तो श्री राजनाथ सिंह जी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवादियों के ठिकानों पर सर्जिकल वार किया—एक ऐसा वार जो केवल हथियारों से नहीं, बल्कि साहस, योजना और संकल्प से किया गया।

जाफर नक़्वी बोले ल्हम माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी को हार्दिक बधाई देते हैं। यह हमला केवल एक सैन्य कदम नहीं था, यह भारत की नई सोच का प्रतीक है—जिसमें हम शांति के पुजारी हैं, लेकिन अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।ङ्गयह कार्रवाई भारत की सैन्य क्षमता के साथ-साथ हमारी राजनीतिक परिपक्वता और आत्म-सम्मान का भी प्रमाण है।

जाफर नक़्वी ने कहा कि ल्ललखनऊ को गर्व है कि उसका प्रतिनिधि देश की सुरक्षा नीति का सबसे मजबूत स्तंभ है। माननीय श्री राजनाथ सिंह जी ने यह सिद्ध कर दिया कि लखनऊ की तहज़ीब और दिल्ली की शक्ति जब मिलती है, तो भारत नया इतिहास रचता है।

**भारतीय सेना: राष्ट्र की शान, शौर्य की पहचान**

जाफर नक़्वी ने कहा इस अभियान में भारतीय सेना की तकनीकी दक्षता और रणनीतिक तीव्रता ने एक बार फिर दुनिया को चौंका दिया। लक्ष्य को सटीकता से भेदना, नागरिक क्षेत्र से दूर रहना, और बिना किसी बड़े नुकसान के मिशन को पूरा करना—यह सभी उस निपुणता का परिचायक है जो सेना ने बीते वर्षों में अर्जित की है।

रक्षा मंत्रालय की नीतियों, उच्च स्तर के प्रशिक्षण और अत्याधुनिक उपकरणों की आपूर्ति ने भारतीय सेना को वैश्विक स्तर की ताकत बना दिया है।

**भारत अब कहता है ऽ हम शांति चाहते हैं, पर दुर्बल नहीं हैं**

जाफर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सशक्त नेतृत्व में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह केवल बातें करने वाला देश नहीं, बल्कि ज़रूरत पड़ने पर कार्रवाई करने वाला राष्ट्र है। आतंकवाद को केवल राजनीतिक मंचों पर निंदा करने से नहीं, बल्कि उसके मूल में जाकर जवाब देने की नीति भारत ने अपनाई है। समस्त देशवासियों ने इस कदम का समर्थन करते हुए भारत की सेना और नेतृत्व को नमन किया है। यह भारत के लिए केवल एक सैन्य अभियान नहीं था—यह भारत की आत्मा का जागरण था एवं देश के लिए गौरवमयी पल ।

### बिना सूचना दिए ही एल डी ए अधिकारियों ने तोड़ दी किसान के खेत की बाउंड्री वॉल

लखनऊ। बाउंड्रीवाल को एल डी ए के अधिकारियों ने खेत की बाउंड्री वॉल तोड़ दी। उन्होंने इस बात की जानकारी किसान को देना जरूरी नहीं समझा। इस बात की जानकारी होने होने के बाद से ही इलाके के किसानों के अंदर एक अजीब सा बात समाया हुआ है। मामला गोसाईगंज क्षेत्र के कासिमपुर - बिरुहा बताया जा रहा है। यहां के किसान विनोद कुमार ने अपने 0.035 हेक्टेयर खेत खसरा नंबर 538 की बाउंड्री वॉल बनवाया था।इस बाउंड्री वॉल को एल डी ए के अधिकारियों ने धराशाई कर दिया। किसान अनुसार इस मामले में उसको दो लाख रुपए की हानि हुई है। किसान के खेत की बाउंड्री वॉल गिराए जाने के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष राजेश रावत की ओर से लखनऊ के ज़िला अधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जांच और प्रभावी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने डी एम को लिखे पत्र में किसान की क्षतिपूर्ति के लिए दो लाख रुपए दिलाए जाने की मांग की है साथ ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की भी जरूरत बताई है।भाकियू नेता की ओर से डी एम को दिए गए पत्र में किसान को न्याय मिलने में विलंब होने पर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है।

# निगोहां में एक दिन पुराना शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । स्थानीय थाना क्षेत्र के खुद्दीखेड़ा गांव के बाग में संदिग्ध हालात में मिले युवक के शव ने बुधवार सुबह इलाके में सनसनी फैला दी। नहर किनारे स्थित रामेंद्र तिवारी के बाग में ग्रामीणों ने जब एक युवक की लाश पड़ी देखी, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। लेकिन सवाल यह है कि क्या पुलिस वाकई मौके पर समय रहते पहुंची और अगर पहुंची भी, तो अब तक शव की शिनाख्त क्यों नहीं हो पाई?सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनुज तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन शुरुआती जांच में केवल ''हल्के चोट के निशान'' की बात कहकर मामले को रफादफा करने की कोशिश की जा रही है। जबकि मृतक की आंख और कलाई पर चोट के साफ निशान मिले हैं, जिससे हिंसा की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता पहले से ही सवालों के घेरे में रही है। आए दिन घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस केवल खानापूरी कर मामले की फाइलें बंद करने में लगी रहती है। मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन चौबीस घंटे से ज़्यादा बीत जाने के बाद भी न तो उसकी पहचान हो सकी है और न ही मौत की असली वजह सामने आई है। क्या निगोहां पुलिस किसी बड़ी घटना को दबाने की कोशिश कर रही है? क्या यह मामला सिर्फ एक ''सामान्य मौत'' है या इसके पीछे कोई रची गई साजिश है?इन सवालों का जवाब देने के बजाय पुलिस ''वैधानिक प्रक्रिया'' का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच रही है।फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और ''जांच जारी है'' की पुरानी रट लगाई जा रही है। लेकिन ग्रामीणों का भरोसा तब तक बहाल नहीं होगा, जब तक पुलिस इस रहस्यमयी मौत की परतें नहीं खोलेगी और दोषियों को बेनकाब नहीं करेगी।

# उद्यमिता विकास की ओर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन 6 मई को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 06 मई 2025 (मंगलवार) को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में ''उद्यमिता विकास की ओर उत्तर प्रदेश'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार की ल्लदीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना डी.डी.यू.-जी.के.वाई.के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य 15 से 35 वर्ष (महिलाओं हेतु 15 से 45 वर्ष तक के ग्रामीण निर्धन युवाओं को निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगारोन्मुख बनाना है। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप कौशल प्रदान कर उनकी रोजगार संभावनाओं को सुदृढ़ किया जाए। उद्यमिता विकास की ओर उत्तर प्रदेश'' कार्यक्रम इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से उद्योगों की अपेक्षाओं और युवाओं की क्षमताओं के बीच समन्वय स्थापित कर रोजगार के नए अवसरों का सृजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'कौशल भारतऽकुशल भारत' के विज़न और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'रोजगारपरक उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के संबंध में मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिष्ठित संस्थानों, प्रशिक्षण साझेदारों पीआईए तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को एक साझा मंच पर लाकर राज्य के युवाओं को समसामयिक एवं मांग आधारित कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना की आतंक के खिलाफ निर्णायक चोट सराहनीय: अभय प्रताप सिंह

## आतंक पर सेना की सर्जिकल चोट का अभाविप काशी प्रांत के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददात

प्रयागराज । ऑपरेशन सिन्दूर भारतीय सेना की रणनीतिक सूझबूझ, अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक है। आतंकवाद के विरुद्ध यह निर्णायक कदम स्पष्ट करता है कि आज का भारत केवल सहन नहीं करता, बल्कि निर्णायक जवाब देने में भी सक्षम है। यह बात बुधवार को पाक पर हुए सर्जिकल चोट का स्वागत करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत के प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भारतीय सेना के वीर जवानों को शत-शत नमन करती है। परिषद राष्ट्र के इस साहसी निर्णय में पूर्णतः एकजुट है और भारत की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराती है।''ऑपरेशन सिन्दूर' के अंतर्गत भारतीय सेना ने आतंकवाद के विरुद्ध की गई सटीक, संयमित और निर्णायक सैन्य कार्रवाई का हार्दिक अभिनंदन करती है। यह अभियान हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए अमानवीय आतंकी हमले के प्रत्युत्तर में संचालित किया गया, जिसमें 25 निर्दोष भारतीय नागरिकों एवं एक नेपाली नागरिक की निर्मम हत्या की गई थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर में स्थित नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर उन्हें निष्क्रिय किया। विशेषकर इस पूरे अभियान में किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को लक्ष्य नहीं बनाया गया, जिससे भारत की कूटनीतिक परिपक्वता, सैन्य अनुशासन एवं अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं के प्रति उसकी गहरी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

सैन्य कार्रवाई भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस नीति को एक बार फिर दृढ़ता से पुष्ट करती है। यह स्पष्ट और दो टूक संदेश है कि भारत अब किसी भी आतंकी हमले को न केवल अस्वीकार करेगा बल्कि उसका उत्तर ठोस, सटीक और निर्णायक ढंग से देगा। अभाविप का यह मानना है कि ऑपरेशन सिन्दूर मात्र एक सामरिक प्रतिक्रिया नहीं अपितु यह भारत की संप्रभुता, राष्ट्रीय स्वाभिमान और आंतरिक सुरक्षा की रक्षा हेतु उठाया गया एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम है। देश का युवा वर्ग भारतीय सेना के इस अनुशासित शौर्य, अतुलनीय साहस और राष्ट्रनिष्ठ पराक्रम पर गर्व करता है और राष्ट्रहित में पूर्ण समर्पण के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

## सरकार का विरोध करने वाले सपा संसदीय दल के पूर्व नेता डॉ. एसटी हसन ने सेना की कार्रवाई पर जताया हर्ष

मुरादाबाद । हमेशा सरकार का विरोध करने वाले समाजवादी पार्टी संसदीय दल के पूर्व नेता व मुरादाबाद लोकसभा से सांसद रहे डॉ एसटी हसन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई पर हर्ष जताते हुए इसका समर्थन किया।

पूर्व सांसद ने मंगलवार देर रात्रि भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई पर कहा कि देर से सही लेकिन यह एक उचित कदम है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हदें पार कर चुके थे और जिस तरह से पहलगाम में निर्दोष लोगों का नरसंहार हुआ, उसकी इजाजत न कोई धर्म देता है और न ही इंसानियत। डॉ. एसटी हसन ने इस्लाम का हवाला देते हुए कहा कि इस्लाम कहता है कि किसी बेकसूर का कत्ल, इंसानियत का कत्ल होता है। बीते 35 वर्षों से देश इन आतंकियों को झेल रहा था और अब वक्त आ गया था कि इन्हें जड़ से उखाड़ फेंका जाए। पूर्व सांसद ने भारतीय सेना और सरकार को बधाई दी और कहा कि देश को इस कार्रवाई का इंतजार था। देर से कार्रवाई हुई लेकिन सही हुई। इससे हम पूरी तरह से संतुष्ट हैं। आज कोई भी राजनीतिक संगठन मायने नहीं रखता। न भाजपा, न सपा, न कंग्रेस... सभी की जुबान पर एक ही बात है कि हम सब भारतीय हैं। जब देश पर संकट आता है, तो हम अपने खून की आखिरी बूंद तक लड़ने को तैयार रहते हैं। डा एस टी हसन ने पाकिस्तान पर सीधा हमला बोलते हुए कहा अगर पाकिस्तान ने फिर से कोई हिमाकत की, तो उसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। हमने सिर्फ आधे घंटे में उनके 24 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। एक छोटा सा मुल्क, इतनी बड़ी ताकत से भिड़ने की भूल न करे।

## डस्ट उतारते समय पास में खड़ी मारुति डिजायर पर पलटा डंपर, कार हुई क्षतिग्रस्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद ,सीतापुर। महमूदाबाद के गिलेक्सी मार्केट के सामने मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से बच गया। डस्ट उतारने के दौरान बैक करते समय एक डंपर अचानक असंतुलित होकर पलट गया।

इस हादसे में पास खड़ी मारुति स्विफ्ट डिजायर कार (यूपी 32 डीक्यू 0025) पूरी तरह डंपर के नीचे दब गई।हादसा सुबह करीब 6:30 बजे हुआ। डंपर चालक की पहचान अंसुमन सिंह, निवासी फतेहपुर कटघरा, के नाम से हुई है।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि डंपर जैसे ही बैक कर रहा था, वह असंतुलित हो गया और पलट गया। संयोग से कार में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।मारुति स्विफ्ट डिजायर कार के मालिक मोहम्मद उमर को सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा और क्रेन मंगवाकर डंपर को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे की जांच जारी है।

## बिसवां में 36 घंटे से बिजली गुल, ग्रामीणों ने पावर हाउस का किया घेराव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। बिसवां देहात क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने पावर हाउस पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और बिजली बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले 36 घंटे से बिजली गुल है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बिजली न होने के कारण घरों में पानी की किल्लत, रात में अंधेरा, बच्चों की पढ़ाई में बाधा और भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या केवल एक गांव की नहीं बल्कि दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति ठप है।इस दौरान मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों से बात की और समस्या का कारण संविदा कर्मियों की हड़ताल बताया।

उन्होंने कहा, ''संविदा कर्मियों की हड़ताल के चलते फॉल्ट ठीक नहीं हो पा रहा है, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित है। विभाग पूरी कोशिश कर रहा है कि जल्द से जल्द बिजली बहाल की जाए।''ग्रामीणों ने अभियंता से बिजली आपूर्ति तत्काल शुरू करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समस्या जल्द हल नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## हमें भारतीय सेना पर गर्व है, सभी भारतीय अपनी सेना पर गौरवान्वित : पुष्पराज सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिह ने आपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी मनाते हुये कहा कि हमे भारतीय सेना पर गर्व है। सभी भारतीय अपने सेना पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के अंदर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। जिसमें आतंकी सरगना हाफिज सईद और मसूद अजहर के ठिकाने शामिल हैं। सेना ने पाकिस्तान के 100 किलोमीटर अंदर मिसाइल हमले कर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने आगे कहा कि यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया। जिन ठिकानो में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था, उसको ही टारगेट किया गया। तारीफ की बात यह है कि इसमें यह ध्यान रखा गया कि रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने आगे कहा 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा से पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर बर्बरतापूर्ण हमला कर 25 भारतीयों और एक विदेशी नागरिक को कायरतापूर्ण तरीके से मार दिया। यह मुंबई हमले के बाद आतंकी हमलों में आम नागरिकों के मारे जाने की सबसे गंभीर घटना थी। इस हमले में वहां मौजूद लोगों को करीब से और उनके परिवार के सामने सिर पर गोली मारी गई थी। यह नसीहत भी दी गई कि वे हमले का संदेश पहुंचाएं। यह जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के लिए हुआ था। इस हमले का उद्देश्य पर्यटन को प्रतिकूल रूप से नुकसान पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि आज सुबह भारत ने सीमा पार हमलों को रोकने और उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। यह कार्रवाई नपी-तुली और बिना उकसावे वाली रही। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ही मोदीजी ने सेना को कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी थी। इसके बाद से ही कुछ बड़ा होने की संभावना थी। उन्?होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर बहुत सोच-समझकर किया गया है। जल्?दबाजी में नहीं किया गया है। मोदी जी दूसरे दिन जब वापस आए हैं, उसी दिन अपनी प्रतिक्रिया दे दी थी कि हम कुछ बड़ा करेंगे। पाकिस्?तान के घर में घुसकर मारेंगे। ऐसे काम करने में हमारी तीनों सेनाएं सक्षम हैं।

## यूपी कैटेट 2025 प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन तिथि बढ़ी,परीक्षा तिथि में नहीं हुआ कोई बदलाव :कुलपति

कानपुर । उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2025 (यूपी कैटेट) के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। इसके लिए अभ्यर्थी अब 18 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह जानकारी चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने दी।

कुलपति ने बताया कि कृषि एवं संबंधित विषयों में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भरे जाने हैं, इसकी अंतिम तिथि 7 मई 2025 निर्धारित की गई थी। जिसे अब बढ़ा दिया गया है। अब अभ्यर्थी 18 मई की रात्रि 12:00 तक अपने कोर्स के लिए आवेदन कर सकेंगे। डॉ. आनंद सिंह ने बताया कि परीक्षा तिथि में अभी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। परीक्षाएं पूर्व निर्धारित 11 एवं 12 जून को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर ही संपन्न कराई जाएगी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि परीक्षा के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं। अभ्यर्थी http://upcatet.net अथवा www.csauk.ac.in पर रजिस्ट्रेशन लॉगिन कर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी परीक्षा, अहर्ता, शुल्क, सीटों की संख्या व अन्य विवरण बेबसाइड पर उपलब्ध सूचना विवरणिका डाउनलोड कर देख सकते हैं। तथा हेल्पलाइन नंबर 9005145357 पर सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि यूपी कैटेट 2025 की प्रवेश परीक्षा प्रदेश के सभी पांचों कृषि विश्वविद्यालयों चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा तथा गौतम बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित हो रही है, उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा पूर्णतया सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न कराई जाएगी।

## नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद का निधन

सीतापुर। महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद का बीती रात लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से ऋग्ठ में भर्ती थे और निम्न रक्तचाप की शिकायत के चलते उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की सूचना मिलते ही महमूदाबाद नगर में शोक की लहर दौड़ गई।*नगर पालिका के पहले चेयरमैन थे मोहम्मद अहमद*मोहम्मद अहमद महमूदाबाद नगरपालिका परिषद के पहले अध्यक्ष थे। 1988 में पालिका गठन के बाद हुए पहले चुनाव में उन्होंने जीत हासिल की थी। इसके बाद 2012 और 2016 में भी वह अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। वर्ष 2023 में उन्होंने एक बार फिर जीत दर्ज कर नगर अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। बीमारी के चलते वे वर्तमान कार्यकाल में कार्यालय को कम समय दे पा रहे थे।*गणमान्य नागरिकों ने जताया शोक*मोहम्मद अहमद के निधन पर नगर के कई प्रमुख लोगों ने शोक व्यक्त किया। पूर्व मंत्री डॉ. अम्मार रिज़वी, विधायक आशा मौर्य, पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा, सहित कई सामाजिक और राजनीतिक व्यक्तित्वों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## जानलेवा हमला मामले में फरार दो युवक गिरफ्तार

प्रयागराज । जार्जटाउन थाना एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम ने जानलेवा हमला मामले में फरार चल रहे दो युवकों को बुधवार को लिडिल रोड के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने वारदात में प्रयुक्त कार एवं एक पिस्टल, दस कारतूस, दो खोखा एवं शस्त्र लाइसेंस बरामद किया। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में जनपद के सरायइनायत थाना क्षेत्र के जैतपुर हनुमानगंज निवासी पवन कुमार सिंह पुत्र धमेन्द्र सिंह और इसी थाना क्षेत्र के रामनाथपुर गांव निवासी हिमांशु यादव उर्फ राहुल पुत्र लल्ला यादव है। डीसीपी नगर ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ जार्जटाउन थाने में इस वर्ष धारा 109(1)/115(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इनकी गिरफ्तारी के लिए जार्जटाउन पुलिस, सर्विलांस सेल नगर एवं एसओजी टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम ने दोनों को मुखबिर की सूचना पर बुधवार को गिरफ्तार किया और विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

## मोदी युग का नया भारत आतंकवादियों को घर में घुसकर मारेगा : राजेश शुक्ला

प्रयागराज । पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर देने के बाद प्रयागराज यमुनापार के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सिविल लाइंस में पटाखें फोड़कर ज़श्न मनाया। यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने जश्न मनाते हुए भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता पर कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मोदी युग में नया भारत आतंकवादियों के किए की सजा घर में घुसकर ईंट का जबाव पत्थर से देने का कार्य कर रहा है। देश के साथ-साथ सभी जगह जश्न का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा लहराकर देश के सैनिकों और देश की सरकार का आभार जताते हुए जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, सुधाकर पांडेय, सतीश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सेना ने आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया : शशांक मणि

देवरिया । भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत करने पर भाजपा किसान मोर्चा ने पुरवा स्थित संसदीय कार्यालय पर पदाधिकारीगण के साथ खुशी मनाया। इस अवसर पर उपस्थित सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को खत्म करके आतंकियों को मुहतोड़ जवाब देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भारत ने यह बता दिया कि जो भी हमसे टकराने की कोशिश करेगा उसे नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मार्कण्डेय शाही ने कहा भारत की सेना पर सभी देशवासियों को गर्व है।

## ऑपरेशन सिंदूर से 26 निहत्थे हिंदू पर्यटकों की हत्या का गम हुआ कमजोर: पवन श्रीवास्तव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। केन्द्र की मोदी सरकार साहसिक निर्णय लेने वाली सरकार है। सभी भारतवासी सरकार का निर्णय सुनने के लिए आशा भरी दृष्टि से प्रधानमंत्री की ओर देख रहे थे। अब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू कर दिया है। यह बात बुधवार को भाजपा नेता पवन श्रीवास्तव ने कही।

भाजपा नेता अनुराग संत ने कहा कि अभी यह ऑपरेशन अधूरा है आतंकी के आका मारे जाएंगे तब पूरा होगा। उन्होंने देश के जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की पूरा देश आपके साथ है और आपके जज्बे को सलाम करता है। उन्होंने पाकिस्तान पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अबे सुन ले पाकिस्तान तेरा बाप हिंदुस्तान है। इसी कड़ी में महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में बाबा चौराहे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह को प्रतीकात्मक रूप से प्रयागराज की प्रसिद्ध दही जलेबी खिलाते हुए जश्न मनाया।

महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम में धर्म पूछ कर 26 हिंदुओं की हत्या की गई थी। देश के संरक्षक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने धर्म का निर्वाह करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और इस्लामी आतंकवादियों को जड़ से मिटाने के लिए लगातार कार्यवाही कर रहे हैं उन्होंने ऑपरेशन के स्तर पर और कूटनीतिक स्तर पर भारत की जीत बताया। उक्त अवसर पर भाजपा नेता अनुराग संत, पार्षद नीरज गुप्ता, विनोद सोनकर, सोनू सोनकर, संदीप चौहान, कुशाग्र श्रीवास्तव, आकाश कुमार, गौरीश आहूजा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएम एवं एसपी के नेतृत्व में राजकीय इण्टर कालेज के क्रीड़ा मैदान में मॉकड्रिल का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के क्रीड़ा मैदान में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें आपात स्थिति के समय नागरिक सुरक्षा हेतु की जाने वाली गतिविधियों का पूर्वाभ्यास कराया गया। मॉकड्रिल ड्रिल के दौरान बचाव एवं राहत कार्यो का पूर्वाभ्यास भी किया गया। आग लगने पर घायलों को निकालने, उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचानें, आत्मरक्षा, चिकित्सीय सहायता आदि के संबंध में पुलिस विभाग, फायर सर्विस, चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गतिविधियां की गयी। किसी भी आपात स्थिति में संयम बनाये रखते हुये स्वयं को बचानें का प्रशिक्षण भी सभी को दिया गया। मॉक ड्रिल के दौरान घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से ग्रीन कॉरीडोर द्वारा शीघ्र नजदीकी चिकित्सालय (जिला चिकित्सालय सीतापुर) ले जाकर तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराये जाने का भी अभ्यास सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में इस मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी विभागों द्वारा अन्तर्विभागीय समन्वय से राहत एवं बचाव कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने बताया कि आपात स्थिति में सभी को संयम बनाये रखते हुये स्वयं को बचाने का प्रयास करना चाहिये। किसी प्रकार की अफरा-तफरी न फैलायें तथा अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान न दें। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मॉक एक्सरसाइज के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म की कड़ी निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति आपत्तिजनक पोस्ट न करे, जिससे सामाजिक सदभाव प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि इस प्रकार नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। मॉक ड्रिल के दौरान सभी को सुरक्षा उपायों के विषय में भी बताया गया। नागरिकों से अपेक्षा की गयी कि किसी भी आपात स्थिति की चेतावनी मिलने पर इसे गम्भीरता से लें तथा मजबूत संरचना वाले स्थान में शरण लें। हमले की आवाज सुनाई दे तो तुरन्त जमीन पर लेट जायें, चेहरे को नीचे करें, सिर और गर्दन को हाथों, बैग, किताब या किसी वस्तु से ढकें। बिजली, गैस और पानी की सप्लाई बन्द रखें। किसी प्रकार की अफरा-तफरी ने फैलायें तथा अफवाहों से बचें, मानसिक रूप से संतुलन बनाये रखें तथा प्रशासन एवं बचाव दल का सहयोग करें। मॉक ड्रिल के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 प्रवीन रंजन, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## वेबसाइट पर सारांश के बजाय पूरा आदेश अपलोड करने का सभी बीएसए को निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वेबसाइट पर केवल ल्लस्पीकिंग ऑर्डर का सारांशल्ल अपलोड न करें अपितु पूरा आदेश अपलोड किया जाय। कहा कि वेबसाइट पर आदेश अपलोड न होने के कारण प्रभावित पक्षों को कोर्ट का रुख करना पड़ रहा है।यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने कौशाम्बी की सहायक अध्यापिका वंदना सिंह की याचिका पर दिया है।

याची का कहना है कि उन्हें केवल कार्यालय ज्ञाप दिया गया, स्पीकिंग ऑर्डर की प्रति नहीं सौंपी गई। ऐसे में यदि ज्ञाप रद्द भी हो जाए तो स्पीकिंग ऑर्डर अलग से चुनौती देनी होगी। इसलिए विस्तृत आदेश उपलब्ध कराया जाय।सरकार की तरफ से आश्वस्त किया गया कि याची को 72 घंटे के भीतर स्पीकिंग ऑर्डर की प्रति उपलब्ध करा दी जाएगी।

कोर्ट ने याची को आदेश मिलने पर चुनौती देने की छूट देते हुए याचिका निस्तारित कर दी।कोर्ट ने बेसिक शिक्षा अधिकारी, कौशाम्बी पर 2000 रुपये का हर्ज़ाना भी लगाया और आदेश दिया कि आदेश की प्रति के साथ-साथ याची को हर्ज़ाने का भुगतान किया जाय। साथ ही, बेसिक शिक्षा विभाग के सचिव को निर्देशित किया कि भविष्य में आदेश अपलोड करने से पहले उसकी प्रति सम्बंधित कर्मचारी को देना अनिवार्य किया करें।

## मुरादाबाद में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का किया गया अभ्यास

मुरादाबाद । भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा घोषित अलर्ट व किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को पुलिस लाइन मैदान में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया। इसमें नागरिक सुरक्षा के वार्डे नों, एसडीआरएफ जवानों, चिकित्सा कर्मियों, पुलिसकर्मियों ने विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए काल्पनिक प्रदर्शन किया। इसके साथ ही महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में रेस्क्यू रिहर्सल किया गया। पुलिस लाइन में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का लक्ष्य नागरिकों को आपात स्थिति में व्यवस्थित और त्वरित प्रतिक्रिया देना है। इसमें हवाई हमले की चेतावनी (सायरन), ब्लैक आउट, निकासी, प्राथमिक चिकित्सा कैसे उपलब्ध कराई जाए, इसके बारे में जागरूक किया गया।

## स्वत: रोजगार समूहों के माध्यम से महिलाओं को मिल रहा लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उपायुक्त स्वतः रोजगार एन0आर0एल0एम0 सीतापुर ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जनपद सीतापुर में गठित समूहों द्वारा आजीविका संवर्धन हेतु निरन्तर नये-नये उत्पादों को तैयार व बिक्री कराने का प्रयास किया जाता रहा है, किन्तु उत्पादों की बिक्री हेतु कोई बड़ी मार्केट में दुकान/स्थान न उपलब्ध हो पाने के कारण अच्छी बिक्री नहीं हो पाती थी, जिस समूहों की महिलाओं का कार्य करने का मनोबल दिनों दिन क्षीण हो रहा था। उक्त समस्या के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में समूहों की आजीविका संर्वधन हेतु कलेक्ट्रेट गेट नं0-02 के पास समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादों का शोरुम को संचालित किया गया है। शोरुम का नामकरण नैमिष-नारी की उड़ान रखा गया है तथा बैंक खाता भी खुलवाया गया है। इस शोरुम में सभी विकास विकास खण्डों के समूहों द्वारा निर्मित विविध उत्पाद यथा-जलकुम्भी उत्पाद, मूंज काफ्ट, चिप्स, नमकीन पापड़, अचार, देशी घी, दरी कालीन, सब्जी मसाले, हर्बल साबुन व शैम्पू, चिकन कड़ाई आदि सामग्री बिक्री हेतु उपलब्ध करायी गयी है। शोरुम का नियमित संचालन व लेखा-जोखा हेतु समूह की महिला को रखा गया है। संचालन कर रही महिला द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक रु0 48112 की बिक्री कर लगभग रु0 10000 का लाभांश अर्जित किया गया है। अर्जित लाभांश नियमानुसार सम्बंधित समूहों को ससमय दिया जा रहा है। इस शोरुम के संचालन से जिन समूहों द्वारा उत्पाद बनाये जा रहे है उनके काफी उत्सुकता आयी है।

# पुलिस, जिला प्रशासन व सिविल डिफेंस की संयुक्त टीम ने पुलिस लाइन में किया मॉकड्रिल

**ब्लैक आउट के दौरान सभी लाइटें और बिजली के उपकरण तुरंत बंद करें, घर, दुकान, वाहन, मोबाइल की फ्लैशलाइट न जलाये।**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद में पुलिस एंव जिला प्रशासन व सिविल डिफेंस की संयुक्त टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन जनपद आजमगढ़ में गृह मंत्री, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा प्रतिक्रिया प्रणाली को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज आजमगढ़ पुलिस व जिला प्रशासन तथा सिविल डिफेंस की संयुक्त टीम द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में मण्डलायुक्त विवेक कुमार, पुलिस उप-महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमढ़ सुनील कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना उपस्थित रहें। अभ्यास में पुलिस विभाग के साथ-साथ प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी, सिविल डिफेंस, आपूर्ति विभाग एवं अन्य सहयोगी एजेंसियों ने भाग लिया। माकड्रिल का मुख्य उद्देश्यः अपरिहार्य/आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा एवं जागरूकता बढ़ाना। जिसमे मुख्य रूप से मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की सक्रियता प्रदर्शित की गई। यह अभ्यास पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से किया गया। नागरिकों से अनुरोध किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही मॉक ड्रिल के दौरान सामान्य जनजीवन प्रभावित न हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा आपात स्थिति में संसाधनों की तैयारी का परीक्षण करना है।

आजमगढ़ पुलिस सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करती है तथा आपसे निवेदन करती है कि इस अभ्यास को लेकर सहयोगात्मक रवैया अपनाएं और प्रशासन के साथ मिलकर इसे सफल बनाएं।

### ब्लैकआउट के दौरान क्या करें

ब्लैक आउट के दौरान सभी लाइटें और बिजली के उपकरण तुरंत बंद करें, घर, दुकान, वाहन, मोबाइल की फ्लैशलाइट आदि। इनवर्टर व जनरेटर बंद करें ताकि बाहरी रोशनी समाप्त हो सके। खिड़कियों व दरवाज़ों के परदे बंद करें ताकि रोशनी बाहर न दिखे। वाहन चला रहे हों तो तुरंत किनारे लगाकर बंद कर दें, हेडलाइट और इंडिकेटर बंद रखें। सभी सदस्यों को एक जगह सुरक्षित रखें, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को। रेडियो, मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहें। पड़ोसियों को भी सतर्क करें, विशेषकर अकेले रह रहे लोगों को। जरूरी दवाइयाँ और टॉर्च आदि सामान पहले से तैयार रखें। ब्लैक आउट के दौरान किसी भी प्रकार की रोशनी जलाना , मोमबत्ती, टॉर्च, लाइटर आदि, बाहर निकलकर सड़क पर घूमना या शोर मचाना। वाहन चालू रखना या उसकी लाइट जलाना। न करें।

अफवाहें फैलाना या भ्रामक जानकारी शेयर करने से दूर रहे। सोशल मीडिया पर भी नहीं। बिना आवश्यक कारण के फोन कॉल करना, आपात सेवाओं की लाइन व्यस्त न करें। किसी भी संदिग्ध वस्तु को छूना या उठाना। सामूहिक रूप से इकट्ठा होना या भीड़ लगाना या सरकारी निर्देशों की अनदेखी बिलकुल भी न करें। जिसे आप के साथ सभी को सुरक्षा मिल सके।

# अपना दल एस की मासिक बैठक हुई संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । अपना दल एस की मासिक बैठक जनपद कार्यालय रायबरेली में संपन्न हुई जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार हम सब लोगों को सक्रिय सदस्यता शुरू कर देनी चाहिए पार्टी को नई ऊर्जा देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बना कर पार्टी से जोड़ना होगा पार्टी में लोगों को नई ऊर्जा के साथ पदाधिकारी बनाकर उन्हें क्षेत्र में जाना होगा। जिससे पार्टी के आने वाले पंचायत चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पटेल ने सभी विधानसभा अध्यक्षों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द विधानसभा पदाधिकारी की नई सूची जिला मुख्यालय को प्रेषित कर दी ।

बैठक में मुख्य रूप से किसान मंच के जिला उपाध्यक्ष अभय सोनकर , जिला अध्यक्ष विधि मंच अमित चौधरी,जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार जायसवाल ,युवा मंच के जिला अध्यक्ष विवेक सिंह ,महिला मंच की विधानसभा अध्यक्ष रेखा पटेल,मुन्ना घोषी, नसीम घोषी ,इंद्रेश पटेल, चंद्रप्रकाश, विनय कुमार वर्मा, मोहम्मद अयूब, अर्जित पटेल, पवन पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सरेनी श्यामू लोधी, विक्रम पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# देह व्यापार के कारोबार मे लिप्त सूर्या होटल पर पुलिस ने की छापेमारी

**मौके पर धरे गये युवक-युवतियां कुशीनगर में थमने का नाम नही ले रहा देह व्यापार कारोबार**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। तथागत बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली में वर्षो से बेखौफ संचालित हो रहे हैं देह व्यापार का अनैतिक कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है।बताया जाता है कि लगातार मिल रही शिकायत के बाद मंगलवार को कसया पुलिस ने नायब तहसीलदार के मौजूदगी मे झंगुवा नहर के समीप स्थित होटल सूर्या पर छापेमारी की। इस दौरान रंगरलियां मनाते हुए लगभग नौ जोडे पकडे गये। पुलिसिया जांच-पड़ताल मे तमाम खामियो के साथ पाया गया कि होटल बिना रजिस्ट्रेशन अवैध रूप से संचालित हो रहा है। पुलिस होटल संचालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर होटल को सील करने की कार्रवाई मे जुटी है। इधर चर्चा है कि पकडे गये युगल जोडियो को छोडने के लिए मैनेज का खेल चल रहा था।बतादे कि कुशीनगर के तमाम अवैध रूप से संचालित होटल व गेस्ट हाउसो में चल रहे देह व्यापार के कारोबार की लगातार मिल रही शिकायत को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी गौरव शुक्ला ने नायब तहसीलदार के साथ मिलकर मंगलवार को झंगुवा नहर के समीप स्थित सूर्या होटल पर छापेमारी की। सूत्र बताते है कि इस दौरान लगभग नौ युगल जोडी रंगरलियां मनाते हुए पकडे गये जिनका आगंतुक रजिस्ट्रर पर इंट्री नही था। इसके अलावा जांच मे यह तथ्य भी सामने आया कि होटल प्रबंधन द्वारा किसी भी आगंतुक की पहचान दर्ज नहीं की जाती है जो सराय एक्ट का खुलेआम उल्लंघन है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक होटल रजिस्टर की जांच में आगंतुकों का कोई विवरण नही पाया गया जो सुरक्षा की दृष्टिकोण से एक गंभीर लापरवाही है। इसके अलावा होटल सराय एक्ट मे बिना रजिस्टर्ड अवैध रूप से संचालित हो रहा था। पुलिस ने सूर्या होटल के संचालक केखिलाफ विभिन्न धाराओं तहत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर होटल सील करने की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस की इस कार्रवाई को आमजन द्वारा सराहनीय कदम बताया जा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि कुशीनगर के अधिकांश होटलो में अवैध रूप से देह व्यापार का अनैतिक कारोबार फलफूल रहा है इन होटलो के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की।

### जोड़ियों को छुड़ाने के लिए शुरू हुआ मैनेज का खेल

सूत्र बताते है कि सूर्या होटल पर छापेमारी के दौरान लगभग नौ युगल जोडे पुलिस के हत्थे चढे जिन्हे पुलिस थाने लेकर आयी। समाचार लिखे जाने तक इन युगल जोडियो को छुड़वाने के लिए परिजनों व पुलिस के बीच दलालो के माध्यम से मैनेज का खेल चल रहा था।

### एक होटल के साथ मैनेज की चर्चा

चर्चा जोरो पर है कि पुलिस द्वारा होटल सूर्या के साथ एक अन्य होटल पर भी छापेमारी की गयी किन्तु उस होटल का नाम सार्वजनिक नही किया गया क्योकि वहा होटल संचालक ने मामले को सार्वजनिक होने से पहले मैनेज कर लिया है। सूत्रो के इस दावे मे कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है।

# आजमगढ़ पहुंचे जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भारतीय सेना को दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। आज पूरा देश और पूरी दुनिया नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी हुई है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सभी हिंदू मुस्लिम भाई नरेंद्र मोदी के साथ हैं। जिस तरह से भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया है। उसके पीछे का तार क्या है कि आतंकवादियों ने बड़ी संख्या में मां बहनों के सुहाग को उजाड़ दिया था। ऐसे में हमारी सेना ने इस ऑपरेशन को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया है। प्रदेश सरकार के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शारदा सहायक खंड के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन करने आजमगढ़ जिले के दौरे पर पहुंचे थे। बाढ़ राहत की समीक्षा करते हुए सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का कहना है कि पूर्वांचल में जो बाढ़ का प्रकोप होता था वह अब कम हो रहा है 8 वर्षों में 10000 करोड रुपए खर्च किए गए हैं। इसके साथ ही बाढ़ को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का कहना है कि जिस तरह से भारतीय सेना ने अभियान चलाया हुआ है। उससे एक भी आतंकवादी नहीं बचेगा। आतंकवादियों ने जिस तरह से पर्यटकों की बार-बार हत्या कर उन पर गोलियां चलाई। अब ऐसे में जब भारतीय सेवा इन आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने में लगी हुई है तो निश्चित रूप से देश का हर हिंदुस्तानी गौरवान्वित और अपने को सम्मानित महसूस कर रहा है।

# हवाई हमले से सुरक्षा के लिये जीआईसी ग्राउंड में अभ्यास (माकड्रिल) का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह की उपस्थिति में जीआईसी ग्राउंड में संभावित हवाई हमले से सुरक्षा हेतु एक पूर्व नियोजित अभ्यास (ड्रिल) आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा मानसिक रूप से तैयार रहना है। भारत सरकार द्वारा आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन को युद्ध जैसी आपात स्थितियों के लिए तैयार करना है। इस अभ्यास में विभिन्न सुरक्षा उपायों और प्रशिक्षण सत्रों को शामिल किया गया है। हम सब की सजगता और तैयारी ही हमारी सुरक्षा की कुंजी है। आज के आयोजित मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग एवं आपदा मित्रों के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं अन्य जनमानस को क्या करें के सम्बन्ध में अभ्यास एवं जागरूक किया गया, जो निम्नवत है। कृपया घबराएं नहीं। बच्चों को अवश्य जागरूक करें। हवाई हमले से बचाव हेतु निम्नलिखित चेकलिस्ट को अपने मोबाइल में सुरक्षित रखे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा अन्य लोग मौजूद थे।

# सह फसली खेती का लाभः किसान ने बेची 50 हजार की भिण्डी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। ढाढा चीनी मिल के क्षेत्र किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर गन्ने के साथ सह फसली खेती का लाभ ले रहे हैं। इसी क्रम मेंहाटा विकास खण्ड के ग्राम ढाढा खुर्द में किसानों को गन्ने के साथ सह फसली खेती का लाभ मिल रहा है। किसान राजू चौधरी ने दो माह में 50 हजार की भिंडी बेची है और उस रुपए से नई बाइक ले ली है।किसान चौधरी ने फरवरी के पहले सप्ताह में गन्ना प्रजाति को 0118 लाईन से लाईन की दुरी 120 सेमी ट्रेंच विधि से बोया है। भिण्डी बोने के 35 से 40 दिन पर भिण्डी निकलना शुरू हुआ शुरू में 40 - 50, अप्रैल में 30 - 40 रुपया किलो बिका। इस समय 20 से 25 रुपया किलो बिक रहा है।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निर्देशक ओमप्रकाश गुप्ता को किसान राजू चौधरी ने अपने खेत पर दी।बताया कि कुल पौने दो एकड़ गन्ना बोया है पूरे खेत में भिण्डी बोया है। भिन्डी इतना निकल रहा है कि हम तुड़वा नहीं पा रहे हैं। प्रति दिन आधा एकड़ खेत की भिण्डी तोड़ रहे है। तीसरे दिन तोड़ाई करते हैं।

भिंडी जून तक चलेग ओमप्रकाश गुप्ता ने शारदकाल में गन्ने के साथ आलू, लहसुन, मटर, मसूर, टमाटर बोने की सलाह फोटो ग्राफ दिखाकर दिया था। ढाढा चीनी मिल के उप महाप्रबंधक गन्ना डीडी सिंह और वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक देवेश गिल ने किसान के खेत का भ्रमण किया। किसान को चोटीबेधक कीट से प्रभावित पौधा दिखाया। ग्राम पटनी के किसान लालबहादुर, रामध्यान का गन्ना भिण्डी का खेत गन्ना प्रबंधक मनोज पाण्डेय और गन्ना विकास अधिकारी भास्कर सिंह ने दिखाया। गन्ना सुपरवाइजर राम भरोसे ने गन्ना सर्वे घोषणा पत्र के विषय में बताया। प्रमुख किसान वीरेंद्र सिंह, ब्रजनाथ, सतेन्द्र राव, रामवृक्ष गुप्ता, रामनिवास, तूफानी सिंह आदि को मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने कहा कि सम्मानित किया जाएगा।

# आतंकी ठिकानों के नेस्तनाबूद होने पर पटाखे फोड़ मनाई खुशी भारतीय सेना के रणबांकुरों पर हमें गर्वः राकेश जायसवाल



कुशीनगर। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को भारतीय सेना द्वारा नेस्तनाबूत करने की खबर से पूरे क्षेत्र में हर्ष को लहर दौड़ चली। यहां पटाखे फोड़ कर अपनी खुशी का इजहार किया गया। कसया नगर के गाँधीचौक पर नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता राकेश जायसवाल के नेतृत्व में तिरंगा लेकर निकले बुद्धिजीवी, अधिवक्ता, नगरवासी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये। समाजसेवी राकेश जायसवाल ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने कहा था कि मोदी को पैगाम दे देना तो मोदीजी ने संज्ञान लेकर उनके घर में घुस कर उन्हें तबाह कर दिया। भारतीय सेना के रणबांकुरों पर हम सभी को गर्व है। मंडलाध्यक्ष आद्या पांडेय, रूपम सिंह, अधिवक्ता फूलचंद यादव ने अपने विचार रखकर मोदी सरकार एवं सेना की सराहना की। इस अवसर पर सभासद राजेश मद्देशिया, राकेश यादव, मनीष मिश्र, उग्रसेन, राशिद अली, परवेज, सन्नी जायसवाल,सत्यप्रकाश पांडेय, भीमबली सिंह, हरेंद्र जायसवाल, राहुल सोनी, राधे यादव, भरत आहूजा, पूर्व प्रधान रविंद कुमार, किसन जायसवाल, कन्हैया जायसवाल, शकुंतला देवी, हरीश कुमार शर्मा, संतोष जायसवाल, विकास राव, अकबर हुसैन, टुनटुन, सुमित जायसवाल मौजूद रहे।

### एसडीएम की कार्यशैली से खफा अधिवक्ताओं ने पारित किया निंदा प्रस्ताव

महराजगंज, रायबरेली। एसडीएम की कार्यशैली से खफा अधिवक्ताओं ने पारित किया निंदा प्रस्ताव। वकीलों की चल रही हड़ताल के संबंध में एसडीएम सचिन यादव ने तहसील के दोनों बार संघों के अध्यक्ष व महामंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं को वार्ता के लिए चेंबर में बुलाया गया था। अधिवक्ताओं का आरोप है कि एसडीएम ने अधिवक्ताओं के साथ अमर्यादित व्यवहार किया चेंबर में बैठने के लिए कुर्सी तक नहीं दिया जब कि आम नागरिक बैठे थे और कड़े शब्दों में वार्तालाप किया। जिससे हम सभी अधिवक्ता एसडीएम के कृत्य की निंदा करते हैं आम सभा की बैठक में निर्णय लेते हैं कि उत्तर प्रदेश शासन की मनसा अनुरूप जब तक उप जिलाधिकारी महाराजगंज कार्य नहीं करते हैं तब तक हम सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अवकाश पर रहेंगे अधिवक्ताओं ने निंदा प्रस्ताव की एक प्रति उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी रायबरेली, मंडल आयुक्त लखनऊ, अध्यक्ष राजस्व परिषद लखनऊ को प्रेषित कर कार्रवाई की मांग किया अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील में एसडीएम भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त है जब तक अविवादित फाइलों का निस्तारित नहीं किया जाता है एवं कार्यशैली में सुधार नहीं किया जाता है तब तक हम सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अवकाश पर रहेंगे। इस मौके पर महाराजगंज बार एसोसिएशन अध्यक्ष देवी प्रसाद सुरेंद्र श्रीवास्तव बार एसोसिएशन अध्यक्ष छोटेलाल नागेंद्र सिंह सहित दर्शन अधिवक्ता मौजूद रहे।

### कृतज्ञता समारोह का आयोजन 9 मई को

आजमगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह द्वारा विगत पांच वर्षों के अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और स्नेह के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक कृतज्ञता समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 9 मई शुक्रवार को प्रातः 10 बजे हरिऔध कला केन्द्र, आजमगढ़ में आयोजित होगा। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा, ''पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस के सम्मानित कार्यकर्ताओं, पत्रकार बंधुओं और जिले के प्रबुद्धजनों के सहयोग और स्नेह ने मुझे आप सभी का ऋणी बना दिया। यह समारोह आपके सम्मान में आयोजित किया जा रहा है।'' उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी शोभा बढ़ाने की अपील की है। आयोजक ने इसे संघर्ष के 5 साल की संज्ञा देते हुए सभी का विश्वास ही अपनी ताकत बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# थुलवासा चौकी पुलिस की सरपरस्ती में रात भर होता रहा खनन,अधिकारी रहे मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के अनेक गांवों में पुलिस की मिली भगत के चलते अवैध खनन व अवैध कटान जोरो पर है तथा खनन माफिया आए दिन रात के अंधेरे में जेसीबी व डंफर की मदद से धरती को छलनी करते हुए देखे जा रहे हैं। वहीं अवैध कटान का भी सिलसिला क्षेत्र में बदस्तूर जारी है। बताते चलें कि जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार खनन माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से तत्पर है, और जिम्मेदारों को समय-समय पर शासन से प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर शासन के निर्देशों का पालन करने को कौन कहे तथा कोतवाली पुलिस द्वारा सारे आदेशों और निर्देशों को कथित तौर पर अपनी पुलिसिया करवाई के चलते आदेशों को रौंदा जा रहा है। जिसके चलते खनन माफियाओं को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है और शाम होते ही रात्रि के अंधेरे में खनन माफिया बेखौफ होकर धरती का सीना छलनी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जिसका साथ स्थानीय कोतवाली पुलिस बराबर दे रही है। ज्ञात हो कि बीती रात महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के चरी का पूर्व मजरे पहाड़पुर गांव में जेसीबी व डंपर द्वारा क्षेत्र के शारदा नहर के नजदीक संपर्क मार्ग से सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी खोदकर खनन माफिया ने शासन और प्रशासन को खुली चुनौती दी है तथा बीते एक सप्ताह के अंदर कोतवाली क्षेत्र के चरी का पुरवा पहाड़पुर रनागंज सहित कई गांवों में अवैध खनन जारी है और सूर्यास्त होते ही खनन माफिया अवैध खनन करने में मशगूल हो जाते हैं। स्थानीय पुलिस व कोतवाली पुलिस की मिली भगत के चलते ही यह अवैध खनन का कार्य चल रहा है। मामले में उप जिलाधिकारी तहसील सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने बताया कि बताया कि ग्रामीणों द्वारा दूरभाष पर अवैध खनन की सूचना दी गई है। हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर भेज कर अवैध खनन की जांच कराई गई है। रिपोर्ट मिलते ही खनन विभाग को रिपोर्ट भेज कर खनन माफिया के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मांग का सिंदूर मिटाने वालों को, हमारे देश ने मुंह तोड़ जवाब दिया: केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री

## भारत के साथ कोई खिलवाड़ करेगा तो उसे ऐसा ही करारा जवाब मिलेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। देश में सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है जो भारत ने बदला ले लिया है हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर मिटाने वालों को हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से जवाब दिया है,सेना के जज्बे को हर हिंदुस्तानी सलाम कर रहा है यह संदेश भी दिया है कि भारत के साथ कोई खिलवाड़ करेगा तो उसे ऐसा ही करारा जवाब मिलेगा यह बातें केंद्रीय विदेश व पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भै या ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र में कही है।कें द्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भै या ने यह भी कहा कि जब भी भारत पर हमले हुए भाजपा और संघ हमेशा सेना और तत्कालीन सर कारों के साथ खड़ा रहा लेकिन मौजूदा विपक्ष को देख लीजिए,वे एक तरफ तो साथ होने की बात क हते हैं,वहीं दूसरी तरफ देश की सेना का मनोबल तोड़ने से बाज नहीं आ रहें है।और लोग सेना के प राक्रम की सराहना कर रहे हैं 55 साल तक विपक्ष ने सिर्फ जीहजूरी की है।नया भारत राफ़ेल पर नींबू मिर्ची लगाना तो जानता है,लेकिन जी हजूरी नहीं करता है जिस राफ़ेल को कांग्रेस ने रोक रखा था, उसी राफ़ेल से हमने बड़ी सैन्य कार्रवाई की है।

### दुश्मनों को भारतीय सेना चुन-चुन कर मार रही

केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया ने कहा कि हम लोग हर कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार हैं,सेना देश के दुश्मनों को चुन-चुनकर मार रही है और आगे भी मारती रहेगी भारत सिर्फ आर्थिक ताकत ही नहीं है,बल्कि मिलिट्री ताकत में भी बहुत आगे है हमारे प्रधानमंत्री विदेशों का दौरा करते रहते हैं विदेश मंत्री भी दुनिया भर के देशों में जाते हैं,यही वजह है कि हमारी विदेश नीति पहले की तुलना में बिलकुल बदल चुकी है मजबूत हो चुकी है पूरी दुनिया भारत को दूसरे नजरिए से देख ता है।

## भारतीय सेना की पराक्रम के लगे जयघोष

गोरखपुर । अखिल भारतीय क्रांतिकारी सम्मान संघर्ष मोर्चा एवं गुरुकृपा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय सेना की शौर्यता, वीरता एवं पराक्रम की सराहना करते हुए शास्त्री चौक पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, मिठाईयां बांटी और तिरंगे के नीचे जोश हाई है के उदघोष कर भारत माता की जय के नारे लगाए।अखिल भारतीय क्रांतिकारी सम्मान संघर्ष मोर्चा संगठन के प्रमुख बृजेश राम त्रिपाठी के नेतृत्व में सेना का हौसला अफजाई करते हुए सिंदूर आपरेशन के लिए गए ऐतिहासिक फैसले के लिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आतंकवाद के खात्मे को लेकर वैश्विक स्तर पर किए गए प्रयासों की प्रशंसा किया गया आयोजन द्वारा बधाई दी गई।

# दरिंदगी की सारी हदें पार आठ साल की बच्ची से रेप

## दुकान में बुलाकर की दरिंदगी,एक माह पहले भी की थी छेड़छाड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के इटियाथोक में मंगलवार की शाम आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर इटियाथोक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वही आठ वर्षी य बच्ची किराने की दुकान से सामान लेने गई थी। वापस लौटते समय आरोपी ने उसे अपनी साइकि ल मरम्मत की दुकान में बुला लिया।दुकान का दरवाजा बंद कर उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया, फिर जान से मारने की धमकी देकर उसे भगा दि या,बच्ची रोती हुई घर पहुंची और अपनी मां को पूरी घटना बताई। बच्ची के कपड़े खून से सने थे। पीड़िता के पिता ने बताया कि वह करीब पांच सा ल पहले दूसरे जिले से यहां आए थे और चाय की दुकान चलाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एक म हीने पहले भी आरोपी ने बच्ची से छेड़छाड़ की थी। तब लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत करा दि या गया था। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने पुष्टि की है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# गोण्डा की कानून व्यवस्था में बड़ा बदलाव, सीओ शिल्पा वर्मा को मिली पुलिस लाइन की जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक प्र भावी और चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन में महत्वपूर्ण फ़ेरबदल किया गया है।गोंडा पुलिस अधीक्षक एसपी विनीत जायसवाल ने चार सीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई जिम्मे दारियां सौंपी गई हैं।इस फ़ेरबदल को जिले में शां ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है।नए बदलाव के तहत उदित नारायण पालीवाल को क्षेत्राधिकारी लाइन,यातायात के पद से हटाकर क्षेत्राधिकारी मन कापुर बनाया गया है।

वहीं,राजेश कुमार सिंह को क्षेत्राधिकारी मनकापुर से स्थानांतरित करते हुए क्षेत्राधिकारी सदर की जिम्मेदारी दी गई है।शिल्पा वर्मा,जो अब तक क्षेत्राधिकारी सदर थीं,उन्हें क्षेत्रा धिकारी पुलिस लाइन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।इसके अलावा,विनय कुमार सिंह को यातायात व यूपी-112 की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। एस पी विनीत जायसवाल ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि यह तबादले जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिसिंग को अधिक प्रभा वी बनाने के दृष्टिकोण से किए गए हैं।उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों को उनके अनुभव और कार्य शैली के आधार पर नई तैनाती दी गई है ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बना ए रखने में सक्रिय भूमिका निभा सकें।गौरतलब है कि गोंडा जिले में त्योहारों और आगामी पंचायत चुनाव गतिविधियों को देखते हुए प्रशासन सतर्क है और हर स्तर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्र यास किए जा रहे हैं।इन तबादलों से प्रशासन को स्थानीय स्तर पर बेहतर नियंत्रण और त्वरित कार्र वाई की अपेक्षा है।प्रशासनिक स्तर पर किए गए इस फ़ेरबदल को जिले में कानून व्यवस्था सुधार की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है।

## कोतवाली पुलिस ने दो जालसाजों को किया गिरफ्तार

गोरखपुर । अवैध व कूटरचित फिंगर प्रिंट क्लोन, मार्कशीट व अन्य प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में 02 अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध व कूटरचित प्रमाण पत्र, प्रिंटिंग करने की सामग्री व अन्य सामान बरामद किया गया।इस सम्बंध में मुखबिर की सूचना और सुरागसी के बाद प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में, उ0नि0 आशीष कुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा छापेमारी के दौरान अभियुक्त इमरान खान व श्याम बिहारी गुप्ता उर्फ गंगाराम को अंगूठे का क्लोन तैयार करने, कूटरचित अंकपत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र व अन्य अवैध/कूटरचित प्रमाण पत्र बनाने वाले उपरकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। ।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 107/2025 धाराढ318(4),338,336(3),340(2),61(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# निर्माणाधीन कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पटखौली का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## कार्य की गुणवत्ता ठीक न मिलने पर डीसी निर्माण का रोका वेतन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड हु.ज़ूरपुर अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय पटखौली परिसर में कक्षा 9 से 12 तक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के रू. 4.5301 करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस द्वारा कराये जा रहे उच्चीकरण कार्य का तकनीकी टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के स्थानिक अभियन्ता अशोक पाण्डेय ने बताया कि उच्चीकरण कार्य के अन्तर्गत एकेडमिक ब्लाक में 04 क्लास रूम, 03 लैब रूम, 02 अदद टॉयलेट ब्लाक, स्टाफ रूम, गेम रूम व 25 बालिकाओं हेतु छात्रावास का कार्य कराया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू. 1.81 करोड़ की धनराशि अवमुक्त हुई है। जिसका सदुपयोग कर लगभग 43 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

डीएम ने निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुए शटरिंग कार्य एवं केसिंग पाईप की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त करते हुए नाराज़गी व्यक्त की। डीएम ने कार्यस्थल पर उपयोग में लाये जा रहे मसाले, सरिया, प्लास्टर इत्यादि सामग्री के नमूने संग्रहीत कराते हुए गुणवत्ता की जांच कराये जाने के निर्देश दिया। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि विभाग अन्तर्गत जिले में संचालित निर्माण कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता के साथ साथ यह भी सुनिश्चित करें कि सभी कार्य समय से पूर्ण हों। कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग के डी.सी. निर्माण राकेश सिंह का बेतन बाधित करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर अधि.अभि. लो.नि.वि. निर्माण खण्ड प्रथम अमर सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी अशीष कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग के डीसी निर्माण राकेश सिंह व डीसी बालिका अनुराग शर्मा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# नगर में अधूरे निर्माण पर डीएम सख्त, ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नगर पालिका परि षद में अधूरे सौंदर्यीकरण और इंटरलॉकिंग कार्यों को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अ धिकारी को कड़े निर्देश दिए हैं।पंद्रहवे वित्त आयो ग के अंतर्गत गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा तक स्वीकृत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया है कि संबंधित ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी किया जाए और स्वीकृत कार्य को अविलंब प्रारंभ कराया जाए।उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रयुक्त निर्माण सा मग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और समस्त कार्य मानसून से पहले पूर्ण कर लिया जाए।बता दें, जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मंगलवार की शाम नगर का भ्रमण किया था।इस दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा तक स्वीकृत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है।इंटर लॉकिंग हटाने के बाद सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही जो इंटरलॉकिंग सामग्री साइट पर स्टोर की गई है,उसकी गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं पाई गई।अधिशासी अधिकारी को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि वे ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें और कार्य की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखें।इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि एक मजिस्ट्रेट को दैनिक पर्यवेक्षण के लिए नामित किया जाए और वे स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण करें।

# अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। तरबगंज उप जिलाधिकारी तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना के निर्देशन में तहसील तरबगंज के ग्राम बरौली, परगना ग्वारिच,थाना उमरीबेगमगंज स्थित गाटा संख्या 1676,रकबा 0.809 हेक्टेयर शासकीय भूमि,जो अभिलेखों में ''स्कूल फार्म'' के रूप में दर्ज है, से अवैध अतिक्रमण को नियमा लनु सार हटाने की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न की गई।पूर्व में की गई पैमाइश के दौरान उक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण की पुष्टि हुई थी,जिस पर उप जि लाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कार्यवा ही हेतु निर्देशित किया गया था।सात मई को प्रातः संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की उप स्थिति में प्रशासनिक अमले द्वारा उक्त भूमि से अतिक्रमण हटवाया गया।कार्यवाही के दौरान सी ओ उमरीबेगमगंज की निगरानी में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई,जिससे संपूर्ण कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुई।

अवैध अतिक्रमण हटाने की इस कार्यवाही में क्षेत्रीय नाग रिकों का सहयोग सराहनीय रहा।उपजिलाधिकारी तरबगंज द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है एवं भविष्य में भी इस प्रकार की प्रवृत्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

## पापकार्न व मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि परम्परागत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10-10 मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन तथा पॉपकार्न मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण कराया जाना है। पापकार्न बनाने वाले कारीगरों विशेषकर पिछड़ी जाति भुर्जी समुदाय के लोगों को पापकार्न मशीन तथा दोना पत्तल बनाने वाले कारीगरों एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले वाले व्यक्तियों रोज़गार उपलब्ध कराने हेतु उ.प्र. सरकार द्वारा निःशुल्क मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन तथा पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण किया जाएगा।उन्होनें बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति वे अपना आवेदन कार्यालय के वेवसाइट यूपीकेवीआईबी डाट जीओवी डाट इन पर पर ऑनलाइन/ऑफलाइन कर निम्न प्रपत्र 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पास बुक के साथ आनलाइन/ऑफलाइन आवेदन पत्र पूर्ण कर 15 मई 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में जमा कर सकते है। कृपया अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बहराइच के मो.न. 9580503159 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## अंजुमन दयार-ए-अदब की ओर से आयोजित हुई नशिस्त

नानपारा, बहराइच। नगर के मुहल्ला तोपखाना में साहित्यिक संस्था अंजुमन दयार-ए-अदब की ओर से एक अदबी तरही शेअरी नशिस्त का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उस्ताद शायर सरफराज़ ज़ैदी (सोशन नानपारवी) ने की और संचालन नज़र बहराइची ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेहताब आलम मिर्ज़ा रहे। नशिस्त में सोशन नानपारवी ने कहा कि - कुछ कसर न रखना तुम मुझको आज़माने में। चाहता हूँ मज़बूती मैं भी दोस्ताने में।। इंक़िलाब अशरफ़ी ने कहा कि - आईनों में रहते हो इसकी क्या हक़ीक़त है। मुस्तक़िल नहीं रहता कोई क़ैद ख़ाने में।। हयात नेपाली ने पढ़ा कि- धड़कनों में हलचल सी मचती है फ़क़त दो बार। एक तेरे आने में एक तेरे जाने में।। हाफ़िज़ जमील नानपारवी ने कहा कि- जिसने एक क़तरे को ये वजूद बख़्शा है। आफियत है उस दर पर अपना सर झुकाने में। मंज़ूर बहराइची ने कहा कि - वो लगा नहीं सकते आग आशियाने में। उम्र जिनकी गुज़री है एक घर बनाने में।। लाल नानपारवी ने कहा कि -चंद जाम ही दे कर रुक गये हो क्यों आख़िर। ज़र्फ़ चाहिये साक़ी तिशनगी बुझाने में।। नज़र बहराइची ने कहा कि - यह करम है मालिक का और कुछ नहीं वरना। उम्र बीत जाती है शोहरतें कमाने में।। । इनके अलावा मेराज शिवपुरी, आसिफ़ नानपारवी ने भी अपनी अपनी रचनाऐं पेश की। कार्यक्रम देर रात तक सफलतापूर्वक चला। प्रोग्राम के आख़िर में आयोजक लाल नानपारवी व काशिफ़ नानपारवी ने आये हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# नशा मुक्ति को लेकर माँ राजेश्वरी देवी ट्रस्ट के संस्थापक ने की एसपी से मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय माँ राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक शिव पूजन सिंह ने बुधवार को बहराइच के पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान जनपद में नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए पुलिस प्रशासन से सहयोग की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने ट्रस्ट के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि नशे पर नियंत्रण और समाज में जागरूकता फैलाने हेतु पुलिस प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। उन्होंने सभी थानों को इस अभियान में पूरा सहयोग देने के निर्देश देने का आश्वासन भी दिया।समाजसेवी संस्थाओं की भागीदारी से नशा जैसे सामाजिक अभिशाप के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने ट्रस्ट के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए इसे जनहित में एक मजबूत पहल बताया। माँ राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट विगत कई वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में कार्यरत है । साथ ही नशा मुक्ति जैसे अहम मुद्दे पर भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## महात्मा बुद्ध विद्यापीठ व जीआईसी में आयोजित हुआ मॉकड्रिल



बहराइच । जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण बहराइच अन्तर्गत हवाई हमले से बचाव के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा के नेतृत्व में राजकीय इण्टर कालेज व महात्मा बुद्ध विद्यापीठ में मॉकड्रिल कर छात्र-छात्राओं को स्वयं को सुरक्षित रखने, रेस्क्यू एवं प्राथमिक उपचार इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में आयोजित मॉकड्रिल के दौरान आपदा मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार वर्मा तथा आपदा मित्रों राहुल कुमार, सोभाराज सिंह, सुधाकर प्रसाद द्विवेदी, शिव बालक बाल्मीकि, योगेश प्रताप द्वारा जीआईसी इण्टर कालेज व महात्मा बुद्ध इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षण स्टाफ को किसी भी आपात स्थिति में क्या करें, क्या न करें की जानकारी दी गयी।

## नया भारत पाकिस्तान में घुस कर मारेगा : शिवम



गोण्डा। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। पाकिस्तान ने भारत की ओर स्ट्राइक किए जाने की बात स्वीकार कर ली है। भारत ने मुजफ्फराबाद,सियालकोट समेत कई ठिकानों पर मिसाइल हमला किया है। अब भारतीय सेना ने भी हमले की पुष्टि कर दी है। भारतीय रक्षा सूत्रों का कहना है कि इन हमलों में 90 पाकिस्तानी आतंक वादी मारे गए हैं इस अवसर पर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि ये नया भारत है जो पाकिस्तान में उसके घर में घुस के मारेगा व कल रात में पाकिस्तान में भारतीय सेना ने इतना बम मारा की पुरा पाकिस्तान धुआँ धुआँ हो गया।हम भारतीय सेना का धन्यवाद ज्ञापित करते है व ज़िला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि ये तो भारतीय वीरांगनाओं का थ्रिलर था पुरी पिक्चर अभी बाकी हैं व ज़िला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि थॉमसन इंटर कॉलेज से अम्बेडकर तक चौराहे पद यात्रा निकाल कर होली खेल कर भारतीय सेना को बधाई ज्ञापित किया।इस अवसर पर अमित तिवारी,प्रदीप यादव,अजय मिश्रा,अनुराग कुमार,सहजाद ख़ान,राजेश मोरिया,हर्षित श्रीवास्तव आदि लोग रहे।

# पूर्व प्रधान के कैंप कार्यालय में वितरण किया तबरूक देश में अमन चैन की मांगी दुआ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। राजस्थान के अजमेर में स्थित दरगाह शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज सरकार रहमतुल्लाअले की छठी शरीफ मुबारक में पहुंच कर अपने टीम के साथ हाजिरी देकर फूल पेश करके चादरपोशी की टीम में हाजिरी देने वालों में मुख्य रूप से हाजी रियाजत नूर खान,मोजम खान चिश्ती अदनान रजा खान, हाजी जाहिद खान नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल,हाजी लियाकत अली,जमातउल्लाह खान, सरताज मंसूरी आदि ने गरीब नवाज सरकार के आसथाने पर हाजिरी दी दरगाह से वापस आने पर पर ग्राम पंचायत शेरपुर कला में पूर्व प्रधान नाजिया खानम के कैंप कार्यालय पर अजमेर शरीफ से लाए गए तबरूकत प्रसाद जिसमें सोन हलवा मिठाइयां कलाबा का ग्राम वासियों को वितरण किया गया साथ ही आज के देश के हालात पर चैन अमन कायम रहे इसके लिए सभी लोगों ने दुआ की दुआ करने वालों में हाजी रियाजत नूर खान मंडल महामंत्री प्रधान संगठन,हाजी इरफान खान, डॉक्टर अदीब खान, शब्बीर ट्रेलर, आलम, इसरान खान,फरासत मेडिकल वाले, डॉक्टर नाजिम अजीम अंसारी,रजबल खान, हनीफ सहित तमाम कस्बा वासियों ने तबरूक प्रसाद ग्रहण करके दुआएं की हैं।

# भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक को बधाई देने हेतु व्यापारियों ने फहराया तिरंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जिस प्रकार से भारतीय सेना के जांबाज सिपाहियों ने अपना पराक्रम दिखाकर प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया नाम ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के घर में घुसकर एयर स्ट्राइक की गई।जिससे लगभग आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया। यह नव भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए दर्शाता है, पिछले 15 दिनों से देशवासियों के अंदर जो रोष और गुस्सा भरा था उसको आज भारतीय सेना ने अपनी पराक्रम से शांत करने का प्रयास किया।ऑपरेशन सिंदूर निश्चित रूप से भारत की माताओं बहनों की अस्मिता की ताकत दिखाने हेतु पाकिस्तान में बैठे इंसानियत के दुश्मनों को तोड़ कर रख दिया। इसलिए आज पीलीभीत के व्यापारी गण एवं विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के लोग एकत्र होकर अपने भारतीय तिरंगा फहराकर उनको बधाई दी और कहा कि समस्त देशवासी आपके साथ हैं।

देश की अखंडता पर कभी आंच नहीं आने देंगे। इस सम्मान कार्यक्रम में प्रांतीय संगठन मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता,मंडल उपाध्यक्ष डालचंद सक्सेना,मंडल मंत्री रतन नाथ मिश्रा,जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी,जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल,जिला कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा,राम नाथ सक्सेना,राजेश वैश्य,हितेंद्र त्रिपाठी,अशोक शर्मा,सोनी महातिया,डालचंद वर्मा,नगर अध्यक्ष रवि शर्मा,नगर कोषाध्यक्ष प्रतिपाल सिंह,आशु अग्रवाल, विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष जगदीश सक्सेना, जिला सह संयोजक अमित गुप्ता,शंकर राठौर,दिनेश गंगवार, राहुल यादव,शिवम्, अभिषेक पाण्डेय सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।उक्त जानकारी स्वतंत्र देवल जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पीलीभीत ने दी है।

## सेना ने पाकिस्तान को दिया जवाब ऑपरेशन सिंदूर हुआ सफल ब्लॉक प्रमुख ने किया स्वागत



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने भारतीय सेवा द्वारा सफल ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया है।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इसे थल सेना,वायुसेना और नौसेना की संयुक्त योजना और कार्रवाई के तहत अंजाम दिया गया हैं।इस हमले को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम इसलिए दिया गया कि सिंदूर एक महिला के लिए बहुत मायने रखता है। यह उसके सुहाग की निशानी है। पहलगाम में जिस तरह से विवाहित महिलाओं के सिंदूर को उजाड़ा गया।यह उसका करारा जवाब है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खास तौर पर यह स्पष्ट कहा था। कि इस ईट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा हमारी सेना ने पाकिस्तानी सेना की चौकी या सैन्य बेस को टारगेट नहीं किया,केवल आतंकियों के अड्डों को ही खत्म किया है।जो के स्वागत योग्य कदम है। यह सही समय है। अपना पाक अधिकृत कश्मीर लेने का।देश के रक्षा मंत्री और गृहमंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार इस अभियान में कार्य कर रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री से चेयरमैन ने की शिष्टाचार भेंट

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बहेड़ी–पीलीभीत लोकसभा सीट के सांसद एवं केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी टीम के इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी,वाणिज्य उद्योग मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से पीलीभीत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ शिष्टाचार भेंट की है। शिष्टाचार भेंट के दौरान नगर पालिका परिषद पीलीभीत से संबंधित सहित कई अहम मुद्दों पर लंबी वार्तालाप हुई। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल की वार्तालाप को ध्यानपूर्वक सुना और पीलीभीत शहर के विकास के लिए हर संभव सहयोग करने की बात कही है।

## ऑपरेशन सिंदूर : चेयरमैन ने पीएम गृहमंत्री रक्षा मंत्री के इस कार्य की प्रशंसा कर जवाबी कार्रवाई का किया स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं भारतीय सेना की बहादुरी की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया,जिसमें पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया है।इस जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने इस कार्रवाई का स्वागत किया हैं।

## कई बीडीओ के हुए ट्रांसफर लक्ष्मण प्रसाद होंगे पूरनपुर के नए बीडीओ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड पूरनपुर में कई दिनों से तैनात खंड विकास अधिकारी शिरीष कुमार वर्मा का आयुक्त ग्राम विकास संस्थान लखनऊ कार्यालय से अटैच कर दिया गया था। लेकिन फिर भी कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे थे। खंड विकास अधिकारी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने इस मामले की जानकारी जिला विकास अधिकारी संजय कुमार को दी तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए। तत्काल प्रभाव खंड विकास अधिकारी शिरीष कुमार वर्मा को जनपद से कार्य मुक्त कर दिया है।उनके स्थान पर खंड विकास अधिकारी ललौरीखेड़ा लक्ष्मण प्रसाद को पूरनपुर खंड विकास अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है।इसके अलावा खंड विकास अधिकारी अमरिया और बिलसडा का भी ट्रांसफर हुआ है।

## प्रधानमंत्री ने देश से किए वादे को पूरा किया–सुशील त्रिपाठी

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने पाकिस्तान के आतकंवादी ठिकानों के खिलाफ किए गए सफल 'आपरेशन सिंदूर' के लिए प्रधानमंत्री मोदी और देश की सेना को बधाई दी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने देश से किए वादे को पूरा किया है।यह देश के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा इस आपरेशन से पहलगाम हमले का शानदार ढंग से बदला ले लिया है।भाजपा जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, पूर्व जिला महामंत्री कृपा शंकर मिश्रा,पार्टी मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद कर सबक सिखाया है।

# ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री से की पुन : शिष्टाचार भेंट विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद के विकास खंड पूरनपुर की ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुनः एक बार फिर शिष्टाचार मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विकासखंड पूरनपुर में क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत कराए गए विकास कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह से कहा कि क्षेत्र की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जाएं।जिससे लोगों को इनका भरपूर लाभ मिल सके। और क्षेत्र का हर तरह से विकास हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्लॉक



प्रमुख मानसी सिंह की बातों को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया है। ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनपद पीलीभीत की प्रसिद्ध बांसुरी भी भेंट की है। इस शिष्टाचार मुलाकात में उनके साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य क्षेत्र विचित्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# 9 मई से 25 मई तक होगा नि:शुल्क राशन वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद सुलतानपुर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह मई-2025 के सापेक्ष आबटित खाद्यान्न का अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड धारको में निःशुल्क गेहूँ व चावल का वितरण दिनांक 09 मई 2025 से 25 मई 2025 के मध्य होगा, जिसके अन्तर्गत अन्त्योदय राशन कार्ड धारको को 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0 निःशुल्क) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारको को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट निःशुल्क) दर से खाद्यान्न वितरण ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीन से होगा। निःशुल्क खाद्यान्न के वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 25 मई 2025 है, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओ को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से नियमानुसार वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। उपरोक्त के क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओ को निर्देशित किया जाता है कि उक्त वितरण तिथियो में शासन की मंशा के अनुरुप नोडल/पर्यवेक्षक अधिकारियो की उपस्थिति में उचित दर दुकान से सम्बद्ध समस्त अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड धारको को निर्धारित अनुमन्य मात्रा में गेहूँ व चावल का निःशुल्क वितरण ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीन से नियमानुसार करना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियो/ पूर्ति निरीक्षको को निर्देशित किया जाता है कि वितरण तिथियो में निरन्तर भ्रमणशील रहकर निःशुल्क वितरण पर सतत निगरानी रखेगें। वितरण में अनियमितता प्रकाशित होने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही भी कराना सुनिश्चित करायेगें।

# संकट की स्थिति से निपटने के लिये किया गया मॉक ड्रिल अभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। गृह मंत्रालय भारत सरकार व गृह विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी कुमार हर्ष के कुशल निर्देशन में जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज, सुलतानपुर के प्रांगण में युद्ध अथवा किसी भी आपातकालीन संकट की स्थिति से निपटने के लिए आपदा विशेषज्ञयों सहित मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड, पुलिस विभाग एवं अन्य सम्बंधित संसाधनों के साथ लाइव मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं, एन0सी0सी0 कैडेड एवं आम नागरिकों को नागरिक सुरक्षा के दृष्टिगत युद्ध, अग्नि जैसे भयावह स्थिति के समय ''क्या करें या क्या न करें'' के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि युद्ध



की स्थिति से पहले ''क्या करें और क्या ना करें'' ताकि आप और आपके परिजन सुरक्षित रह सकें। युद्ध अथवा संकट की घड़ी में क्या करें। घर में प्राथमिक चिकित्सा किट, सूखा राशन, पानी, टॉर्च, बैटरियाँ और नकद पैसे रखें। मोबाइल फोन और पावर बैंक चार्ज रखें। रेडियो या सरकारी समाचार स्रोत से स्थिति की जानकारी लेते रहें। नजदीकी शरण स्थल या बंकर की जानकारी पहले से रखें। बच्चों, बुजुर्गों और विकलांगों के लिए विशेष योजना बनाएं। घर में मजबूत दीवारों के पास या नीचे शरण लें। यदि निकासी का आदेश हो तो तुरंत पालन करें। भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें, खुले बाज़ार या स्टेशन जैसे क्षेत्रों में रहने से खतरे की सम्भावना बढ़ जाती है अतः ऐसे स्थिति में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। मॉक ड्रिल के दौरान अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) गौरव शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह सहित मुख्य अग्निशमन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, आपदा विशेषज्ञ सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने किया आदर्श को सम्मानित

सुलतानपुर। विद्या भारती द्वारा प्रयागराज में आयोजित प्रधानाचार्य कार्य योजना बैठक में माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव वासुदेव द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर के छात्र आदर्श यादव को यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र को प्रशस्तिपत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। और सचिव ने कहा कि सुल्तानपुर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर के आदर्श ने जो आदर्श कायम किया है उसकी सुगंध संपूर्ण प्रदेश को सुगंधित कर रही है। इस अवसर पर काशी प्रांत के 12 जिले के प्रधानाचार्य एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद के उप सचिव सतेन्द्र जी विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद् सह संगठन मंत्री डॉ राम मनोहर काशी प्रांत के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नवजात बच्चों में सुनने की जाँच करवाने के महत्व पर संगोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर के नवनिर्मित चिकित्सा भवन में 'प्रधानाचार्य डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव' के निर्देशन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ 'डॉ अम्बर केसरवानी'( सहायक आचार्य) ने 'नवजात बच्चों में सुनने की जाँच करवाने के महत्व' के बारे में जागरूक किया।

डॉ अम्बर केसरवानी ने बताया कि नवजात बच्चों में जन्म के समय बहुत सी जाँच होती है, उन्हीं के साथ माता-पिता को बच्चे की सुनने की जांच भी करवानी चाहिए। यह जाँच हाई रिस्क बच्चों में, जो एनआईसीयू में रहे हो, समय से पहले पैदा हुए हो, लो बर्थ वेट वाले बच्चों में अधिक आवश्यक है अन्यथा बीमारी बाद में पकड़




में आती है और बच्चों में बहरेपन की समस्या भी बढ़ जाती है। समय से जांच एवँ उपचार से बहरेपन एवं न बोलने की समस्या को दूर किया जा सकता है। सुनने की जांच के लिए 'यूनिवर्सल हियरिंग स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल' लागू करने पर भी जोर दिया गया, जिसमें सभी पैदा हुए बच्चों में सुनने के जांच के लिए कहा गया। संगोष्ठी में डॉ पवन सिंह, डॉ आरपी द्विवेदी, डॉ सुजीत, डॉ संजय सिंह, डॉ वीर विक्रम सिंह, डॉ ऋचा तिवारी, डॉ शाश्वत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने उठाया हरे कृष्णा मूवमेंट के स्वास्थ्य शिविर का लाभ

एजेंसी

मथुरा। हरे कृष्ण मूवमेंट ने ''स्वस्थ ब्रज'' अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर बुधवार को ग्राम परखम गुर्जर में हरे कृष्ण मूवमेंट, केशव माधव चिकित्सालय और एम्स, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें 167 ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान हेतु चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। हरे कृष्ण मूवमेंट वर्ष 2008 से ब्रज क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है।

संस्था के मीडिया प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मार्च के प्रथम सप्ताह से लेकर अब तक हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा ब्रज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों रामताल,



बाटी, मघेरा, भरतिया और परखम गुर्जर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 693 ग्रामीणों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श व निःशुल्क दवाइयों की सुविधा प्रदान की जा चुकी है। परखम गुर्जर में आयोजित इस शिविर में एम्स, दिल्ली के डॉ. दीपिका मिश्रा, डॉ. तनुराग और डॉ. भरत, केशव माधव चिकित्सालय के डॉ. सौरभ रॉय, डॉ. सोमेश चैहान, सुनीता, केडी मेडिकल एवं केडी डेंटल से डॉ. शशांक, डॉ. देवरा, डॉ. निधि और डॉ. दीक्षा ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं।

## गरीब की दवा

कई बार समाचार सुनने-पढ़ने को मिलते हैं कि परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों के महंगे इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों को टीस दे जाती हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है। दरअसल, बीते शुक्रवार को दवा कंपनियों की मुनाफाखोरी के कारोबार से बढ़ती दवाओं की कीमतों के बाबत एक मामले में सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि डॉक्टर केवल जेनेरिक दवाइयां ही लिखना प्रारंभ कर दें, तो दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है। निस्संदेह, तरह-तरह के प्रलोभन व परोक्ष-अपरोक्ष लाभ देकर दवा कंपनियां चिकित्सकों पर महंगी दवा लिखने का दबाव बनाती हैं। जिसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़ती है, जो महंगी दवा खरीदने की क्षमता नहीं रखते। ऐसे में वे कर्ज लेकर या अपने रिश्तेदारों से मदद लेकर किसी तरह गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों का इलाज कराते हैं। इस खर्च के दबाव के चलते परिजनों को भी तमाम कष्ट उठाने पड़ते हैं। गाहे-बगाहे सरकारों ने दवा कंपनियों की बेलगाम मुनाफाखोरी रोकने को कदम उठाने की घोषणाएं तो कीं, लेकिन समस्या का सार्थक समाधान नहीं निकल पाया। चिकित्सा बिरादरी की तरफ से भी यदि इस दिशा में सहयोग मिलने लगे तो इस समस्या का समाधान किसी सीमा तक संभव हो सकता है। लेकिन विडंबना है कि ऐसा हो नहीं पा रहा है। एक संकट यह भी है कि दवा कंपनियों द्वारा प्रचार किया जाता है कि जेनेरिक दवाइयां रोग के उपचार में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं होती। निस्संदेह, सरकारों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि जेनेरिक दवाइयों को प्रोत्साहन देने के उसके प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ते। एक वजह यह भी है कि दवा कंपनियों की लॉबी खासी ताकतवर होती है और साम-दाम-दंड-भेद की नीति का उपयोग करके अपने उत्पादों का विपणन करने में सफल हो जाती है। ऐसे आक्षेपों से चिकित्सा बिरादरी भी दोषमुक्त नहीं हो सकती, जो दवा कंपनियों के लोभसंवरण से मुक्त नहीं हो पाती। सरकारों को देखना चाहिए कि दवा कंपनियों द्वारा पोषित कदाचार पर नियंत्रण के प्रयास जमीनी हकीकत क्यों नहीं बन पाते। यदि ये कदम सख्ती से उठाए जाएं तो गरीब मरीज गंभीर रोगों का उपचार करने में सक्षम हो पाएंगे। फिर उनके अपनों का इलाज उनकी क्षमता के अनुरूप हो सकेगा। निस्संदेह, लंबे उपचार व असाध्य रोगों के इलाज में दवाओं की कीमत एक प्रमुख घटक होता है। यदि दवा नियंत्रित दामों में मिल सके तो उनकी बड़ी चिंता खत्म हो सकती है। निस्संदेह, दवाओं की कीमत हमारी चिकित्सा सेवाओं के लिये एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सरकार को चाहिए कि गांव से लेकर शहरों तक जेनेरिक दवाओं के मेडिकल स्टोर बड़ी संख्या में खोले जाएं। मरीजों के तिमारदार उन तक आसानी से पहुंच सकें। इस काम में स्वयं सेवा समूहों की मदद ली जा सकती है ताकि गरीब-अनपढ़ मरीजों को जागरूक करके जेनेरिक दवाइयों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा सके। मरीजों के परिजनों को विश्वास दिलाया जाना चाहिए कि जेनेरिक दवाइयां भी उसी साल्ट से बनी होती हैं, जिससे महंगी ब्रांडेड दवाइयां बनी होती हैं। निश्चित रूप से चिकित्सा बिरादरी का भी फर्ज बनता है कि वे अपने ऋषिकर्म का दायित्व निभाते हुए गरीब मरीजों को अधिक से अधिक जेनेरिक दवाइयां लिखना शुरू करें। यह उनके लिये भी पुण्य के काम जैसा होगा। लेकिन एक बात तो तय है कि सरकार असरकारी व समान गुणवत्ता की जेनेरिक दवाओं की बिक्री व सहज उपलब्धता के लिये युद्धस्तर पर प्रयास करे। साथ ही सूचना माध्यमों व स्वयं सेवी संस्थाओं की मदद से जागरूकता अभियान भी चलाए।

# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला

**जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन डाक्टर अपनी मर्जी से करते हैं। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफ़े को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है।**

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा। निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा। आज जबकि देश में लाइफ़स्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेज़ी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इज़ाफ़ा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है। जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन डाक्टर अपनी मर्जी से करते हैं। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफ़े को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है। सस्ती जेनेरिक दवाओं के प्रचलन को बाधिक करने की रणनीति एक वैश्विक समस्या है। भारत में जेनेरिक दवाओं की शुरूआत मोदी सरकार ने की। वैसे 2004 और 2013 के बीच अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली को इससे लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर की बचत हुई है। जेनेरिक कैंसर जैसी अनेक असाध्य बीमारियों की दवाओं की समय पर उपलब्धता ने ऐसे कई रोगियों की सामर्थ्य को बढ़ा दिया है। जबकि इसके विपरीत अनेक परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों की महंगी दवाओं एवं इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों के लिये बड़ी समस्या बनती रही हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है, जो गरीबों को सस्ती दवाओं से इलाज का रास्ता सुगम बना देगी। जिससे गरीबों के जीवन में एक स्वास्थ्य उजाला होगा। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि दवा-कम्पनियां तरह-तरह के प्रलोभन व परोक्ष-अपरोक्ष लाभ देकर चिकित्सकों पर महंगी दवा लिखने का दबाव बनाती हैं, मानो सारे नैतिक मूल्यों को ताक पर रखकर धनार्जन ही एकमात्र कर्म रह गया है। जिसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़ती है, जो महंगी दवा खरीदने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में वे कर्ज लेकर या अपने रिश्तेदारों से मदद लेकर किसी तरह गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों का इलाज कराते हैं। इस खर्च के दबाव के चलते परिजनों को भी तमाम कष्ट उठाने पड़ते हैं। गाहे-बगाहे सरकारों ने दवा कंपनियों की बेलगाम मुनाफाखोरी रोकने को कदम उठाने की घोषणाएं तो कीं, लेकिन दवा माफिया के दबाव में समस्या का सार्थक समाधान नहीं निकल पाया। डॉक्टरों की तरफ से भी यदि इस दिशा में सहयोग मिलने लगे तो इस समस्या का समाधान किसी सीमा तक संभव हो सकता है। लेकिन विडंबना है कि ऐसा हो नहीं पा रहा है। एक संकट यह भी है कि दवा कंपनियों द्वारा प्रचार किया जाता है कि जेनेरिक दवाइयां रोग के उपचार में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं होती, यह बात आम जनता में गहरे से बिठायी हुई है। दवा कंपनियों की अनैतिक प्रथाएं केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं हैं, ये मरीजों के स्वास्थ्य और जान को भी खतरे में डालती हैं। महंगी दवाओं के प्रचार के कारण कई बार गरीब मरीज इलाज से वंचित रह जाते हैं। यदि जेनेरिक दवाओं को अनिवार्य किया जाए, तो न केवल दवाओं की कीमतें कम होंगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं भी अधिक समावेशी और सुलभ बनेंगी। निस्संदेह, सरकारों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि जेनेरिक दवाइयों को प्रोत्साहन देने के उसके प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ते। एक वजह यह भी है कि दवा कंपनियों की लॉबी खासी ताकतवर होती है और साम-दाम-दंड-भेद की नीति का उपयोग करके अपने उत्पादों का विपणन करने में सफल हो जाती है। निस्संदेह, लंबे उपचार व असाध्य रोगों के इलाज में दवाओं की कीमत एक प्रमुख घटक होता है। यदि दवा नियंत्रित दामों में मिल सके तो उनकी बड़ी चिंता खत्म हो सकती है। निस्संदेह, दवाओं की कीमत हमारी चिकित्सा सेवाओं के लिये एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सरकार को चाहिए कि गांव से लेकर शहरों तक जेनेरिक दवाओं के मेडिकल स्टोर बड़ी संख्या में खोले जाएं। गरीब-अनपढ़ मरीजों को जागरूक करके जेनेरिक दवाइयों के उपयोग को प्रोत्साहित करना होगा। मरीजों के परिजनों को विश्वास दिलाया जाना चाहिए कि जेनेरिक दवाइयां भी उसी साल्ट से बनी होती हैं, जिससे महंगी ब्रांडेड दवाइयां बनी होती हैं। निश्चित रूप से डॉक्टरों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने ऋषिकर्म का दायित्व निभाते हुए गरीब मरीजों को अधिक से अधिक जेनेरिक दवाइयां लिखना शुरू करें। यह उनके लिये भी परोपकार एवं पुण्य के काम जैसा होगा। **–ललित गर्ग**

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्या?

**डॉ. प्रभात ओझा**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, पहलगाम हमला भारत की आत्मा पर हमला है और हम इसका माकूल जवाब देंगे, यह कार्रवाई उसी तरह की है। बहादुर भारतीय सैनिकों ने एक ही साथ नौ स्थानों पर 21 आतंकी ठिकानों को तबाह कर डाला है। इससे पूरा देश संतुष्ट है, उत्साह में है, यूं कहें कि राष्ट्र गौरव से भर उठा है।**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के अंदर 6-7 मई की रात भारतीय सेना की कार्रवाई पिछले सभी स्ट्राइक से अलग है। जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, पहलगाम हमला भारत की आत्मा पर हमला है और हम इसका माकूल जवाब देंगे, यह कार्रवाई उसी तरह की है। बहादुर भारतीय सैनिकों ने एक ही साथ नौ स्थानों पर 21 आतंकी ठिकानों को तबाह कर डाला है। इससे पूरा देश संतुष्ट है, उत्साह में है, यूं कहें कि राष्ट्र गौरव से भर उठा है। इस अवसर पर किसी भी भारतीय नागरिक की यह पहली प्रतिक्रिया हो सकती है। सवाल इसके बाद की स्थितियों पर है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के वक्तव्य को देखा जाना चाहिए, जिसमें वे कहते हैं कि ऐसा कर हमने अपने अधिकार का प्रयोग किया है। वे 25 अप्रैल के संयुक्त राष्ट्र संघ के उस संकल्प को याद करते हैं कि दुनिया से आतंकवाद की समाप्ति के लिए एकजुट और संकल्पबद्ध कार्रवाई की जरूरत है। इससे भी आगे मिसरी ने जो जानकारी दी, वह है कि हमारे देश के अंदर पहलगाम की तरह एक और आतंकी हमला होने वाला था। ऐसा हम अपने उच्चस्तरीय खुफिया सूत्रों के हवाले से कह रहे हैं। ऐसे हमले रोकने के लिए ये कार्रवाई अत्यंत आवश्यक थी। यानी दुश्मन हमला करे, उसके पहले ही उसकी रीढ़ तोड़ दी जाय। 6-7 मई की रात की कार्रवाई के बाद के सवाल का जिक्र करते समय हमें पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पर नजर डालनी चाहिए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जाएंगे। इससे तो लगता है कि भारत अपनी कार्रवाई को समाप्त घोषित कर दे, तो पाकिस्तान चुप बैठ जायेगा। इसके विपरीत, अन्य बयानों से ऐसा नहीं लगता। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईपीआर) के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री के बयान के एक और हिस्से को देखा जाय तो वह भविष्य का संकेत करता है। भारत की ओर से जहां कहा गया कि हमले सिर्फ आतंकी ठिकानों पर ही हुए, वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का कहना है कि भारत ने अपनी हवाई सीमा से पाकिस्तान पर मिसाइल हमले किए। मिसाइलें नागरिक इलाकों पर गिरीं। पाकिस्तान जहां एक तऱफ भारत के रुक जाने पर स्वयं के भी रुकने की बात करता हं, वहीं अपने कथित नागरिक ठिकानों पर हमले की जानकारी से वह दुनिया की सहानुभूति बटोरना चाहता है। हालांकि अभी कई देशों ने यह उम्मीद जताई है कि भारत की इस कार्रवाई के बाद स्थिति सामान्य रहेगी। ऐसे देशों में चीन भी शामिल है, जो भारत-पाकिस्तान, दोनों को अपना पड़ोसी बताकर संयम बरतने की उम्मीद करता है। फिलहाल भारत ने इस कार्रवाई को 'ऑपेऱशन सिंदूर' नाम देकर और इसकी जानकारी सेना की दो वरिष्ठ महिला अधिकारियों से दिलाकर एक संदेश दिया है। संदेश साफ है कि पहलगाम में मां, बेटी, बहनों को जो आघात पहुंचा भारत ने उसे अपनी आत्मा पर आघात समझा। अब पाकिस्तान को समझना होगा कि यदि वह और आघात पहुंचाने की सोच रहा है तो और गंभीर खामियाजा भी वही भुगतेगा। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मंत्रिमंडल की विशेष मुलाकात के बहुत गंभीर मायने हो सकते हैं।

### सेहत मंत्र

## पेट की समस्या दूर कर आपको स्वस्थ रखता है बेल

पोषक तत्वों और औषधीय गुणों से भरपूर बेल गर्मियों में पाया जाने वाला फल है, जिसे अंग्रेजी में बधधद थध्ध्यद्द कहते हैं। बेल एक ऐसा फल है, जो हृदय और मस्तिष्क के लिए सुपर टॉनिक का काम करता है। यह आंतों को हेल्दी बनाए रखता है, जिससे पेट की परेशानियां दूर होती हैं। बेल में टैनिन, फ्लेवोनोइड्स और कैमारिन जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करते हैं। यह रक्तस्त्राव को रोकता है। कच्चा या अधपका बेल भी पाचन के लिए बहुत अच्छा होता है। गर्मी में पके बेल का शरबत बनाकर पीना फायदेमंद होता है। बेल पेट को मजबूत करता है और पाचन क्रिया को बढ़ावा देता है। बेल में एंटी-फंगल और एंटीहेल्मिंटिक गुण भी होते हैं, जो शरीर से आंतरिक परजीवी को बाहर निकालते हैं। आपको दिल की बिमारी है तो दिल खोल कर खाएं ये फल। दिल से जुड़ी बीमारियों से बचाव में सहायक है बेल। खाना नहीं पचता, पेट में गैस ज्यादा बनती हैं या फिर कब्ज की शिकायत है तो बेल का इस्तेमाल कीजिए। बिना दवा के ही आपका पाचन सिस्टम दुरुस्त हो जाएगा। आपको कोलेस्ट्रॉल घटने-बढ़ने की परेशानी है तो आप बेल खाने की आदत डालें। बेल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखने में मददगार है। गर्मियों में अक्सर पानी की कमी से दस्त और डायरिया जैसी बीमारियां जोर पकड़ती हैं। आप भी इस मौसम में दस्त या डायरिया से परेशान हैं तो बेल खाएं फायदा होगा। गर्मियों में पाए जाने वाले इस फल की तासीर ठंडी होती है। शरीर में अगर गर्मी हो गई है तो इस फल का सेवन करें। जिन महिलाओं की डिलिवरी गर्मी के दिनों में हो वे बेल खाएं, इससे उनको और उनके शिशु को फायदा होगा। कैंसर जैसी बीमारी का उपचार भी इस फल में छुपा है। आप इसका भरपूर सेवन करें, इससे आपको बड़ी बीमारी होने का खतरा नहीं रहेगा। बेल जहां आपके पेट के लिए फायदेमंद है, वहीं आपका खून साफ करने का काम भी यह करता है।



### धर्म मंत्र

## वैशाख पूर्णिमा पर दान का है विशेष महत्व

हिन्दू धर्म में वैशाख पूर्णिमा का खास महत्व होता है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही विष्णु के नवें अवतार गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। तो आइए हम आपको वैशाख पूर्णिमा के महत्व तथा पूजा विधि के बारे में बताते हैं। हिन्दू धर्म में हर महीने की पूर्णिमा विष्णु भगवान को समर्पित होती है। हर पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। उसी प्रकार वैशाख पूर्णिमा भी बहुत खास होती है। इस महीने में होने वाली पूर्णिमा के दिन सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में और चांद भी अपनी उच्च राशि तुला में होता है। ऐसी मान्यता है कि वैशाख पूर्णिमा के दिन किया गया स्नान कई जन्मों के पापों का नाश करता है। वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही महान दार्शिनक तथा विचारक गौतम बुद्ध का 563 ईसा पूर्व में जन्म हुआ था। यही नहीं 531 ईसा पूर्व निरंजना नदी के तट पर पीपल के पेड़ के नीचे महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। साथ ही महात्मा बुद्ध का महापरिनिर्वाण भी वैशाख पूर्णिमा के दिन ही हुआ था इसलिए बौद्ध धर्म में वैशाख पूर्णिमा का खास महत्व होता है। वैशाख पूर्णिमा बहुत पवित्र दिन होता है, इसलिए इस दिन विशेष प्रकार के काम न करें। इस दिन सदैव शाकाहार ग्रहण करें तथा मांसाहार का सेवन कभी नहीं करें। यह दिन पितरों के तर्पण के लिए खास माना जाता है इसलिए वैशाख पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान कर हाथ में तिल लेकर पितरों क तर्पण करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। लेकिन इस बार लॉकडाउन के कारण घर से बाहर जाकर नदी में स्नान नहीं कर सकते इसलिए घर में स्नान कर दान पुण्य करें।

### पर्यटन



## ग्रेट बैरियर रीफ पर मंडरा रहा संकट
## ग्लोबल वॉर्मिंग से बढ़ रही कोरल ब्लीचिंग

लॉकडाउन की वजह से भले ही प्रदूषण कम हो गया है और मौसम में बदलाव आया हो लेकिन तापमान अभी भी काफी बढ़ रहा है। बढ़ते तापमान का सबसे ज्यादा असर ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ में समुद्र को हो रहा है। जी हां, ऑस्ट्रेलियाई पारिस्थितिकी में अहम स्थान रखने वाले विश्व के सबसे बड़े प्रवाल भित्ति 'ग्रेट बैरियर रीफ' पर बढ़ते तापमान की वजह से अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। दरअसल, लगातार बढ़ते हुए तापमान के कारण यहां काफी हानिकारक कोरल ब्लीचिंग हो रही है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अब तक गंभीर ब्लीचिंग से बची प्रवाल भित्तियों की संख्या लगातार घटती जा रही है। बता दें कि ग्रेट बैरियर रीफ ऑस्ट्रेलिया के सुदूर उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र में स्थित है। बढ़ते तापमान के कारण पिछले 5 सालों में 2300 कि.मी. रीफ सिस्टम में तीसरी विशाल ब्लीचिंग हुई है। पहली बार इस रीफ ब्लीचिंग का पता 1998 में चला था। परेशानी की बात तो यह है कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण कोरल ब्लीचिंग इतनी तेजी से बढ़ रही है कि उसे ठीक होने का भी समय नहीं मिल पा रहा है। कोरल अपने एल्गी (शैवाल) निष्कासित करते हैं, जो उनके टिश्यूज (ऊतकों) में रहते हैं। इन एल्गीज के न रहने पर कोरल्स का चमकदार रंग रंगहीन हो जाता है। समुद्र के तापमान में बदलाव के कारण स्वस्थ कोरल तनावग्रस्त हो जाते हैं, जिसकी वजह से कोरल ब्लीचिंग होती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि कोरल ब्लीचिंग गर्मियों में समुद्र के तापमान में वृद्धि के कारण पैदा होने वाले थर्मल तनाव के कारण होती है। बढ़ते तापमान के कारण पिछले पांच वर्षो में 2300 किमी रीफ सिस्टम में तीसरी गंभीर ब्लीचिंग हुई है। पहली बार इसके बारे में वर्ष 1998 में पता चला था। रिकॉर्ड के बताते हैं कि यह साल सबसे गर्म रहा था। बढ़ते तापमान के कारण इसके तीनों क्षेत्र - मध्य, उत्तरी व अब दक्षिणी क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

# आपसी सहयोग से होगी गर्भपात जटिलताओं में कमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार मे बुधवार को प्रसार संस्था एवं सॉझा प्रयास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला मे गैर सरकारी संगठनों को सुरक्षित गर्भ समापन एवं गर्भ निरोधक सेवाओं से जागरूक किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अवधेश कुमार ने कहा कि भारत में प्रतिदिन 13 महिलाओं की असुरक्षित गर्भपात के कारणों से मृत्यु हो जाती है। और सैंकड़ों महिलाएं गंभीर जटिलताओं का सामना करती है। यानि देश में होने वाली मातृ-मृत्यु में से 8 प्रतिशत असुरक्षित गर्भपात के कारण होती है। यदि किसी महिला को माहवारी के दिन चढ़ गये हो या उसे अनचाहे गर्भ के ठहरने की आशंका हो तो उसे बिना किसी देरी के नजदीकी आशा या एएनएम से संपर्क करना चाहिए या डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव सिंह ने कहा कि एक महिला के लिए गर्भपात एक मुश्किल निर्णय हो सकता है और वह प्रक्रिया के दौरान कई की भावनाओं का अनुभव करती है। उसके पति एवं परिवार को महिला के निर्णय में सहयोग देना चाहिए और उसकी सुरक्षित और कानूनन सेवाएं लेने में मदद करनी चाहिए। सही जानकारी और आपसी सहयोग से हम देश में हो रही असुरक्षित गर्भपात संबंधित जटिलताओं की संख्या कम कर सकते हैं।

कार्यक्रम संयोजक अभिषेक सिंह ने कहा कि सरकार अपने विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर इस कुरीति को दूर करने के लिए कृतसंकल्पित है वहीं गैर सरकारी सगठनों का एक नेटवर्क सॉझा प्रयास अपने साथी संस्थाओं के साथ इस मुद्दे पर निरन्तर प्रयासरत है। इसी कडी में आज का यह कार्यक्रम संस्थाओं के साथ किया जा रहा है। प्रसार संस्था के सचिव शिशुपाल ने बताया कि एमटीपी एक्ट संषोधन 2021 के मुख्य पांच बदलाव - पहला-विषेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए गर्भपात की ऊपरी सीमा 20 सप्ताह से बढ़ाकर 24 सप्ताह कर दिया गया। दूसरा -पर्याप्त भ्रूण विकृति के मामलों में, गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय गर्भपात, मेडिकल बोर्ड की अनुमति से कराया जा सकता है। तीसरा-गर्भनिरोधक साधनों की विफलता की स्थिति में अब गर्भपात की सेवा, अविवाहित महिलाओं के लिए भी उपलब्ध है। चौथा- 20 सप्ताह तक के गर्भपात के लिए केवल एक प्रषिक्षित डॉक्टर और 20 से 24 सप्ताह के लिए 2 प्रषिक्षित डॉक्टरों की राय जरूरी है। पॉचवा- किसी भी महिला की गर्भपात सम्बन्धी जानकारी की गोपनीयता के सुदृढ़ीकरण की जानकारी दी गयी।

# संजय सेतु में फिर पड़ी दरार, बढ़ी हलचल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाघरा नदी के संजय सेतु पुल में एक बार फिर से दरारें नजर आई हैं।जबकि पिछले ही महीने पुल की मरम्मत का कार्य आवागमन रोककर पूर्ण रूप से किया गया था।मरम्मत के दौरान पुल में वेल्डिंग कर लोहे के गाटर को ठीक किया गया था लेकिन अब फिर से टूट चुका है।यह घटनाक्रम लगातार हो रहे ओवरलोड वाहनों के आवागमन को दर्शाता है।स्थानीय लोगों और दैनिक यात्रियों में इसको लेकर चिंता बढ़ गई है।पुल की बार-बार मरम्मत और फिर से क्षतिग्रस्त होना प्रशासन की कार्यप्रणाली और भारी वाहन नियंत्रण व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

# रस्म की साड़ी से फंदा लगा प्रेमी युगल ने समाप्त की जीवनलीला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

घटना से हड़कंप , पुलिस जांच में जुटी

बाराबंकी । मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर मजरे भरथीपुर मे बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मचा जब गांव से करीब पांच सौ मीटर दूरी पर स्थित मायाराम चौहान की बाग़ मे एक ही साड़ी के फंदे में युवती व एक युवक का शव लटकता बरामद हुआ।जंगल मे आग की तरह फैली खबर फलस्वरूप देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस ने प्रेमी युगल के शव को उतारा और कब्जे मे ले लिया। प्रेमी युगल की शिनाख्त 22 वर्षीय शिल्पा यादव पुत्री राज बहादुर यादव व 28 वर्षीय भानू प्रताप सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह निवासी लालपुर मजरे भरथीपुर के रूप मे हुई। पुलिस ने फारसेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**शादी मंडप से भागी थी शिल्पा**

सफदरगंज थाना के ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी राकेश यादव का पुत्र सुनील कुमार पांच मई को धूमधाम से बारात लेकर आया था। घरातियों ने जोरदार स्वागत सत्कार किया। द्वारपूजा के समय अचानक दुल्हन बनी शिल्पा अपने प्रेमी भानुप्रताप सिंह के साथ फरार हो गयी। शिल्पा के भागने का पता चलते ही वधू पक्ष मे हड़कंप मच गया। सम्मान बचाने की नियत से शिल्पा के पिता ने अपने छोटे भाई धर्मराज की पुत्री का विवाह कर रस्म पूरी की। सुसाइड नोट मे शिल्पा ने लिखा है कि हम दोनो की मौत में दोनो परिवारों की कोई गलती नही है। हम दोनो लोग एक साथ जी नही सकते है तो एक साथ मर सकते है। घटनास्थल से मृतक भानुप्रताप सिंह की बाइक भी बरामद हुई है।

> जांच की जा रही है मृतक के परिजनों से बातचीत की गई है फ़ारसेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य एकत्रित किया जा रहा है अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है ।
> **सुश्री गरिमा पंत**
> **पुलिस उपाधीक्षक रामनगर**

**शिल्पा का शव लेने से इंकार**

पोस्टमार्टम के बाद् युवक के परिजनों ने तो भानुप्रताप का शव घर लाए और दाह संस्कार कर दिया। लेकिन युवती के परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया और देर रात्रि तक युवती का शव मर्चरी मे रखा रहा।

## युद्ध के दौरान सुरक्षा को लेकर हुआ मॉक ड्रिल

कानपुर। भारत–पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंकाओं के चलते शासन के निर्देश पर जनपद में शाम चार बजते ही जनपद के 13 स्थानों पर मॉक ड्रिल हुआ। जिसके जरिए विपरीत परिस्थिति में डरने के बजाय एक दूसरे की सहायता करने का अभ्यास कराया गया। इस मॉक ड्रिल में फायर ब्रिगेड टीम स्थानीय पुलिस बल एवं सिविल डिफेंस के लोग संयुक्त रूप से मौजूद रहे। इस मॉक ड्रिल के जरिए रेस्क्यू और आंख से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया गया है। इसके अलावा आग लगने की विपरीत स्थिति में मेडिकल उपकरण जैसे स्ट्रेचर ना होने पर भी घायलों को किस तरह से बचाया जाए। इसका भी अभ्यास कराया गया। सायरन बजने के बाद सभी को कान बंद कर पेट के बल लिटाया गया। दूसरा सायरन बजाने का इशारा होता है कि अब कोई खतरा नहीं है।

मॉक ड्रिल में हिस्सा लेने वाले युवक विकास ने बताया कि इस अभ्यास में बहुत कुछ सीखने को मिला। जैसे कि पड़ोसी देश हमारे ऊपर अटैक करता है तो हम लोग आकाशीय हमले से किस तरह से बचा जाए। साथ ही इन हमलों के दौरान यदि घर में रखे सिलेंडर में आग लग जाए। तो इस विपरीत परिस्थिति में घबराने के बजाय उससे किस तरह से निपटा जाए और युद्ध के दौरान यदि कोई व्यक्ति घायल हो जाए तो उसे जल्द से जल्द मेडिकल सुविधा कैसे महिया कराई जाए?

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अधिकारियों की मौजूदगी में सिविल डिफेंस के लोगों द्वारा शहर वासियों को युद्ध के दौरान विपरीत परिस्थितियों से निपटने के अभ्यास कराए गए हैं। युद्ध की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह अभ्यास जारी रहेंगे। साथ ही सबसे ज्यादा खतरा रात के समय होता है इसलिए रात साढ़े नौ बजे ब्लैकआउट के जरिए भी लोगों को जागरूक किया गया।

## सदर विधायक ने ग्राम पुर में आगजनी से प्रभावित परिवारों को वितरित की राहत सामग्री

जालौन। जालौन जिले के ग्राम पुर में पिछले दिनों हुई आगजनी आपदा घटना से प्रभावित 12 परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने बुधवार को गांव के प्रभावित परिवारों को दैनिक उपयोगार्थ सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी हर संभव मदद की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पुर में किया गया था, जिसमें प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने प्रभावित परिवारों से बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाया। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी उपस्थिति से प्रभावित परिवारों को ढांढस मिला है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, जिला महामंत्री रविंद्र प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री दुष्यंत निरंजन, लखन गुप्ता, अजय राठौर, महेन्द्र अग्रवाल, जितेंद्र चौहान, ऋषि श्रीवास्तव, उमेश तिवारी, राजेंद्र वर्मा, पुर रामू गुप्ता एवं ग्रामवासी, ग्राम प्रधान और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में सायरन बजाकर लोगों को समझाया गया ब्लैक आउट का मतलब

प्रयागराज। विश्व प्रसिद्ध संगम नगरी प्रयागराज में सेना द्वारा पाकिस्तान में किए गये ऑपरेशन सिंदूर के बाद मॉक ड्रिल की जा रही है और साथ ही लोगों को ब्लैक आउट का मतलब समझाया गया। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि प्रयागराज के सुभाष चौराहे पर सिविल डिफेंस के द्वारा इमरजेंसी की तरह सायरन बजाया गया जिसके बाद सभी दुकानों की बत्तियां लोगों ने बंद कर दी और आपात

# आतंकी ठिकानों पर हमला भाजपाई मुदित, बांटी मिठाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान सीमा में सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकी संगठनों का खत्मा की जानकारी होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई है।

कस्बा बदोसराय में एक निजी प्रतिष्ठान पर भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित होकर भारत की सेना के साहसी कदम पर उन्हें बधाई दी है तथा देश के प्रधानमंत्री को राष्ट्र का गौरव बढ़ाने के साहसी कदम का स्वागत किया गया है । सभी ने एक स्वर में कहा कि भारत ने आतंकवादियों को मार कर अपना बदला ले लिया है इस मौके पर अमित पांडे विकास मौर्य रामसागर कनौजिया अनिल कनौजिया रामनिवास लोधी डॉ रामानंद वर्मा दिनेश गौतम बलराम मौर्य मोहम्मद रईस मौजूद रहे।



# अस्थमा के उपचार में इन्हेलर का उपयोग महत्वपूर्ण : प्रो. जी एस चौधरी

एजेंसी

जालौन। राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन के बाल रोग विभाग में बुधवार को विश्व अस्थमा दिवस 2025 के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय बाल रोग अकादमी की जालौन शाखा एवं बाल रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो़फ़ेसर अरविंद त्रिवेदी ने की। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य प्रो़फ़ेसर आर एन कुशवाहा, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत निरंजन, बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो़फ़ेसर जी एस चौधरी, डॉक्टर शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ चरक सांगवान, डा छवि जयसवाल, डॉक्टर संतोष लोधी, डॉक्टर अनुरोध राजपूत और बाल रोग विभाग के समस्त जूनियर चिकित्सक, एमबीबीएस के छात्र-छात्राएँ और मरीज़ों के परिजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने अस्थमा से बचाव के बारे में अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि अस्थमा के मरीजों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए और नियमित रूप से अपनी दवाएँ लेनी चाहिए।

प्रो़फ़ेसर जी एस चौधरी ने बताया कि अस्थमा के उपचार में इन्हेलर का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन्हेलर से दवा देने से मरीजों को जल्दी राहत मिलती है और यह उपचार का एक प्रभावी तरीका है। कार्यक्रम में ख़्रउउट्ट छात्रों द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में छात्रा आकांक्षा ने प्रथम, कविता ने द्वितीय और मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर छवि जयसवाल ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य अस्थमा के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को इसके बारे में शिक्षित करना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने अस्थमा के बारे में जानकारी प्राप्त की और इसके उपचार और बचाव के तरीकों के बारे में जाना।

# भारतीय सेना पर पूरे देश को गर्व, ऑपरेशन सिंदूर ने दिलाया न्याय: दिलीप पटेल

एजेंसी

वाराणसी। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' की सफलता पर बुधवार शाम खुशी जाहिर किया। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है। जिस साहस और रणनीतिक दक्षता के साथ सेना ने पाकिस्तान व पीओके के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, वह कम है। उन्होंने बताया कि सेना ने 25 मिनट में पाकिस्तान के भीतर 100 किलोमीटर अंदर घुसकर लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबूल मुझाहीदिन के नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। इन ठिकानों पर हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी सरगनाओं के प्रभाव माने जाते हैं। यह हमला विशेष रूप से 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के जवाब में किया गया है। क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि पहलगाम की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। पाकिस्तान से प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाते हुए 25 भारतीय नागरिकों और एक विदेशी को बेहद क्रूरता से मौत के घाट उतार दिया था। यह हमला न केवल जघन्य था, बल्कि पर्यटन और सामान्य स्थिति बहाली की दिशा में बढ़ते जम्मू-कश्मीर को भी अस्थिर करने की साजिश का हिस्सा था। क्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा इस एयर स्ट्राइक में यह सुनिश्चित किया गया कि किसी रिहायशी क्षेत्र या आम नागरिक को कोई नुकसान न पहुंचे। काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिला अध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी, जिससे यह ऑपरेशन संभव हो सका। भाजपा नेताओं ने कहा कि आज पूरे देश की जनता को भारतीय सेना की बहादुरी और सरकार की नेतृत्व क्षमता पर पहले से कहीं अधिक भरोसा बढ़ा है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश बहादुर का निधन, शोक की लहर



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता बाबा अवधेश बहादुर सिंह का आज बुधवार को देहावसान हुआ। दरियाबाद विधानसभा में पैतृक गांव अकबरपुर में परिजनों के उपस्थित मध्य अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम दर्शन को भारी भीड़ में पड़ी थी। अंतिम संस्कार में दलगत भावनाओं से उठकर सभी दलों के नेता अधिवक्ता गण व क्षेत्रीय नागरिक सम्मिलित हुए। ज़मींदार घराना 80 वर्षीय अद्वितीय प्रतिभा सेकुलर छवि के धनी मृदुभाषी अवधेश बाबा के देहावसान से जिले में शोक की लहर है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## निजामपुर में चौपाल, ग्रामीणों की सुनी गई समस्या

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड बनीकोडर के गांव निजामपुर मजरे अहमदपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू हो जन समस्याएं सुनी।और हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले रामकेवल पुत्र जगदीश प्रसाद रावत को सम्मानित किया।जो निजामपुर के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आजादी के बाद यहां कोई भी छात्र दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाया। इस मध्उय उन्होंने अहमदपुर में गौशाला का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह,अहमदपुर प्रधान कलीमुद्दीन, एसडीएम अनुराग सिंह, बीडीओ विनय कुमार मिश्रा, सचिव मनोज कुमार दीक्षित सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## शाखा प्रबंधक पर रिश्वत मांगने का आरोप

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक बुढ़वल के मैनेजर श्रवण कुमार पर नचना गांव की महिला समूह की सदस्यों ने घूस मांगने का आरोप लगाया है।महिलाओं का कहना है कि लोन दिलाने के एवज में मैनेजर ने पैसे मांगे और मना करने पर लोन देने से इनकार कर दिया।उन्होंने पहले दो महिलाओं से 10 हजार रुपये घूस लेने का भी आरोप लगाया।महिलाएं इस मामले की शिकायत एसडीएम रामनगर से करने की तैयारी में हैं।वहीं मैनेजर ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि लीलावती का पति पहले से डिफाल्टर है इसलिए लोन मंजूर नहीं किया गया मामले को लेकर दोनों पक्ष अपनी अपनी बात पर कायम हैं।

## तहसील से बाइक चोरी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बदोसराय के थानाडीह गांव निवासी राजकुमार उर्फ सूरज ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 6 मई को शाम 4 बजे उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्रो बाइक तहसील के सामने पोस्ट ऑफिस की बाउंड्री में खड़ी की थी। बाइक का नंबर ठ्य41इ्ट5287 है। कुछ देर बाद जब वह वापस आए तो बाइक गायब थी। बदोसराय पुलिस सेएफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। कोतवाल संतोष सिंह के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

## बाइक ने दो साइकिल सवारों को टक्कर मार दी, मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दरियाबाद मार्ग पर कमोली मजरे ढकवा गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने दो साइकिल सवारों को टक्कर मार दी। जिसे 55 वर्षीय सीताराम रावत की मौके पर ही मौत हुई। इसके बाद बाइक ने एक स्कूली छात्रा की साइकिल को भी टक्कर मार दी। हादसे में वीरेंद्र की पुत्री गीतांजलि घायल हो गई। घायल छात्रा को संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मृतक सीताराम रावत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाइक चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

## देशवासियों के सम्मान और आत्मगौरव का प्रतीक बना ऑपरेशन सिंदूर: प्रकाश पाल

कानपुर। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को एक आतंकवादी हमले में 26 मृतक वीरगति को प्राप्त हुए। जिसमें कानपुर जनपद के शुभम द्विवेदी की शहादत के साथ 26 मृतकों का बदला भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब देकर लिया है। ''ऑपरेशन सिंदूर'' के अंतर्गत भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर जबरदस्त हमला कर कई आतंकियों को ढेर कर दिया। इस सशक्त कार्रवाई ने देश की सुरक्षा के प्रति भारतीय सेना की तत्परता एवं प्रतिबद्धता को एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। यह बातें बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने शुभम द्विवेदी के हाथीगांव स्थित आवास पर पहुंचकर उनके शोकाकुल पिता व पत्नी से भेंट के दौरान परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए कही। इस मौके पर,सांसद रमेश अवस्थी एवं जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह रघुनंदन भदौरिया भी मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14207-SLR-F2-MBDP-DLI-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22614-SLR-F2-AYC-RMM-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-4 (Parcel-Parcel Van) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 06.05.2025 1351/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कन्वर्शन ऑफ आई०सी०एफ० कोचेस इन टू एन०एम०जी०एच०एस० एन्ड एन०एम०जी०एच०एस०आर० कोचेस। | | |
| कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | | |
| अनुमानित लागत | ₹30,47,42,893.00 मात्र | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| बिड सिक्योरिटी | ₹16,73,700/- मात्र | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 15.05.2025 से 29.05.2025 समय 15:00 बजे तक | | |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A, (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/ HUF/ JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | | | |

निविदा सूचना सं.: 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा–29
दिनांकः 06.05.2025 1359/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **30.05.2025 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05002025 दिनांक 07.05.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 06/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | (1) लखनऊः सहायक मण्डल इंजीनियर / मुख्यालय / लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, नालियां, कूड़ेदान, सीवरेज प्रणाली आदि का सुधार और संवर्द्धन। |
| 4 | अनुमानित लागत | (1) रु. 2,34,86,535.72 |
| 5 | धरोहर राशि | (1) रु. 2,67,400.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | (क्र.सं. 1 के लिए) स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | 16.05.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 30.05.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1349/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला

एजेंसी

धर्मशाला। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है। पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश में धुले पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी ईकाई ने निराश किया। उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज 29 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे और आशुतोष वर्मा की पारी के दम पर ही टीम 133 रन बना सकी। पिछले मैच में करूण नायर से




पारी की शुरूआत कराने का दाव भी नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाये। दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी गेंदबाजों की मददगार पिच पर शुरू ही से चौके छक्के लगाने के प्रयास में आउट हो गए। अभिषेक पोरेल अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं।वहीं अब तक 381 रन बना चुके केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। अक्षर खुद जल्दी आउट हो गए थे। दिल्ली की बल्लेबाजी में हालांकि अभी भी गहराई है। ट्रिस्टन स्टब्स , विपराज निगम और आशुतोष ने उसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम बल्लेबाजों का मददगार रहा है। यहां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच मैच में बड़ा स्कोर बना था। दूसरी ओर पंजाब किंग्स ने 11 में से सिर्फ तीन मैच गंवाये हैं और तालिका में तीसरे स्थान पर है। दिल्ली की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है जबकि पंजाब के सलामी बल्लेबाजों ने उसे हमेशा शानदार शुरूआत दी है। प्रभसिमरन सिंह अभी तक 437 रन बना चुके हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 405 रन बना लिये हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है। वह इस आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज (27) हैं। प्रियांश आर्य 347 रन बना चुके हैं जबकि नेहाल वढेरा और शशांक सिंह ने भी जरूरत पड़ने पर उम्दा प्रदर्शन किया है। मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव , अक्षर पटेल और विपराज निगम समेत दिल्ली के पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण है। दूसरी ओर पंजाब के लिये अर्शदीप सिंह 16 विकेट ले चुके हैं।लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हैट्रिक के साथ 14 विकेट चटकाये हैं। उनके अलावा मार्को जानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, विजयकुमार विशाख और मार्कस स्टोइनिस के विकल्प भी हैं।

# 'आपरेशन सिंदूर' : तेंदुलकर समेत खिलाड़ियों ने भारत की कार्रवाई की सराहना की

एजेंसी

नयी दिल्ली। पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिये भारतीय सेना के 'आपरेशन सिंदूर' की भारतीय खेल जगत ने सराहना की है और चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने तो कहा ,''एकता में निडर, शक्ति में असीम। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है। यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई जिसमें 26 लोग मारे गए थे और अधिकांश पर्यटक थे। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा ,'' एकता में निडर, शक्ति में असीम। भारत की ढाल उसके लोग हैं। दुनिया में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं। जय हिंद। पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा ,''




अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ। जय हिंद। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा, भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की। पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा ,'' जय हिंद। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी इसकी सराहना की। विजेंदर ने लिखा ,'' भारत माता की जय। योगेश्वर ने लिखा ,'' आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत। जय हिंद, जय जवान। शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा ,'' मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया। आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिये। आपरेशन का कितना सुंदर नाम। भारत माता की जय।

# आपरेशन सिंदूर के मद्देनजर धर्मशाला हवाई अड्डा बंद, आईपीएल टीमों की यात्रा प्रभावित

एजेंसी

नयी दिल्ली /मुंबई। पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद होने के कारण आईपीएल टीमों की यात्रा का कार्यक्रम प्रभावित हुआ है जिन्हें वहां खेलना है। धर्मशाला में बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच होना है। इसके बाद 11 मई को पंजाब और मुंबई इंडियंस का मैच वहां खेला जाना है। धर्मशाला पंजाब किंग्स टीम का दूसरा घरेलू मैदान है। पंजाब टीम को यात्रा संबंधी फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि वे इस सप्ताह के अंत तक वहीं रहेंगे। दिल्ली को देखना होगा कि उसके खिलाड़ी वापिस कैसे आयेंगे जिन्हें रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस से खेलना है। मुंबई टीम का यात्रा कार्यक्रम भी अभी अनिश्चित है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा ,'' इस समय सब कुछ अनिश्चित है। टीमों से बात चल रही है और वे भी विचार कर रहे हैं कि हवाई अड्डा बंद रहने पर धर्मशाला से दिल्ली वापिस कैसे आना है। उन्होंने कहा ,'' दिल्ली कैपिटल्स के लिये एक विकल्प बस से लौटने का है लेकिन सिर्फ टीमें नहीं बल्कि प्रसारण टीम और उपकरण भी हैं। पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ ठिकानों पर मिसाइल हमले किये। इसके बाद से देश में उत्तर और पश्चिम हिस्सों के कम से कम 18 हवाई अड्डे बंद कर दिये गए हैं जिनमें श्रीनगर, जेह, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल है।

# एमआई कप्तान पंड्या और गुजरात कोच नेहरा पर लगा जुर्माना

एजेंसी

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में मंगलवार रात मुंबई इंडियंस (एमआई) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खेले गए मुकाबले में हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई की टीम को एक बार फिर धीमी ओवर गति के चलते जुर्माने का सामना करना पड़ा है। वहीं, गुजरात के कोच आशीष नेहरा को 'खेल भावना के विपरीत आचरण' के लिए फाइन और डिमेरिट प्वाइंट दिया गया। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस को अंतिम ओवर में एक अतिरिक्त फील्डर 30-यार्ड सर्कल के अंदर लाना पड़ा, जो आईपीएल के नियमों के तहत धीमी ओवर गति पर इन-गेम पेनल्टी है। गुजरात को अंतिम ओवर में जीत के लिए 15 रन चाहिए थे और उन्होंने आखिरी गेंद पर मैच जीत लिया। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार मुंबई




इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर उनकी टीम द्वारा वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच नंबर 56 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान में आगे कहा कि चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए पंड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्स्टीट्यूट सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। वहीं मैच के अंतिम क्षणों में जब बार-बार बारिश की वजह से खेल रुका, आशीष नेहरा बेहद जोशीले अंदाज में नजर आए और अंपायरों से मैच फिर से शुरू करने की मांग करते दिखे। इसी आचरण को लेकर उन्हें आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.20 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। नतीजतन, उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट प्वाइंट लगाया गया। यह पहली बार है जब किसी कोच को इस तरह की सजा दी गई है। आईपीएल के बयान के अनुसार गुजरात टाइटंस के हेड कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया है। उन्होंने अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया, जो खेल की भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है। उन्होंने मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया।

## आईओसी के आनलाइन चैनल पर खेलो इंडिया युवा खेलों की लाइव स्ट्रीमिंग

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ हाल ही में हुई साझेदारी को आगे बढाते हुए खेलो इंडिया युवा खेलों का आईओसी के आनलाइन चैनल पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। खेल बिहार और दिल्ली के पांच शहरों में आयोजित किये जा रहे हैं। ओलंपिक डॉट कॉम ने पहली बार लेह और गुलमर्ग में जनवरी और मार्च में हुए शीतकालीन खेलों के लिये खेलो इंडिया के साथ साझेदारी की थी। इन खेलों के मुख्यांश यूरोस्पोर्ट पर उपलब्ध हैं। इनकी फीड राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन द्वारा प्रोड्यूस की जा रही है। भारतीय खेल प्राधिकरण की विज्ञप्ति में ओलंपिक्स डॉट कॉम के महाप्रबंधक कोस्टास कार्वेलास ने कहा कि खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का ओलंपिक्स डॉट कॉम पर सीधा प्रसारण करने की हमें खुशी है। यह काफी रोमांचक आयोजन है और हमें खुशी है कि हम बिहार से इस रोमांच को अपने दर्शकों तक पहुंचा सके।'

# इंटर मिलान के खिलाफ हार के बाद भड़के बार्सिलोना कोच हैंसी फ्लिक, रेफरी के फैसलों पर उठाए सवाल

एजेंसी



मिलान। सैन सिरो में इंटर मिलान से 4-3 की हार के बाद बार्सिलोना के चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। बार्सिलोना के मैनेजर हैंसी फ्लिक ने मैच के दौरान रेफरी के कई फैसलों पर नाराज़गी जाहिर की। बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और 87वें मिनट में राफिन्हा के गोल से 3-2 की बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन इंजुरी टाइम में इंटर के फ्रांसेस्को एचेर्बी ने गोल कर मैच को एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया। फिर घरेलू टीम के सब्स्टीट्यूट डेविडे फ्रत्तेसी ने निर्णायक गोल कर इंटर को 7-6 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में पहुंचा दिया। हैंसी फ्लिक ने पोलैंड के रेफरी सिज़मोन मार्किनियाक के फैसलों की आलोचना करते हुए कहा, ल्हर 50-50 फैसला इंटर के पक्ष में गया। उन्होंने इंटर को दिए गए पेनल्टी पर आपत्ति जताई, जो पाओ कुबारसी के लुटारो मार्टिनेज पर टैकल के लिए वीएआर समीक्षा के बाद दी गई थी। वहीं, बार्सिलोना को मिले एक पेनल्टी को वीएआर ने यह कहते हुए बाहर का फाउल करार दिया कि मिखितारियन का यामल पर फाउल बॉक्स के बाहर हुआ था। बार्सिलोना के खिलाड़ियों और स्टाफ ने एक संभावित हैंडबॉल और डुमफ्रिज द्वारा गेरार्ड मार्टिन पर फाउल को लेकर भी आपत्ति जताई, जो इंटर के बराबरी वाले गोल के पहले हुआ। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लिक ने कहा, मैं रेफरी के बारे में ज्यादा नहीं बोलना चाहता, लेकिन हर फैसला उनके पक्ष में गया। मैं अपनी टीम से निराश नहीं हूं, उन्होंने सब कुछ झोंक दिया। उन्होंने आगे कहा, मैंने रेफरी को जो कहना था, कह दिया है, लेकिन मैं उसे यहां नहीं दोहराऊंगा। बार्सिलोना अब कोपा डेल रे जीतने के बाद ट्रेबल की उम्मीद खो चुका है। टीम अब ला लीगा पर फोकस करेगी, जहां वह टॉप पर है और रविवार को रियल मैड्रिड के खिलाफ 'एल क्लासिको' खेलेगी। बार्सिलोना चार अंकों की बढ़त के साथ आगे है और पिछले तीन क्लासिको मुकाबले जीत चुका है।

# नेशनल टीम में जगह बनाने को तैयार सुनील जोजो, बोले- देश के लिए मेडल जीतना है सपना

एजेंसी

बेंगलुरु। ओडिशा के राउरकेला से निकलकर अब सुनील जोजो भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम के नेशनल कोचिंग कैंप में अपनी जगह बना चुके हैं। 22 वर्षीय डिफेंडर पहले दो बार जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और हाल ही में सुल्तान ऑफ जोहर कप में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। सीनियर कैंप में पहली बार शामिल होने का अनुभव साझा करते हुए सुनील ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ''यह आसान नहीं है। यहां की फिजिकल डिमांड और खेल की गति काफी ज्यादा है। आपको तेजी से ढलना पड़ता है। स्किल लेवल भी अलग है, इसलिए कड़ी मेहनत करनी होती है। अब जब मैं यहां हूं, तो उसी हिसाब से खुद को ढाल रहा हूं। सुनील ने अपनी मजबूतियों में 'गेम अवेयरनेस' और 'टैकलिंग' को गिनाया, लेकिन साथ ही अपनी फिटनेस पर और काम करने की बात भी स्वीकारी। उन्होंने कहा, ''मेरे खेल की सबसे बड़ी ताकत अवेयरनेस और टैकलिंग है, लेकिन मुझे अपने स्टेमिना और एंड्योरेंस पर काफी मेहनत करनी है। सुनील ने हमेशा मनप्रीत सिंह को अपना आदर्श माना है और अब उनके साथ कैंप में ट्रेनिंग करना उनके लिए एक बड़ा मौका है। उन्होंने कहा, ''अब मैं उनके साथ ज्यादा वक्त बिता रहा हूं। वो अलग-अलग रोल और पोजीशन में खेलते हैं, तो मैं यह सीखने की कोशिश करता हूं कि वो अलग परिस्थितियों में कैसे खुद को ढालते हैं। भविष्य को लेकर सुनील पूरी तरह स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा, ''मैं भारतीय टीम का नियमित हिस्सा बनना चाहता हूं और हर टूर्नामेंट में देश का प्रतिनिधित्व करना चाहता हूं। मेरा सपना है कि मैं भारत के लिए मेडल जीतूं। हीरो हॉकी इंडिया लीग में यूपी रुद्रास टीम द्वारा चुने जाने के बाद भले ही सुनील को ज्यादा मौके नहीं मिले, लेकिन उन्होंने अनुभव को कीमती बताया।

# संक्षिप्त समाचार

## निशानेबाजी में वेदांत ने जीता स्वर्ण पदक

**नयी दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता। आज यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451.9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440.1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। जीत के बाद वेदांत ने कहा, पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में मैं एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था। लेकिन अब जब मैंने स्वर्ण पदक जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है, लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। रजत पदक विजेता रोहित कन्यन ने कहा, अगर मैंने आखिरी शॉट सही से लिया होता, तो मैं गोल्ड जीत सकता था। अब मैं आने वाली प्रतियोगिताओं में स्वर्ण के लिए तैयारी कर रहा हूं। अमितोज सिंह ने कहा, ल्यह मेरी पहली खेलो इंडिया प्रतियोगिता थी और भगवान की कृपा से मैंने कांस्य पदक जीता।

## इजरायल ने की ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन देने की घोषणा

**नयी दिल्ली।** इजरायल ने बुधवार को भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' को अपना समर्थन देने की घोषणा की, जिसके तहत भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के नौ स्थलों पर आतंकवादी शिविरों पर हमला किया। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अपने देश का समर्थन व्यक्त किया। हैशटैग 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ उन्होंने लिखा, ल्इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को ज्ञात होना चाहिए कि निर्दोषों लोगों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। राजदूत अजार की यह पोस्ट भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है। भारत के भारतीय सशस्त्र बलों ने कल देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर हमला करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया है, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई है और उन्हें निर्देशित किया गया है।

## मंत्रिमंडल ने आईटीआई को बेहतर बनाने के लिए 60,000 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय योजना को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रीय योजना एवं कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। इसका कुल परिव्यय 60,000 करोड़ रुपये होगा। यह भारत की व्यावसायिक शिक्षा में बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आधिकारिक बयान के अनुसार, '' योजना का लक्ष्य 1,000 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को उद्योग से जुड़े नए 'ट्रेड' (पाठ्यक्रमों) के साथ 'हब' व 'स्पोक' व्यवस्था में उन्नत बनाना और पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) की क्षमता बढ़ाना है। इसमें इन संस्थानों में कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना भी शामिल है। वित्त वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में की गई घोषणा के अनुसार, इसे केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में क्रियान्वित किया जाएगा, जिसका परिव्यय 60,000 करोड़ रुपये होगा। इसमें केंद्र की हिस्सेदारी 30,000 करोड़ रुपये, राज्य की 20,000 करोड़ रुपये और उद्योग की 10,000 करोड़ रुपये हिस्सेदारी होगी। साथ ही एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक द्वारा केंद्रीय हिस्से के 50 प्रतिशत की सीमा तक समान रूप से सह-वित्तपोषण किया जाएगा।

## चीन के केंद्रीय बैंक ने प्रमुख ब्याज दर में की कटौती

**बीजिंग।** चीन के केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी शुल्क से अर्थव्यवस्था को खतरा होने की आशंका के बीच अपनी प्रमुख ब्याज दर में कटौती की है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने बुधवार को घोषणा की कि वाणिज्यिक बैंकों को दी जाने वाली ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर अब इसे 1.5 प्रतिशत कर दिया जाएगा। केंद्रीय बैंक ने आरक्षित अनुपात को भी कम कर दिया है। यह वह धनराशि है जो बैंकों को अपने आरक्षित कोष में रखनी होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उच्च शुल्क से चीन की निर्यात-निर्भर अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना शुरू होने के बीच यह कदम उठाया गया है।

# सीसीईए ने बिजली संयंत्रों को कोयला आवंटन के लिए संशोधित 'शक्ति योजना' को मंजूरी दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को विद्युत क्षेत्र को कोयला आवंटन के लिए भारत में पारदर्शी तरीके से कोयला दोहन व आवंटन की संशोधित योजना (शक्ति) को मंजूरी दे दी, ताकि उन्हें दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक कोयला आवश्यकता को पूरा करने में मदद मिल सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 'लिंकेज' प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से यह मंजूरी दी।

कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा, '' सीसीईए ने केंद्रीय क्षेत्र/राज्य क्षेत्र/स्वतंत्र बिजली उत्पादकों (आईपीपी) के ताप विद्युत संयंत्रों को नए कोयला लिंकेज देने को मंजूरी दे दी है।'' संशोधित शक्ति (भारत में पारदर्शी रूप से कोयला दोहन व आवंटन योजना) नीति की शुरूआत के साथ दो विकल्प केंद्रीय उत्पादन कंपनियों/राज्यों को अधिसूचित मूल्य पर कोयला लिंकेज तथा सभी उत्पादन कंपनियों को अधिसूचित मूल्य से अधिक प्रीमियम पर कोयला लिंकेज प्रस्तावित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि 'अधिसूचित मूल्य पर कोयला' खंड के अंतर्गत संयुक्त उद्यमों (जेवी) और उनकी अनुषंगी कंपनियों सहित केंद्रीय क्षेत्र की ताप विद्युत परियोजनाओं (टीपीपी) को कोयला लिंकेज प्रदान करने की मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। इसके अलावा, राज्यों के लिए निर्धारित कोयला लिंकेज का उपयोग राज्य अपनी विद्युत उत्पादन कंपनियों, शुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) के माध्यम से पहचाने जाने वाले स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) या विद्युत क्रय समझौता (पीपीए) वाले मौजूदा आईपीपी द्वारा 'अधिसूचित मूल्य पर कोयला' खिड़की के तहत नई विस्तार इकाई की स्थापना के लिए कर सकते हैं।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सर्राफा बाजारों में सोना आज 500 रुपये से लेकर 540 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा होकर एक बार फिर एक लाख रुपये के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये से लेकर 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,750 रुपये से लेकर 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900 रुपये



प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# कैबिनेट ने पांच आईआईटी की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की क्षमता विस्तार को मंजूरी दी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पांच नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की क्षमता के विस्तार को मंजूरी दे दी। ये पांच नए आईआईटी आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई), जम्मू-कश्मीर (आईआईटी जम्मू) और कर्नाटक (एचटी धारवाड़) राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में स्थापित किए गए हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि में इसकी कुल लागत 11,828.79 करोड़ रुपये है। कैबिनेट ने इन आईआईटी में 130 संकाय पदों (प्रोफ़ेसर स्तर यानी लेवल 14 और उससे ऊपर) के सृजन को भी मंजूरी दी है। उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत करने के लिए पांच नए अत्याधुनिक अनुसंधान पार्क भी बनाए जा रहे हैं।



आईआईटी में प्रवेश अखिल भारतीय आधार पर होता है और इसलिए इस विस्तार से देशभर के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लाभ होगा। 2025-26 की बजट घोषणा में कहा गया है कि पिछले 10 वर्षों में 23 आईआईटी में छात्रों की कुल संख्या 65,000 से 1.35 लाख तक 100 प्रतिशत बढ़ गई है। वर्ष 2014 के बाद शुरू किए गए पांच आईआईटी में 6,500 और छात्रों को शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा बनाया जाएगा। इन आईआईटी में अगले चार वर्षों में छात्र संख्या में 6500 से अधिक की वृद्धि की जाएगी, जिसमें स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) और पीएचडी कार्यक्रम को मिलाकर प्रथम वर्ष में 1364 छात्र, द्वितीय वर्ष में 1738 छात्र, तृतीय वर्ष में 1767 छात्र और चतुर्थ वर्ष में 1707 छात्र शामिल होंगे। निर्माण पूरा होने पर ये पांच आईआईटी वर्तमान छात्र संख्या 7,111 के मुकाबले 13,687 छात्रों को शिक्षा प्रदान करने में सक्षम होंगे, यानी 6,576 छात्रों की वृद्धि होगी। सीटों की कुल संख्या में इस वृद्धि के साथ अब 6,500 से अधिक अतिरिक्त छात्र देश के सबसे प्रतिष्ठित और मांग वाले शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन करने की अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होंगे। छात्रों और सुविधाओं की बढ़ती संख्या का प्रबंधन करने के लिए संकाय, प्रशासनिक कर्मचारियों, शोधकर्ताओं और सहायक कर्मियों की भर्ती के माध्यम से प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होगा।

उल्लेखनीय है कि ये पांच नए आईआईटी आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई), जम्मू-कश्मीर (आईआईटी जम्मू) और कर्नाटक (आईआईटी धारवाड़) राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थापित किए गए थे। पलक्कड़ और तिरुपति में आईआईटी का शैक्षणिक सत्र 2015-16 में और शेष तीन का 2016-17 में उनके अस्थायी परिसरों से शुरू हुआ था। ये आईआईटी अब अपने स्थायी परिसरों से काम कर रहे हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिग्गज फिल्म स्टार रजनीकांत ने लिखा-पूरा देश मोदी व सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है

एजेंसी

चेन्नई । दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सशस्त्र बलों को अपना पूर्ण समर्थन दिया है।

भाजपा तमिलनाडु के आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा किए गए पोस्ट में, रजनीकांत ने ऑपरेशन की सराहना करते हुए तमिल में लिखा- ल्लपूरा देश प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है! जब तक लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता, वे रुकेंगे नहीं। जीत के साथ, पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पीछे खड़ा है।

इस पोस्ट में रजनीकांत और पीएम मोदी की प्रभावशाली तस्वीर है, जिसमें फाइटर जेट्स, विस्फोट और सैनिकों की पृष्ठभूमि दिखाई देती है।यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस तस्वीर में ऑपरेशन सिंदूर का लोगो भी है। इस पोस्ट को हजारों लाइक्स और रीट्वीट मिल चुके हैं।

एक्स पर भाजपा तमिलनाडु के एक अन्य पोस्ट में कहा गया है- ल्लयह नया भारत है३ !ङ्क जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की साहसिक और निर्णायक प्रकृति पर जोर दिया गया। यह ऑपरेशन, जिसने लश्कर-ए-ताइबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों से जुड़े नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का जवाब था, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक शामिल थे। भारतीय वायु सेना ने राफ़ेल जेट्स का इस्तेमाल किया, जो ट्टएइख्रघ मिसाइलों और इट्टख्र हैमर बमों से लैस थे और 23 मिनट के इस ऑपरेशन में प्रमुख आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

# हरियाणा के 22 जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन

एजेंसी

चंडीगढ़ । हरियाणा के 22 जिलों में बुधवार को मेगा सिविल डिफेंस ड्रिल का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर उपायुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों ने इस आयोजन की निगरानी की। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी अधिकारियों को इस संबंध निर्देश जारी किए। प्रदेश भर में एक साथ शाम 04 बजे हवाई हमले, इमारत ठहने, आग लगने, गैस लीक होने तथा भगदड़ मचने जैसी संकेतिक घटनाओं के आधार पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके बाद शाम 7.50 से 08 बजे तक ब्लैक आउट करके युद्ध के संकेत के रूप में ड्रिल की गई। हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने पंचकूला में स्थापित कंट्रोल रूम से 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत प्रदेश में आयोजित मॉक ड्रिल की मॉनिटरिंग की। इस दौरान उन्होंने डायल 112 पर आने वाली फोन कॉल्स के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह मॉक ड्रिल आपातकालीन स्थिति के लिए खुद को तैयार करने के लिए है। किसी भी नागरिक को घबराने या चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर दी जा रही सूचनाओं का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए खुद को तैयार रखें। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में मॉक ड्रिल की गई है और कंट्रोल रूम से पूरे प्रदेश की लाइव फीड पर नजर रखी जा रही है। कई जगहों पर मॉल्स में मॉक ड्रिल की गई है, तो कई जगहों पर जिला सचिवालयों में यह अभ्यास किया गया है। यह सभी जिलों में चल रहा एक व्यापक अभ्यास है।

# पेज एक का शेष

## सिंदूरी..

पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा है कि दोनों देशों के बीच तीव्र तनाव के बीच भारत ने कोटली, बहावलपुर और मुजफ्फराबाद में मिसाइल हमले किए हैं। यह एक कायरतापूर्ण हमला है। जबकि भारत ने साफ कर दिया है कि यह आतंक के खिलाफ किया गया वैध और आवश्यक कदम था। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि जल्द ही 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी और विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

## ऑपरेशन सिंदूर' ...

भारतीय राफ़ेल विमान को मार गिराया का हवाला देते हुए खारिज कर दिया। पीआईबी फैक्ट चेक ने पुष्टि की कि यह तस्वीर दरअसल 2021 में पंजाब के मोगा में हुए एक मिग-21 दुर्घटना की है। इसका मौजूदा घटनाओं से कोई लेना-देना नहीं है।

इसके साथ झूठा दावा एक वीडियो के रूप में सामने आया, जिसमें यह ग़लत तरीके से दावा किया गया कि भारतीय सेना ने चोरा पोस्ट पर सफ़ेद झंडा उठाकर आत्मसमर्पण कर दिया। इस झूठे और मनगढ़ंत नैरेटिव को पाकिस्तान के मंत्री अत्ता उल्ला तारड़ ने न केवल समर्थन दिया बल्कि बिना किसी सबूत के सार्वजनिक रूप से इस दावे की पुष्टि भी की।

पीआईबी फैक्ट चेक ने बताया कि यह स्पष्ट रूप से झूठी और अप्रमाणित कहानी को आधिकारिक समर्थन देकर, तारड़ ने न केवल अपने नागरिकों को गुमराह किया, बल्कि इस प्रोपेगेंडा अभियान को सक्रिय रूप से बढ़ावा भी दिया।

पीआईबी फैक्ट चेक ने बताया कि जंग के सबूत के रूप में पेश की गई असंबंधित फुटेज

एक और भ्रामक पोस्ट में एक वीडियो साझा किया गया, जिसमें दावा किया गया कि पाकिस्तान एयरफोर्स ने श्रीनगर एयरबेस को निशाना बनाया। लेकिन सच्चाई यह है कि यह वीडियो 2024 की शुरुआत में खैबर पख्तूनख्वा, पाकिस्तान में हुए सांप्रदायिक झड़पों का है। इस वीडियो का कश्मीर या किसी हालिया एयरस्ट्राइक से कोई लेना-देना नहीं है। एक अलग अफवाह में यह भी दावा किया गया कि पाकिस्तान ने भारतीय ब्रिगेड मुख्यालय को नष्ट कर दिया, जबकि रक्षा सूत्रों के अनुसार यह दावा पूरी तरह से झूठा और मनगढ़ंत है।

पीआईबी फैक्ट चेक ने बताया कि एक पुरानी तस्वीर सितंबर 2024 में राजस्थान के बाड़मेर में हुए एक मिग-29 दुर्घटना को पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा फिर से फैलाया गया ताकि यह दिखाया जा सके कि हाल ही में भारतीय वायुसेना को नुकसान हुआ है, जबकि ऐसी कोई घटना नहीं हुई।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हालिया सैन्य कार्रवाई के दौरान भारतीय सैनिकों की गिरफ्तारी का बेबुनियाद दावा किया, जिसे बाद में खंडन कर वापस ले लिया गया।

आसिफ ने आरोप लगाया था कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान की कार्रवाई के दौरान कुछ भारतीय सैनिकों को बंदी बना लिया गया है। हालांकि, इन दावों को तुरंत झूठा बताया गया, क्योंकि ऐसे किसी भी दावे का समर्थन करने वाला कोई प्रमाण मौजूद नहीं था। बाद में रक्षा मंत्री ने अपना बयान वापस ले लिया और स्वीकार किया कि कोई भी भारतीय सैनिक हिरासत में नहीं लिया गया था।

भ्रामक जानकारी का रणनीतिक उपयोग

ये घटनाएं पाकिस्तान द्वारा एक संगठित और सुनियोजित तरीके से मीडिया को गुमराह करने, वैश्विक विमर्श को तोड़-मरोड़कर पेश करने और भारत के सफल ऑपरेशन सिंदूर के बाद जनमानस को भ्रमित करने की कोशिश को दर्शाती हैं। पाकिस्तान ने सोशल मीडिया पर पुरानी तस्वीरों, असंबंधित वीडियो और मनगढ़ंत दावों की बाढ़ ला दी, ताकि ऑपरेशन के वास्तविक नतीजों को छिपाया जा सके और एक प्रभावी जवाबी कार्रवाई का भ्रम पैदा किया जा सके। यह रणनीति भारत की कार्रवाई की सफलता से ध्यान भटकाने, घरेलू जनभावनाओं को भड़काने और अंतरराष्ट्रीय राय को प्रभावित करने के उद्देश्य से अपनाई गई प्रतीत होती है।

## देश...

किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती। यदि पाकिस्तान की ओर से कोई युद्ध थोपने की कोशिश की जाती है, तो हम स्पष्ट और दो टूक शब्दों में यह ऐलान करते हैं कि पूरा देश, सभी धर्मों के लोग और विशेष रूप से मुसलमान, अपनी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। भारत हमारा वतन है, इसकी रक्षा करना हमारी राष्ट्रीय और संवैधानिक जिम्मेदारी है। हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि वह दुश्मन की हर आक्रामक कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब दे। हम दुश्मनों को यह स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि भारत एकजुट राष्ट्र की तरह हर कीमत पर अपने वतन की रक्षा करेगा।

जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हू सैनी ने कहा कि हमारा मत है कि आतंकवाद एक गंभीर खतरा और मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है। देश और इसके लोगों की सुरक्षा, संरक्षा और शांति के लिए इसका समूल नष्ट होना अत्यंत आवश्यक है।

आतंकवाद के खिलाफ देश की सशस्त्र सेनाओं और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की जा रही कार्रवाई को देशभर के सभी धर्मों और समुदायों का सम्पूर्ण समर्थन मिल रहा है। पूरा भारत एकजुट होकर हमारी सेनाओं के साथ खड़ा हैं।

रज़ा एकेडमी के अध्यक्ष अल्हाज सईद नूरी ने भारतीय सेना के इस बदले की कारवाई पर खुशी का इजहार करते हुए कहा है कि हिंदुस्तान खुशी से झूम उठा और पर्यटकों पर हुए हमले का बदला लेने की खुशी में मिठाइयाँ बाँटी गईं। रज़ा अकैडमी ने सेना प्रमुख समेत जवानों का हौसला अफ़ज़ाई करते हुए कहा कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाकर ही दम लेंगे, पूरा हिंदुस्तान आपकी हिम्मत, जज़्बे और बहादुरी को सलाम करता है।

हाजी सैय्यद सलमान चिश्ती गद्दीनशीन-दरगाह अजमेर शरीफ एवं

चेयरमैन चिश्ती फाउंडेशन ने कहा कि हम भारत की वीर सेनाओं और हमारे राष्ट्र की निर्णायक नेतृत्व की शक्ति को ऑपरेशन सिंदूर की साहसी एवं सटीक सफलता पर दिल से बधाईं तथा गहरी कृतज्ञता अर्पित करते हैं। यह अभियान 22 अप्रैल को पहलगाम, कश्मीर में निर्दोष भारतीय नागरिकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के खिलाफ एक प्रचंड और न्यायपूर्ण उत्तर है।

## सीमावर्ती...

सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास बालाकोट, मेंढर, मनकोट, कृष्णा घाटी, गुलपुर, केरनी और पुंछ जिला मुख्यालय से भी गोलाबारी की खबर मिली है जिससे दर्जनों रिहायशी घरों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तानी गोलाबारी में बलविंदर कौर उर्फ रूबी (33), मोहम्मद जैन खान (10), उनकी बड़ी बहन जोया खान (12), मोहम्मद अकरम (40), अमरीक सिंह (55), मोहम्मद इकबाल (45), रंजीत सिंह (48), शकीला बी (40), अमरजीत सिंह (47), मरियम खातून (7), विहान भार्गव (13) और मोहम्मद रफी (40) की मौत हुई है। बारामुला जिले के उरी सेक्टर में सीमा पार से गोलाबारी में पांच नाबालिग बच्चों सहित दस लोग घायल हो गए जबकि राजौरी जिले में तीन अन्य घायल हो गए। कुपवाड़ा जिले के करनाह सेक्टर में गोलाबारी के कारण कई घरों में आग लग गई। दोपहर तक सीमा पार से गोलाबारी तेज रही और बाद में रुक-रुक कर जारी रही जो ज्यादातर पुंछ सेक्टर तक ही सीमित रही। अधिकारियों ने बताया कि भारी गोलाबारी के कारण स्थानीय लोगों को पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुंछ बस स्टैंड पर भी गोलाबारी हुई है, जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि 6 और 7 मई की रात के दौरान पाकिस्तानी सेना ने जम्मू और कश्मीर के सामने नियंत्रण रेखा पार चौकियों से तोपखाने की गोलाबारी सहित मनमानी गोलीबारी का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना आनुपातिक तरीके से जवाब दे रही है। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सैनिकों ने दुश्मन सेना की कई चौकियों को नष्ट कर दिया, जिससे कई सैनिक हताहत हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक पुंछ सहित कुछ सेक्टरों में दोनों पक्षों के बीच सीमा पार से गोलीबारी जारी थी।

## जैश-ए-मोहम्मद...

प्रशिक्षण और प्रचार केंद्र है। जैश-ए-मोहम्मद का यह परिचालन मुख्यालय 14 फरवरी, 2019 के पुलवामा हमले सहित कई आतंकी योजनाओं से जुड़ा हुआ है। 2015 में अफ्रीकी देशों (यूके सहित) से जुटाए गए धन से इसका निर्माण किया गया था।

इस केंद्र का इस्तेमाल जैश-ए-मोहम्मद के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देने, विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने और आतंकी गतिविधियों की योजना बनाने के लिए किया जाता था। इस केंद्र में 600 से अधिक कैडर (आतंकी) रहकर प्रशिक्षण ले रहे थे। सैटेलाइट इमेजरी से पुष्टि हुई है कि मरकज सुभान अल्लाह के प्रशिक्षण शिविर, जिम्नेजियम, स्विमिंग पूल और हथियार डिपो पूरी तरह नष्ट हो गए। भारत के इस हमले ने जैश और आईएसआई को गहरा झटका दिया है, क्योंकि भारत ने 100 किलोमीटर अंदर तक सटीक हमला किया है।

जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख नेता मौलाना मसूद अजहर ने इस केंद्र को आवास बना रखा था। फिलहाल जैश प्रमुख मसूद अजहर को इस्लामाबाद (रावलपिंडी) में पाकिस्तानी अधिकारियों ने सुरक्षात्मक हिरासत में ले रखा है। यहीं पर जैश के वास्तविक प्रमुख मुफ्ती अब्दुल रऊफ असगर और जैश के सशस्त्र विंग का प्रमुख यूसुफ अजहर (उस्ताद घोरी) ने अड्डा बना रखा था। वह रिश्ते में मसूद अजहर का साला भी है। यहीं से आतंकियों को राइफल, रॉकेट लॉन्चर और विस्फोटकों का प्रशिक्षण दिया जाता था। शारीरिक प्रशिक्षण के लिए मार्च, 2018 से जिम्नेजियम, जुलाई, 2018 से स्विमिंग पूल और गहरे पानी में गोताखोरी पाठ्यक्रम चलाया जाता था।

सटीक सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। मरकज सुभान अल्लाह इस ऑपरेशन का प्रमुख लक्ष्य था। यहां पर कट्टरपंथी विचारधारा का धार्मिक प्रशिक्षण देने के लिए मौलाना रफीक उल्लाह 2022 से मुख्य प्रशिक्षक तैनात हैं। मरकज सुभान अल्लाह 2019 के पुलवामा हमले के लिए प्रशिक्षण केंद्र था, जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। इसी के बाद भारत ने बालाकोट में एयर स्ट्राइक की थी। मरकज सुभान अल्लाह को ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय वायु सेना ने स्कैल्प और हैमर मिसाइलों का उपयोग करके तबाह कर दिया।

## भारतीय सेना...

के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है। जय हिंद।''

## पहलगाम ...

हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया।

## अमित...

अध्यक्षता की। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उपराज्यपाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, गुजरात और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और सिक्किम सरकार के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक सहित गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि देश इस आतंकी हमले के गुनहगारों और आतंकवाद के समर्थकों को कड़ा जवाब देगा। गृह मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सीमा, सेना और नागरिकों की ओर आंख उठाने वालों को भारत का मुंहतोड़ जवाब है। बैठक में मौजूद सभी मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री और तीनों सेनाओं का अभिनंदन किया।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज किए बिना ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इसका उचित जवाब दिया है जिससे पूरी दुनिया को कड़ा संदेश गया। विशेष इनपुट के बाद आतंकी शिविरों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर पूरी दुनिया के सामने मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाण है। इस समय देश ने जो एकता दिखाई है, उससे देशवासियों का मनोबल बढ़ा है।

अमित शाह ने कहा कि 6-7 मई की दरम्यानी रात को भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादियों से जुड़े नौ विशिष्ट ठिकानों पर हमला किया और उनके बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए इस हमले में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन और अन्य आतंकवादी संगठनों के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर, हथियार ठिकाने और कैंपों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।

गृहमंत्री ने कहा कि सभी राज्य मॉक ड्रिल के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी तैयारियां करें। अस्पताल, फायर ब्रिगेड आदि आवश्यक सेवाओं के सुचारू संचालन के लिए व्यवस्था की जाए तथा आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गृहमंत्री ने राज्यों से किसी भी स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, होमगार्ड, एनसीसी आदि को अलर्ट पर रखने को कहा है।

अमित शाह ने कहा कि सोशल और अन्य मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवांछित तत्वों द्वारा किए जा रहे राष्ट्र विरोधी दुष्प्रचार पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए और राज्य सरकारों तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय करके त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि निर्बाध संचार बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए और संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा को भी और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने राज्यों से जनता के बीच अनावश्यक भय फैलाने से रोकने और अफवाहों के खिलाफ लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन, सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच समन्वय को और बढ़ाया जाना चाहिए।

## अमित शाह...

और पाकिस्तान की सीमा से सटे 10 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक आपात बैठक की। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। हालांकि ममता बनर्जी ने बैठक के विषयवस्तु पर विस्तार से कुछ नहीं कहा, लेकिन इतना जरूर कहा कि ''हम सब देश के साथ हैं।'' उन्होंने जनता से अपील की कि बिना पुष्टि के किसी भी खबर पर विश्वास न करें। ममता ने कहा, ''भ्रम फैलाने वाली और भड़काऊ खबरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह समय देश को बचाने का है, न कि डर फैलाने का।'' मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि सभी सरकारी दफ्तरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके।

## भारतीय ...

रुपये का उल्लेखनीय व्यय किया है, जो अपने आप में ऐतिहासिक है। बीआरओ ने खुद को सबसे चुनौतीपूर्ण और सुरक्षा के संवेदनशील क्षेत्रों में भी बुनियादी ढांचों के विकास के लिए प्रमुख एजेंसी के रूप में स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी बीआरओ महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कर रहा है। बीआरओ का कार्य विश्व स्तरीय है, जिसका प्रमुख उदाहरण सेला सुरंग है, जिसका उद्घाटन पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने किया था। यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## हमारे...

प्रदान कीं और चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के बारे में समझ को और बढ़ाया। उन्होंने कहा, ल्लभारत ने रिकॉर्ड समय में क्रायोजेनिक इंजन विकसित किए, एक ही मिशन में 100 उपग्रहों को लॉन्च किया और भारतीय लॉन्च वाहनों का उपयोग करके 34 देशों के लिए 400 से अधिक उपग्रहों को सफलतापूर्वक तैनात किया।ङ्क उन्होंने भारत की नवीनतम उपलब्धि इस वर्ष अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को डॉक करने को रेखांकित करते हुए इसे अंतरिक्ष अन्वेषण में एक बड़ा कदम बताया। मोदी ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष दृष्टिकोण वसुधैव कुटुम्बकम के प्राचीन दर्शन में निहित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल अपने विकास के बारे में नहीं है, बल्कि वैश्विक ज्ञान को समृद्ध करने, साझा चुनौतियों का समाधान करने और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के बारे में है। उन्होंने सहयोग के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्र एक साथ सपने देखने, एक साथ निर्माण करने और एक साथ सितारों तक पहुंचने के लिए खड़ा है। उन्होंने विज्ञान और बेहतर भविष्य के लिए सामूहिक आकांक्षा द्वारा निर्देशित अंतरिक्ष अन्वेषण में एक नया अध्याय शुरू करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बारे में नहीं है, बल्कि एक साथ अधिक से अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के बारे में है। उन्होंने मानवता के लाभ के लिए अंतरिक्ष की खोज के सामूहिक लक्ष्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता के दौरान शुरू किया गया जी-20 सैटेलाइट मिशन ग्लोबल साउथ में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। मोदी ने कहा कि आने वाले हफ्तों में, एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक संयुक्त इसरो-नासा मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। उन्होंने भारत के दीर्घकालिक विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि 2035 तक, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन अभूतपूर्व अनुसंधान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने घोषणा की कि 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर अपने पदचिह्न छोड़ेगा और कहा कि मंगल और शुक्र भारत की भविष्य की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं में प्रमुख लक्ष्य बने रहेंगे।

## कर्रेगुट्टा...

किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस नक्सल विरोधी अभियान की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली से सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह इस पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल एवं बस्तर आईजी सुंदरराज पी. मॉनिटरिंग कर रहे हैं। नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।

# पंजाब के पांच जिलों के स्कूल-कालेज और करतारपुर साहिब कॉरिडोर बंद

- अमृतसर हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन बंद
- पंजाब के मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्रम किए रद्द

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर चलाने के बाद पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर गश्त बढ़ा दी है। पंजाब के पांच जिलों में शिक्षण संस्थानों और करतारपुर साहिब कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है।मुख्यमंत्री भगवंत मान और आमआदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हमला कर 26 पर्यटकों की हत्या के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव चल रहा है। केन्द्र सरकार ने कई प्रतिबंध लागू किए गए हैं। बीती रात भारत ने पाकिस्तान स्थित कई आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई की है। इसके बाद पंजाब के अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट, फाजिल्का तथा फिरोजपुर जिलों में सामान्य की भांति आज सुबह बच्चे स्कूलों में आए लेकिन उन्हें वापस भेज दिया गया और स्कूल बंद कर दिए गए। पंजाब सरकार के साथ बातचीत के बाद जिला उपायुक्तों ने शिक्षण संस्थानों में छुट्टी का फैसला लिया। इन जिलों में जो बच्चे हॉस्टलों में रह रहे हैं, उन्हें घर भेजा जा रहा है। इसी बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में बीएसएफ के अधिकारियों ने आपात स्थिति के लिए स्कूलों की इमारतों को खाली रखने के लिए कहा है। अभी तक खुले करतारपुर साहिब कॉरिडोर को भी आज सुबह बंद कर दिया गया है। जिन लोगों ने पहले से ऑनलाइन बुकिंग करवाई हुई थी। उसे रद्द कर दिया गया है। पहलगाम हमले के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी भारी कमी आई है। पंजाब में अमृतसर स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बुधवार को 22 फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया।

### जाखड़ ने मोदी व सेना का जताया आभार,किसानों से धरना स्थगित करने की अपील

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने बुधवार को कहा कि भारतीय सेना ने अपनी वीरता का लोहा मनवाते हुए एक बार फिर आतंकवाद पर कड़ा प्रहार कर उनके ठिकानों को नष्ट करके यह साबित कर दिया कि हम आतंकवाद और अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री जाखड़ ने कहा कि हम अपनी बहादुर सेना को सलाम करते हैं, जिसने आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर मानवता के लिए खतरा बने आतंकवाद पर बड़ा प्रहार किया है। साथ ही, विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमारी सेना को पेशेवर तरीके से लक्ष्य चुनने का अवसर प्रदान किया। श्री जाखड़ ने कहा कि हमारी सेना ने नागरिकों पर हमला करने के बजाय केवल आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर शानदार कार्य किया है। पूरा देश हमारी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं इन विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य की सभी किसान संगठनों और अन्य संगठनों से अपील करता हूं कि वे अपने धरना-प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दें, क्योंकि यह समय दुश्मन का सामना करने का है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने देश और अपनी सेना के साथ खड़े रहें।

## भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व : नीतीश कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की चौतरफा प्रशंसा हो रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया आयी है। उन्होंने भी कहा है कि भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर आज पूरा देश गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास है। सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर नीतीश कुमार ने लिखा ''जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में आतंकवादियों के 09 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है। जय हिंद।''

## ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकी हमले में सुहाग खोने वाली बहनों को न्याय दिलाया : रेखा गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम में आतंकी हमले सुहाग खोने वाली बहनों न्याय दिलाया है। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वे सेनाओं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साधुवाद करती है कि उनकी निर्णायक शक्ति ने देश के 140 करोड़ भारतीयों को सम्मान दिलाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफल के बाद आज भारत में एक संतोष की अनुभूति महसूस की जा रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर कोई भारत को किसी भी तरह से छेड़ने की कोशिश करेगा तो हमारी सेनाएं और सरकार उसको छोड़ेगी नहीं। उन्होंने कहा कि किसी माथे का सिंदूर ना मिटने देंगे, मिटाया तो घर में घुस के मार देंगे। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में मारे गए बेगुनाह 26 लोगों को श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने ये कार्रवाई की है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। भारतीय बलों ने उन आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया है, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया था।

## पतंजलि विश्वविद्यालय, रिसर्च फाउण्डेशन भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग व शिक्षा मंत्रालय के मध्य एमओयू पर हुए हस्ताक्षर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। भारत के प्राचीन गौरवमयी ज्ञान परम्परा के संरक्षण के लिए संकल्पित शोध संस्थान पतंजलि विश्वविद्यालय व पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन (पीआरएफ) एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य परस्पर सहयोग एवं शैक्षणिक समन्वय के लिए एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली की कार्यान्वयन समिति व एनएएसी कार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धि ने हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से आईकेएस प्रभाग के अंतर्गत विविध विषयों पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, कार्यशाला व सम्मेलन आदि के आयोजन के लिए पतंजलि विश्वविद्यालय को आईकेएस केंद्र के रूप में मान्यता दी जा सकेगी। साथ ही पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध शोध संस्थान पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर किए जा रहे विद्वत्तापूर्ण कार्यों के प्रकाशन और प्रसार के लिए एक संयुक्त परियोजना भी प्रारंभ की जा सकेगी। कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय और पीआरएफटी इस कार्य के निष्पादन में अपनी वैज्ञानिक जनशक्ति का प्रयोग करेंगे। आईकेएस प्रभाग भारतीय इतिहास को समर्पित एक संग्रहालय की स्थापना पर पतंजलि विश्वविद्यालय, आईकेएस केंद्र के साथ मिलकर काम करेगा, जिसमें न केवल पुरातात्विक कलाकृतियां शामिल होंगी, बल्कि ऐतिहासिक ज्ञान, वैज्ञानिक साक्ष्य और भारतीय ज्ञान प्रणाली का व्यापक प्रतिनिधित्व भी होगा। पतंजलि विश्वविद्यालय आईकेएस प्रभाग से पूर्व सहमति और अनुमोदन के साथ भारतीय ज्ञान प्रणाली के आधार पर ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रम या व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी विकसित करेगा। इस अवसर पर प्रो. सहस्त्रबुद्धि ने कहा कि आईकेएस प्रभाग इतिहास, भारतीय दर्शन आदि के अनुशासन के भीतर भारतीय ज्ञान प्रणाली को आगे बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित अनुसंधान में पतंजलि विश्वविद्यालय के साथ सहयोग करेगा। उन्होंने बताया कि आईकेएस प्रभाग पतंजलि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इतिहास-केंद्रित वैज्ञानिक प्रयोगशाला विकसित करेगा, जिसमें भारतीय दर्शन, इतिहास और ज्ञान प्रणालियों के मूलभूत सिद्धांतों का पता लगाने और उनकी व्याख्या करने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग करेगा। साथ ही आईकेएस प्रभाग शोध कार्यों के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करने हेतु अन्य मंत्रालयों के साथ संपर्क में मदद करेगा। कार्यक्रम में आईकेएस. प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. जी. सूर्यनारायण मूर्ति, पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ. मयंक अग्रवाल, पतंजलि हर्बल रिसर्च डिविजन की प्रमुख डॉ. वेदप्रिया आर्या व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविरों में होगी विभिन्न समुदायों की भागीदारी

### योग अच्छी सेहत के साथ देता है भाईचारे का संदेश : डॉ. अवनीश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरिद्वार में आयोजित विभिन्न योग कार्यक्रमों एवं शिविरों में समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। विशेष रूप से मुस्लिम समाज के प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि योग अब धर्म और समुदाय की सीमाओं से परे एक स्वास्थ्य और एकता का माध्यम बन चुका है। राष्ट्रीय आयुष मिशन, हरिद्वार के नोडल अधिकारी डॉ. अवनीश उपाध्याय ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में आयुर्वेद और योग के प्रति आमजन का रुझान तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहाकि हरिद्वार स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों की ओर लोगों का विश्वास बढ़ा है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज में भाईचारे, शांति और समरसता का संदेश भी देता है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, सालियर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन दास ने जानकारी दी कि सालियर में प्रतिदिन आयोजित होने वाले योग शिविरों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी है। योग शिविर में शामिल हुए प्रतिभागियों में से अकरम, शमीमा, कय्यूम और सफीना ने भी अपने अनुभव साझा किए। अकरम बताते हैं कि पहले मैं तनाव, थकावट और नींद की समस्या से परेशान था। योग करने के बाद अब मैं खुद को शांत, सक्रिय और ऊर्जावान महसूस करता हूं। योग ने मेरी दिनचर्या को संतुलित किया है और मानसिक स्थिति को भी बेहतर बनाया है। कयूम का अनुभव भी कुछ ऐसा ही है। वे कहते हैं कि योग से पहले मेरी दिनचर्या अनियमित थी और मैं जल्दी चिड़चिड़ा हो जाता था। अब मैं खुद को बेहतर ढंग से समझ पाया हूं। योग ने आत्मनियंत्रण, अनुशासन और मानसिक स्पष्टता दी है। इन सभी प्रतिभागियों के अनुभव इस बात की पुष्टि करते हैं कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी आधार है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक सुरेश ने कहाकि योग न किसी धर्म से बंधा है और न ही किसी वर्ग से। यह भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत है, जिसे सभी नागरिक आत्मसात कर सकते हैं। हरिद्वार में आयुष विभाग की पहल से सभी वर्गों को जोड़ने की दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। हरिद्वार में इस बार योग दिवस एक स्वस्थ शरीर के साथ-साथ भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का भी प्रतीक बनकर उभरा है।

## संघ, विहिप, अभाविप ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर जताई प्रसन्नता

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके समविचारी संगठनों ने प्रशंसा की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक्स पोस्ट पर 'ऑपरेशन सिंदूर' को ल्पीड़ितों को न्याय दिलाने की शुरुआत बताया और कहा कि न्याय किया गया है। देश इसके साथ है। जय हिन्द, भारत माता की जय। विश्व हिन्दू परिषद ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को हार्दिक बधाई व साधुवाद दिया है। परिषद ने आधिकारिक पोस्ट में कहा कि 'जिहादी पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद कर हमारी जाबांज सेना ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की संप्रभुता से खेलने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में कहा- ' हम ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के सैनिकों द्वारा प्रदर्शित किए गए अभूतपूर्व शौर्य का अभिनंदन करते हैं।

## होटल, सराय में बिना पहचान के किसी भी व्यक्ति के ठहरने पर प्रतिबंध

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जालंधर। पंजाब में जालंधर की पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने बुधवार को एक आदेश जारी कर किसी भी होटल / मोटल / गेस्ट हाउस और सराय आदि का कोई भी मालिक / प्रबंधक किसी भी व्यक्ति / यात्री को उसकी पहचान के बिना समायोजित नहीं करेगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि होटल/मोटल/गेस्ट हाउस एवं सराय आदि में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति/यात्री को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध फोटो पहचान पत्र की स्व-सत्यापित फोटो प्रति रिकार्ड के रूप में रखनी होगी। सम्बन्धित मुख्य अधिकारी द्वारा होटल/मोटल/गेस्ट हाउस एवं सराय आदि में ठहरने वाले व्यक्तियों/यातरियों के सम्बन्ध में सूचना प्रतिदिन प्रातः 10 बजे पुलिस थाने को भेजी जाएगी तथा ठहरने वाले व्यक्तियों/यातरियों के सम्बन्ध में रजिस्टर में दर्ज रिकार्ड को सम्बन्धित पुलिस थाने के मुख्य अधिकारी द्वारा प्रत्येक सोमवार को सत्यापित किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर रिकार्ड पुलिस को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा, जब भी कोई विदेशी किसी होटल/मोटल/गेस्ट हाउस और हॉस्टल में ठहरता है, तो इसकी जानकारी इंचार्ज विदेशी पंजीकरण कार्यालय, पुलिस आयुक्त कार्यालय, जालंधर को दी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक होटल/रेस्तरां/ मोटल/ गेस्ट हाउस और सराय के गलियारों, लिफ्टों, स्वागत काउंटरों और मुख्य प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जाने चाहिए। यदि किसी होटल/मोटल/गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट एवं सराय में कोई संदिग्ध व्यक्ति रुकता/आता है, जो किसी पुलिस मामले में वांछित है या किसी होटल/ रेस्तरां/ मोटल/ गेस्ट हाउस एवं सराय में रुकने/ आने वाले व्यक्ति/ यात्री को किसी अन्य राज्य/जिले की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाता है, तो होटल/ रेस्तरां/ मोटल/ गेस्ट हाउस एवं सराय के मालिक/प्रबंधक की जिम्मेदारी होगी कि वे तत्काल संबंधित पुलिस स्टेशन/पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। एक अन्य आदेश के माध्यम से पुलिस कमिश्नर ने कमिश्नरेट पुलिस जालंधर की सीमा के भीतर वाहन में किसी भी प्रकार के हथियार जैसे बेसबॉल, तेज हथियार, नुकीले हथियार या किसी भी घातक हथियार की आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

## बठिंडा: अज्ञात विमान दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत, नौ घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बठिंडा। पंजाब के बठिंडा जिले के अकलियान कलां गांव में बुधवार तड़के एक अज्ञात विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान हरियाणा के चरखी दादरी के मूल निवासी गोविंद के रूप में हुई है, जो खेत मजदूर के रूप में काम करता था। प्राप्त जानकारी अनुसार विमान आबादी वाले इलाके से करीब 500 मीटर दूर कटे हुए गेहूं के खेतों में तड़के करीब दो बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ। दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर है। पायलट के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। रक्षा कर्मियों और पुलिस टीमों ने दुर्घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है और घटनास्थल पर दमकल की गाड़ियां कार्रवाई में जुट गई हैं। विमान की पहचान के बारे में जिला अधिकारी चुप हैं। उनका कहना है कि घटना पर कोई भी टिप्पणी केवल रक्षा अधिकारी ही जारी करेंगे। रक्षा कर्मियों और पुलिस दलों ने दुर्घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है और दमकल गाड़ियों को कार्रवाई के लिए लगाया गया है। गांव के प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि वे एक दुर्घटनाग्रस्त विमान की तेज आवाज से जागे, जिसने तुरंत आग पकड़ ली। जलते हुए विमान को देखते ही लोग पायलटों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। जैसे ही ग्रामीण विमान की ओर भाग रहे थे, उसमें विस्फोट हो गया और उनमें से कई घायल हो गए। जलते हुए विमान की आग और छर्रों से कुछ ग्रामीण घायल हो गए। पीड़ित को गोनियाना के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घायलों को शहीद भाई मणि सिंह सिविल अस्पताल ले जाया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अधिवक्ताओं ने मनाया जश्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूर्वी चंपारण। विश्व हिन्दू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के तत्वाधान मे बुधवार को कोर्ट परिसर मे अधिवक्ताओ तथा अधिवक्ता लिपिको ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिन्दूर पर जमकर जश्न मनाया और सेना का मनोबल बढाने के लिए जमकर नारे बाजी किया। इस दौरान अधिवक्ताओ ने भगवा और तिरंगा लहराकर सेना के पराक्रम के समर्थन मे प्रदर्शन किया और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई। मौके पर विहिप के बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता ने कहा कि अब तो नगाड़ा बज ही चूका है सीमा पर शैतान का नक्शे पर से नाम मिटा दो पापी पाकिस्तान का। इन्होने सेना का पराक्रम का स्वागत करते कहा कि भारत की आम जनता की जो राय थी वो मोदी सरकार तथा सेना के जवानो ने कर दिखाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उमेद्र वर्मा ने किया। मौके पर शैलेन्द्र कुमार सिंह मनोज कुमार सिंह नरेन्द्र दूबे रवि भूषण वर्मा पवन कुमार गुप्ता आलोक चन्द्र गौतम कुमार गणेश कुमार संजय पटेल मनीष वर्मा रजनीश मिश्रा रजनी कान्त अनिल कुमार सिंह अजय वर्मा शिवेस वर्मा प्रदीप श्रीवास्तव शिवपूजन राऊत तथा अधिवक्ता लिपिक सह विहिप जिलाउपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह राजेन्द्र ठाकुर ध्रुव मिश्रा सुरेश प्रसाद सोना लाल सोनू तथा विहिप के विभाग सेवा प्रमुख जितेन्द्र कुशवाहा गणेश ठाकूर सहित सैकड़ो अधिवक्ता तथा अधिवक्ता लिपिक और विहिप पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर मनाया जश्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अररिया। अररिया बस स्टैंड रोड एसपी कोठी के पास बुधवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भारतीय सैनिकों की ओर से आतंकियों के खिलाफ पाकिस्तान में की गई सैन्य कार्रवाई पर पटाखे फोड़ और नारेबाजी कर जश्न मनाया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और भारतीय सैनिकों के पक्ष में जमकर नारेबाजी की।भारतीय सैनिकों की ओर से की गई ऑपरेशन सिन्दूर की जमकर तारीफ की और पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर नारेबाजी की। पहलगाम में आतंकी हमलों में मारे गए निहत्थे पर्यटकों के मौत पर की गई ऑपरेशन सिन्दूर कार्रवाई के देश की ओर से मृतकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि करार दी। मौके पर बजरंग दल के जिला विधि प्रकोष्ठ के संयोजक अवनीश मिश्रा,बजरंग दल के नगर संयोजक सूरज कुमार, सह संयोजक हर्ष भगत, विशाल कुमार साह, गणेश अग्रवाल, अमित कुमार, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063